शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 128 | गुवाहाटी | मंगलवार, 29 नवंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

शिक्षा मंत्री ने दिए रैगिंग के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश पेज 3
इंडिया गेट पर वीर सावरकर का भव्य पुतला स्थापित करें केंद्र सरकार : संजय राऊत पेज 4
लूटते थे चाचा-भतीजे और बदनाम होती थी इटावा-मैनपुरी की जनता : योगी आदित्यनाथ पेज 5
गहलोत और पायलट की पार्टी को है जरूरत : राहुल पेज 8

पूर्वांचल केশরী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*ऋण, शत्रु और रोग को समाप्त कर देना चाहिए।*

– **आचार्य चाणक्य**

## रैगिंग मामला : गिरफ्तार तीन छात्र न्यायिक हिरासत में, जांच कमेटी गठित



**डिब्रुगढ़ (हि.स.)।** रैगिंग से परेशान डिब्रुगढ़ विश्वविद्यालय के एक छात्र द्वारा इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगाए जाने की घटना को लेकर पूरे राज्य में सनसनी है। पुलिस ने इस मामले में तीन छात्रों को हिरासत में लिया था। बाद में उन्हें गिरफ्तार कर डिब्रुगढ़ सीजेएम कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार डिब्रुगढ़ विश्वविद्यालय के पद्मनाथ गोहाईं बरुवा छात्रावास में रहने वाला छात्र आनंद शर्मा ने रैगिंग से परेशान होकर रविवार देर रात इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल गोहाईं को डिब्रुगढ़ स्थित निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। डिब्रुगढ़ विवि प्रशासन ने आज देर शाम को बताया कि घायल छात्र की स्थिति स्थिर बनी हुई है। उसके इलाज का पूरा खर्च विवि प्रशासन उठाएगा। आवश्यकता हुई तो इलाज के लिए उसे दूसरे राज्य में भी भेजा जाएगा। विवि प्रशासन ने बताया कि इस मामले में पूर्व छात्र राहुल छेत्री और अन्य चार छात्र समेत कुल पांच छात्रों के विरुद्ध विवि प्रशासन द्वारा स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। जबकि 21 छात्रों को छात्रावास एवं क्लास रूम से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, गंभीर रूप से घायल छात्र के परिजनों ने कुल पांच छात्रों को नामजद आरोपित बताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने परिजनों द्वारा दर्ज कराई गयी प्राथमिकी में से एक छात्र समेत तीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। डिब्रुगढ़ जिला उपायुक्त (डीसी) ने घटना की जांच के लिए एडीसी स्तर के पदाधिकारी के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया है। कमेटी की रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा एवं राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए छात्रों से इस तरह की गतिविधियों में शामिल नहीं होने का आह्वान किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से रैगिंग जैसी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बढ़ावा नहीं देने की अपील की है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्वशर्मा ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## श्रद्धा हत्याकांड जैसी घटनाएं तुष्टीकरण की देन : मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा




**अहमदाबाद (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण ही श्रद्धा वाकर जैसी घटनाएं समाज में हो रही हैं। असम के मुख्यमंत्री शर्मा सोमवार को अहमदाबाद में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में श्रद्धा ने महाराष्ट्र पुलिस को जब कहा कि आफताब उसके टुकड़े-टुकड़े कर देगा, तब कांग्रेस की महा वसूली सरकार ने तुष्टीकरण एवं वोट बैंक की राजनीति के लिए आफताब को बचाया, शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कांग्रेस ने देश में जो इको सिस्टम दिया, उसमें लव जिहाद आसानी -शेष पृष्ठ दो पर

## मेघालय : एनपीपी के दो और टीएमसी के एक विधायक का इस्तीफा




**शिलांग।** मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो और विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक विधायक ने सोमवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया जिससे दोनों दलों को झटका लगा है। तीनों ने संबंधित दलों की सदस्यता भी छोड़ दी है। उन्होंने घोषणा की है कि वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। एनपीपी के नेतृत्व वाले मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस में भाजपा सहयोगी है। विधानसभा आयुक्त और सचिव एंड्र्यू सिमोंस ने बताया कि एनपीपी विधायकों फेरलिन सांग्मा, -शेष पृष्ठ दो पर

## हिंदी लोगों को जोड़ती है : ओम बिरला



**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को हिंदी पखवाड़ा-2022 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यक्रम का आयोजन लोक सभा सचिवालय द्वारा संसद भवन परिसर में किया गया था। विजेताओं को बधाई देते हुए बिरला ने कहा कि हिंदी पखवाड़ा हिंदी भाषा का उत्सव है। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा लोगों को जोड़ती है। भाषाई विशिष्टता को पहचान का सबसे महत्वपूर्ण आधार बताते हुए बिरला ने कहा कि भाषाई विविधता भारत की ताकत है। उन्होंने कहा कि भाषाएं हमें एक दूसरे के साथ भावनात्मक निकटता बनाने और राष्ट्र को एकजुट करने में मदद करती हैं। लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका और दायित्वों का उल्लेख करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोक सभा सचिवालय के कर्मचारियों की संसद सदस्यों द्वारा क्षमता अनुसार उनकी भाषा में उनके कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण दायित्व है। बिरला -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### छह दिनों से ठप एम्स का सर्वर, हैकर्स ने मांगे 200 करोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली से हैकर्स ने कथित तौर पर क्रिप्टोकरेंसी में करीब 200 करोड़ रुपए की मांग की है जिसका सर्वर लगातार छठे दिन खराब रहा। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सेंधमारी का बुधवार को सुबह पता चला था। आशंका जताई जा रही है कि सेंधमारी के कारण लगभग 3-4 करोड़ मरीजों का डेटा प्रभावित हो सकता है। सूत्रों ने कहा कि सर्वर डाउन होने के कारण आपातकालीन इकाई में रोगी देखभाल सेवाएं, बाह्य रोगी, भर्ती रोगी और प्रयोगशाला अनुभाग को कागजी रूप से प्रबंधित किया जा रहा है। भारतीय कंप्यूटर -शेष पृष्ठ दो पर

### 18 वर्षों से अधिक को बूस्टर के तौर पर लगेगी इंट्रानैसल वैक्सीन

**हैदराबाद।** भारत बायोटेक की कोविड-19 इंट्रानैसल वैक्सीन *इनकोवैक* (बीबीवी154) को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा आपातकालीन स्थिति मे इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी गई है। संगठन के द्वारा 18 वर्ष या उउसे अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए बूस्टर खुराक के रूप में इसके इस्तेमाल की अनुमति दी है। कंपनी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। वैक्सीन -शेष पृष्ठ दो पर

### प्रदर्शन करने के अधिकार का सम्मान करना सीखे चीन : यूएन

**संरा।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने चीन से देश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान करने का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र ने चीनी सरकार से केवल शांतिपूर्ण आंदोलन में भाग लेने के लिए लोगों को हिरासत में नहीं लेने के लिए कहा कि क्योंकि बीजिंग विरोध प्रदर्शनों और प्रदर्शनों की राष्ट्रव्यापी श्रृंखला को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। समाचार एजेंसी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रवक्ता जेरेमी -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली नगर निगम चुनाव प्रचार में असम भाजपा के 40 सदस्य



**गुवाहाटी (हि.स.)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के झूठ, भ्रष्टाचार और अधिनायकवाद के खिलाफ एक स्वच्छ और विकसित दिल्ली के वादे के साथ भाजपा दिल्ली नगर निगम चुनावों में पूर्ण जीत की राह पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता केजरीवाल के तमाम झूठे प्रचार को उखाड़ फेंककर फिर से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त विकासशील नगर निगम बनाने के लिए कृतसंकल्प है। दिल्ली निगम चुनाव प्रचार के दौरान असम में भाजपा की ओर से दिल्ली नगर निगम के चुनाव में विशेष जिम्मेदारी लेने और दिल्ली नगर निगम -शेष पृष्ठ दो पर

## संवेदनशील इलाकों में सीमा चौकियां बनेंगी : सांग्मा



**शिलॉन्ग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के सांग्मा ने असम के साथ जारी सीमा विवाद के बीच बड़ा फैसला किया है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह मुकरोह में हुई हिंसा के बाद राज्य सरकार ने अंतर-राज्यीय सीमा से लगे संवेदनशील इलाकों में सीमा चौकियां स्थापित करने का फैसला किया है। इस बीच राज्य की राजनीति में बड़े उलटफेर देखने को मिले। यहां मेघालय के तीन विधायकों ने इस्तीफा दे दिया। इसमें एनपीपी के दो और टीएमसी का एक विधायक शामिल है। तीनों ने विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफा सौंपा है। मुख्यमंत्री ने जयंतिया हिल्स के स्थानीय विधायकों की सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस फैसले की घोषणा की। मुकरोह में गोलीबारी की घटना में एक वन रक्षक और पांच स्थानीय ग्रामीणों की मौत हो गई थी। इस बीच राज्य सरकार ने 22 नवंबर को मुकरोह में हुई गोलीबारी से प्रभावित खासी जयंतिया हिल्स क्षेत्र में सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को रोकने के आदेश को सोमवार को वापस ले लिया। असम-मेघालय सीमा से लगे विवादित क्षेत्र में भारी सुरक्षा बल तैनात हैं। हिंसा वाले स्थान और आसपास के इलाकों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत प्रतिबंध भी जारी है। वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में 22 नवंबर को दोनों राज्यों के बीच विवादित सीमा के पास मुकरोह गांव में हिंसा भड़क उठी थी, जब -शेष पृष्ठ दो पर

## आफताब को ले जा रही गाड़ी पर तलवार से हमला



**नई दिल्ली।** श्रद्धा मर्डर में सोमवार को बड़ा मोड़ तब आ गया जब आफताब की गाड़ी पर लोगों ने हमला कर दिया। सोमवार को हुए इस हमले के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई। मिल रही जानकारी के हिसाब से पुलिस की गाड़ी पर यह हमला कुछ लोगों ने तलवार लेकर शाम को किया। यह हमला रोहिणी में एफएसएल के बाहर किया गया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपितों को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही उनकी तलवार भी जब्त कर ली गई है। श्रद्धा केस में आफताब का पालीग्राफ टेस्ट किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को हुए पालीग्राफ टेस्ट के बाद आफताब को ले जा रही पुलिस वैन पर मधुबन चौक के पास कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हाथों में तलवार लिए लोगों ने वैन का पीछे का दरवाजा खोल दिया। वैन पर तलवार से हमले भी किए गए। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने पिस्टल निकाली व गाड़ी को रवाना किया। कुछ -शेष पृष्ठ दो पर

## फ्रंटियर नगालैंड की मांग, ईएनपीओ नेताओं से मिलेंगे गृहमंत्री

**नई दिल्ली/ कोहिमा।** नगालैंड में फ्रंटियर नगालैंड के रूप में एक अलग राज्य की मांग उठी है। इसे लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स आर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) के नेताओं को बैठक के लिए बुलाया है। यह बैठक तीन दिसंबर को दिल्ली में होगी। ईएनपीओ के सचिव डब्ल्यू मनवांग कोन्याक ने सोमवार को बताया कि उन्हें गृह मंत्री शाह की ओर से बैठक के न्योते का एक पत्र मिला है। इस बैठक में संगठन की ओर से 11 सदस्यीय एक दल दिल्ली जाएगा।

## विज्ञापनों में 100 प्रतिशत वृद्धि की जाए : जा

**गुवाहाटी।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ असम (जा) की एक महत्वपूर्ण कार्यकारी बैठक आज अध्यक्ष और प्रख्यात पत्रकार बुद्धिजीवी धीरेंद्र नाथ चक्रवर्ती की अध्यक्षता में हुई। जा के महासचिव डालिम फुकने ने बैठक के उद्देश्य की एक लंबी रिपोर्ट पेश की, जिसमें राज्य के गिने-चुने पत्रकारों की समस्याओं और उनके समाधान के लिए पत्रकार संगठनों की भावी रणनीति के बारे में बताया। बैठक में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मुख्य सलाहकार भूपेन गोस्वामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने मीडिया में उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर पत्रकारिता के सिद्धांतों को बेहतर बनाने के लिए सभी से लगन से काम करने का आग्रह किया। सभा में मयूख गोस्वामी, संदीप शर्मा, प्रांजल बरदलै, सुनील बोरा, मानस प्रतीम हजारिका, सुदीप शर्मा चौधरी, कुमार नृपेंद्र राजवंशी, परमानंद डेका, गीता सहरिया, तृष्णा दलै पेगू, पूजा शर्मा, गीतिमालिका राभा, सबिन डेका अपनी-अपनी अनुभूति से पत्रकार और पत्रकारिता माध्यम के कल्याण के लिए विभिन्न परामर्श दिए। आज की कार्यकारी बैठक में पत्रकारों और मीडिया के दबाव वाले मुद्दों पर चर्चा की गई और अनेक प्रस्तावों को ग्रहण किया गया। गया। बैठक में न्यूजप्रिंट पर जीएसटी सहित मुद्रित सामग्री की कीमत में 100 प्रतिशत की वृद्धि सहित अनेक समूहों द्वारा सामना की जाने वाली गंभीर समस्याओं -शेष पृष्ठ दो पर

## पुलिस थाने पर हमला अस्वीकार्य तीन हजार लोगों पर केस



**तिरुवनंतपुरम।** विझिंजम इलाके में रविवार की रात अदाणी पोर्ट प्रोजेक्ट के निर्माण के विरोध के दौरान एक पुलिस स्टेशन पर भीड़ ने हमला किया। राज्य की वामपंथी सरकार ने इस हमले को अस्वाकार्य करार दिया है। वहीं लैटिन कैथोलिक चर्च ने दावा किया है कि इसके पीछे बाहरी ताकतें थीं। उसने इसकी न्यायिक जांच की मांग की। उधर, पुलिस ने इस मामले में दंगा और आपराधिक साजिश के आरोपों के तहत तीन हजार से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सत्तारूढ़ माकपा ने कहा, तटीय क्षेत्र में हिंसा की हालिया घटनाएं निंदनीय हैं। पार्टी ने दावा किया कि निहित स्वार्थों के साथ कुछ *रहस्यमयी ताकतें* वहां दंगा जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। माकपा राज्य सचिवालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, विरोध के नाम पर कुछ लोग -शेष पृष्ठ दो पर

http://www.
देश-विदेश की छोटी-बड़ी खबरों के लिए देखें :
विकसित भारत समाचार
E-Paper : www.goodluckpublications.com
www.vbslive.in

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# पीएम को मारने की धमकी देने का आरोपी उप्र से गिरफ्तार

**अहमदाबाद ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को जामनगर में हुई सभा के दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गुजरात एटीएस ने उत्तरप्रदेश के बदायूं से अमन सक्सेना नामक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने एक युवती और उसके प्रेमी को फंसाने के लिए यह साजिश रची थी। इसके लिए उसने युवती के प्रेमी के नाम पर आईडी बनाकर उसके जरिए पीजी पोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं युवक ने दिल्ली में केंद्रीय सचिवालय इमारत में धमाका करने की भी धमकी दी थी। किसी को इस पर शक ना हो इसलिए इसने ईमेल में युवती और खुद का नाम साजिशकर्ता के रूप में भी लिखा। आरोपित युवक ने आईआईटी मुंबई से बीटेक की पढ़ाई की है। एटीएस की जांच में सामने आया कि आरोपित एक युवती से प्रेम करता था लेकिन युवती किसी अन्य युवक से प्रेम करती थी। इस पर युवक ने उस युवती को बदनाम करने की साजिश के तहत युवती के प्रेमी युवक के नाम से फर्जी ई-मेल आईडी तैयार की। 29 सितंबर से 25 नवंबर के दौरान आरोपित ने करीब 12-15 मेल पीजी पोर्टल पर किए थे। इसकी जांच के दौरान एटीएस ने आरोपित का लोकेशन ट्रेस कर उसे बदायूं से पकड़ लिया। उसके विरुद्ध एटीएस ने आईटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है और कार्रवाई शुरू की है।

## शिक्षा मंत्री ने कछार के कई स्कूलों का किया दौरा

**कछार ( हि.स. )।** राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ. रोनोज पेगू सोमवार को एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर पहुंचे। सबसे पहले तारापुर स्थित प्रसिद्ध स्कूल रामकुमार नंदी पाठशाला का दौरा किया। दौरा के दौरान, मंत्री ने शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ बातचीत की और स्कूल के बुनियादी ढांचे और शैक्षिक वातावरण का जायजा लिया। इसके बाद मंत्री ने सिलचर विधानसभा क्षेत्र के तहत मॉडल स्कूल के रूप में बनने वाले श्यामचरण देव विद्यापीठ हाई स्कूल में एक नए स्कूल भवन की आधारशिला रखी। उल्लेखनीय है कि इस नए स्कूल भवन के लिए वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए अनबाउंड फंड से 40 लाख रुपये की प्रारंभिक लागत निर्धारित की गई है। इस अवसर पर सिलचर के सांसद डॉ. राजदीप रॉय और विधायक दीपायन चक्रवर्ती उपस्थित थे। मंत्री ने करीमगंज के बदरपुर में एक प्रमुख शिक्षण संस्थान महादेव हायर सेकेंडरी स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में सांसद कृपानाथ मल्लाह के साथ एक समारोह में भी भाग लिया। शिक्षा मंत्री ने राज्य में शिक्षा क्षेत्र में संस्थान द्वारा प्रदान की गई 50 वर्षों की शानदार सेवा की सराहना की।

# गुवाहाटी की गुंजन सिंहा ने जीती झलक दिखला जा-10 की ट्रॉफी



**गुवाहाटी ( विभास )।** असम के गुवाहाटी की रहने वाली आठ वर्षीय गुंजन सिंहा को डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 10 का विजेता घोषित किया गया है। गुंजन और उसके पार्टनर तेजस वर्मा ने ट्रॉफी जीती है और उन्हें 20 लाख रुपये का चेक भी दिया गया है। डांस दीवाने जूनियर्स समेत अन्य डांस रियलिटी शो में भाग ले चुकी गुंजन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं शो से बहुत कुछ वापस ले रही हूं। शो के दौरान बिताए गए पल और यादें हमेशा मेरे साथ रहेंगी। मेरे साथी तेजस वर्मा और कोरियोग्राफर सागर बोरा मुझे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते रहे। उसने कहा कि मैंने जजों से बहुत कुछ सीखा और डांस के मामले में माधुरी मैम हमेशा से मेरी आदर्श रही हैं। गुंजन ने यह भी कहा कि शुरूआत से ही उनका पसंदीदा डांस फॉर्म हिप-हॉप रहा है और उन्हें पांच साल की उम्र से ही डांस करने का शौक रहा है। वह अब डांस को करियर बनाना चाहती हैं। झलक दिखला जा 10 के फिनाले में कंटेस्टेंट्स ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रस्तुत किया। वहीं फिनाले में गेस्ट के तौर पर फिल्म भेड़िया के प्रचार के लिए वरुण धवन और कृति सेनन पहुंचे। कृति और माधुरी दोनों ने लज्जा के गाने बड़ी मुश्किल है पर किया डांस। वहीं सलमान खान और माधुरी दीक्षित ने उनकी फिल्म हम आपके हैं कौन के एक सीन को रीक्रिएट किया। वहीं इस दौरान रुबीना दिलायक, फैसल शेख, निशांत भट, गुंजन सिंहा और श्रीति झा समेत पांच कंटेस्टेंट्स एक दूसरे के साथ मुकाबला करते देखे गए। डबल एलिमिनेशन के बाद श्रीति और निशांत बाहर हो गए। जबकि गुंजन, फैसल और रुबीना को जजिज के द्वारा विजेता घोषित किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, झलक दिखला जा 10 का प्रीमियर 3 सितंबर को 15 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स के साथ शुरू हुआ था। शो को बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित, फिल्म निमार्ता करण जौहर और अभिनेत्री नोरा फतेही ने जज किया था। जबकि कॉमेडियन मनीष पॉल ने शो को होस्ट किया था। झलक दिखला जा 10 कलर्स पर प्रसारित होता है।

## सांसद अजमल और विधायक रहमान के खिलाफ प्रदर्शन

**धुबड़ी ( हि.स. )।** धुबरी लोकसभा क्षेत्र के सांसद मौलाना बदरउद्दीन अजमल और गौरीपुर निर्वाचन क्षेत्र से एआईयूडीएफ पार्टी के विधायक निजानुर रहमान के खिलाफ सोमवार को जमकर प्रदर्शन किया गया। एआईयूडीएफ पार्टी प्रमुख व धुबरी लोकसभा सांसद बदरुद्दीन अजमल तथा गौरीपुर के विधायक निजानुर रहमान ने चुनाव से पहले लोगों से सड़क बनवाने का वादा किया था लेकिन लोगों का आरोप है कि चुनाव जीतने के बाद दोनों नेता क्षेत्र में नहीं आए। जर्जर सड़क का विकास नहीं हुआ है। बाघमारा क्षेत्र के छात्र और आम नागरिकों ने आज जमकर विरोध प्रदर्शन किया। यह इलाका धुबरी जिला के गौरीपुर पुलिस स्टेशन के तहत बाघमारा का इलाका है। इस क्षेत्र में जहां लगभग 3,000 परिवार रहते हैं, यातायात तक कोई पहुंच नहीं है। बीमार लोगों को इलाज के लिए साइकिल, रिक्शा या ऑटो में ले जाना पड़ता है। नेताओं का विरोध करने वालों ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आने पर नेता विकास का ढोल बजाते हैं लेकिन चुनाव के बाद सबकुछ भूल जाते हैं।

# लाचित केवल असम के ही नहीं, पूरे भारत के गौरव व स्वाभिमान हैं : धीरेन शर्मा

**तेजपुर/विश्वनाथ ( निसं )।** वीर सेनापति लाचित बरफूकन की 400 वी जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को पूर्वोत्तर हिंदी साहित्य अकादमी, तेजपुर की ओर से गूगल मीट पर काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुवाहाटी से असमिया साहित्यकार धीरेन शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रुप में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर छ.ग.के सहायक प्रोफेसर डॉ. आरती पाठक तथा वक्ता के रूप में गुवाहाटी असम से असमिया लेखिका रीतामणि डेका भराली उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की संस्थापिका रीता सिंह सर्जना की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ। सचिव कल्पना देवी आत्रेय के कुशल संचालन में पूजा सुनुवार के सरस्वती वंदना से काव्य संध्या की शुरूआत हुई। लाचित दिवस के अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए कवियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। वरिष्ठ कवि शंकरलाल पारीख, डॉ.अनीता पंडा, सीमा सिंह स्वस्तिका, किशोर अग्रवाल, दिल्स लक्ष्मीन्द्र सिंहा, अन्नापूर्णा बाजपेयी, सैयदा अनोवारा खातुन, स्मिता धिरासरिया, पूजा सुनुवार, हेमलता गोलछा, गीता द्विवेदी, कल्पना देवी आत्रेय। साथ ही श्रोता के रूप में ममता गिनोड़िया उपस्थित थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान असमिया साहित्यकार धीरेन शर्मा ने लाचित के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लाचित केवल असम के ही नहीं संपूर्ण भारत का गौरव है, स्वाभिमान है। उनकी निष्ठा, देशप्रेम, नैतिकता और मानवता से आज की युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर छ.ग. से सहायक प्रोफेसर डॉ. आरती पाठक ने कहा कि लाचित बरफूकन पूर्वोत्तर के ऐसे वीर योद्धा जो महाराणा प्रताप और शिवाजी के समकालीन होते हुए भी 400 साल पीछे जाना और गुमनामी में एक प्रश्न चिन्ह छोड़ता है। मुख्य वक्ता रीतामणि डेका भराली ने भी लाचित के वीरता के बारे में बताते हुए कहा कि लाचित साहस का प्रतिक है। हम जिस प्रकार अहिल्याबाई, महाराणा को जानते हैं। वैसे भारतवर्ष में लाचित को भी लोग जाने। हिंदी सेवी संतोष कुमार महतो ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने चारो तरफ प्रचार प्रसार करते हुए युवाओं में लाचित के देशभक्ति और प्रेरणा जगाने जैसे सराहनीय कार्य किया।जिसे स्वर्ण अक्षरो से लिखने को भारत सरकार दायवद्ध रहेगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्थापिका रीता सिंह सर्जना ने लाचित दिवस पर सरकार द्वारा सराहनीय कार्य हेतु आभार व्यक्त किया और कहा कि आज भी लाचित बरफूकन प्रासंगिक है उनकी बहादुरी, साहस और देशप्रेम से आज की युवाओ को प्रेरणा लेने की जरुरत है साथ ही साथ जन-जन तक उनकी शौर्य गाथा को पहुंचाने के लिए हमे कार्य करने होंगे। अंत में हेमलता गोलछा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# पूसीरे की कामाख्या-सियालदह और न्यू जलपाईगुड़ी सांतरागाछी के बीच स्पेशल ट्रेनों की सेवा का विस्तार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने कामाख्या-सियालदह-कामाख्या और न्यू जलपाईगुड़ी-सांतरागाछी-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेनों की सेवा को अन्य पांच ट्रिपों के लिए जारी रखने का निर्णय लिया है। ये विशेष ट्रेनें 02 से 31 दिसंबर तक अपने मौजूदा समय, ठहराव और संयोजन के साथ अपनी सेवा जारी रखेंगी। यह अतिरिक्त सेवा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने में मददगार होगी। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने सोमवार को एक बयान में बताया है कि 02 से 30 दिसंबर तक सभी शुक्रवारों को ट्रेन संख्या 03173 (सियालदह-कामाख्या) एसी स्पेशल का परिचालन करने के लिए सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। यह ट्रेन सियालदह से 23.50 बजे रवाना होकर अगले दिन कामाख्या 17.45 बजे पहुंचती है। वापसी दिशा में, 03 से 31 दिसंबर तक सभी शनिवारों को ट्रेन संख्या 03174 (कामाख्या-सियालदह) एसी स्पेशल का परिचालन करने के लिए सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। यह ट्रेन कामाख्या से 23.15 बजे रवाना होकर अगले दिन सियालदह 22.40 बजे पहुंचती है। इसके अलावा, 02 दिसंबर से 30 दिसंबर तक सभी शुक्रवार को ट्रेन संख्या 08047 (सांतरागाछी-न्यू जलपाईगुड़ी) स्पेशल का परिचालन करने के लिए सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। यह ट्रेन सांतरागाछी से 18.00 बजे रवाना होकर अगले दिन न्यू जलपाईगुड़ी 05.15 बजे पहुंचती है। वापसी दिशा में, 03 से 31 दिसंबर तक सभी शनिवार को ट्रेन संख्या 08048 (न्यू जलपाईगुड़ी-सांतरागाछी) स्पेशल का परिचालन करने के लिए सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी से 12.15 बजे रवाना होकर उसी दिन सांतरागाछी 23.45 बजे पहुंचती है। इन सेवाओं से कोलकाता जाने वाली अन्य ट्रेनों के प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों की मांग पूर्ति होगी क्योंकि वे कन्फर्म्ड टिकट के साथ आराम से यात्रा कर सकेंगे। अवसंरचनात्मक विकास कार्य के लिए ट्रेनें रद्द : पूर्व रेलवे में आसनसोल मंडल के अंडाल स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 29 नवंबर को कामाख्या से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 15662 कामाख्या-रांची एक्सप्रेस और 30 नवंबर को रांची से रवाना होने वाली ट्रेन संख्या 15661 रांची-कामाख्या एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# पृष्ठ एक का शेष

## रैगिंग मामला : गिरफ्तार ...

डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में एक रैगिंग का मामला सामने आया है, जिसमें एक छात्र छात्रावास की इमारत से कूद गया। माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर असम के सीएम ने ट्वीट किया, यह पता चला है कि डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के एक छात्र को रैगिंग के एक मामले में चोट लगी है। एक करीबी नजर रखी गई थी और जिला प्रशासन के साथ अनुवर्ती कार्रवाई का समन्वय किया गया था। प्रयास आरोपी को पकड़ने के लिए पीड़िता को चिकित्सा देखभाल प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों से अपील, रैगिंग को ना कहें। रैगिंग के शिकार छात्र आनंद शर्मा वाणिज्य विभाग के पहले सेमेस्टर का छात्र बताया गया है। घटना के विरोध में सोमवार को विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने प्रशासन से घटना में शामिल सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

## श्रद्धा हत्याकांड जैसी...

से फैल रहा था। उन्होंने कहा कि देश में लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून लागू करने की जरूरत है। उन्होंने यह कानून देश में भाजपा के सिवाय अन्य कोई दल नहीं ला सकता है। साथ ही उन्होंने देश में समान नागरिक संहिता भी लागू करने की जरूरत बताई। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दोषी बताते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में नेहरू ने ही समान नागरिक संहिता को लागू नहीं होने दिया। शर्मा ने दावा किया कि वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। इस विधानसभा चुनाव में गुजरात में भाजपा को 150 से ज्यादा सीटें और आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगीं। शर्मा ने कहा कि गुजरात में 2022 में होने वाला विधानसभा चुनाव सिर्फ गुजरात का चुनाव नहीं है बल्कि यह साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है।

## मेघालय : एनपीपी के ...

बेनेडिक मारक और टीएमसी के एच एम शांगप्लियांग ने विधानसभा अध्यक्ष मेटबाह लिंगडो को अपना इस्तीफा सौंप दिया, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। मावसिनराम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले शांगप्लियांग ने कहा कि वे तीनों जल्द ही भाजपा में शामिल होने के लिए दिल्ली जाएंगे। शांगप्लियांग पिछले साल कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि हमने आज इस्तीफा दे दिया। हम भाजपा में शामिल होंगे। राज्य के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की जरूरत है। मेघालय के लोगों, विशेषकर किसानों और युवाओं को राज्य में विकास के लिए प्रधानमंत्री के प्रयास में उनका समर्थन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा का मुख्यमंत्री ही लोगों का कल्याण और पूर्वोत्तर के इस राज्य की प्रगति सुनिश्चित कर सकता है। फेरलिन सांग्मा सेलसेला से विधायक थे और मारक रक्समग्रे का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस कदम का स्वागत करते हुए भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने पहचान जाहिर नहीं करने की शर्त पर कहा कि तीनों अगले महीने के पहले सप्ताह में भाजपा में शामिल होंगे। भाजपा नेता ने कहा कि उन्होंने (इस्तीफा देने वाले विधायकों) महसूस किया है कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो राज्य के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। तीन विधायकों के इस्तीफे के बाद 60 सदस्यीय विधानसभा में सदस्यों की संख्या घटाकर 57 हो गई है। वर्तमान में, एनपीपी के सदन में 21 सदस्य, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के आठ विधायक, भाजपा के दो विधायक हैं। वहीं, टीएमसी के 11 विधायक हैं।

## दिल्ली नगर निगम...

के विभिन्न वार्डों में चुनावी रैलियों में हिस्सा लेने वाले प्रदेश भाजपा उन्होंने एक बयान में कहा है कि इस बार केजरीवाल का जाना तय है। भाजपा के निर्देशानुसार असम प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता, पार्टी के प्रवक्ता सुभाष दत्ता, लक्ष्य कोंवर, सैयद मोमिनुल अवाल, रत्ना सिंह, टुइना बरबरूवा, विशिष्ट गायक सीमांत शेखर, विद्या सागर बोरा, किसान नेता मृणाल सैकिया, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष त्रिदिपज्योति मोरान, प्रदेश महिला मोर्चा उपाध्यक्ष धृतिमाला डेका और गुवाहाटी नगर निगम परिषद के मनोज कुमार नाथ समेत 40 सदस्यीय एक टीम चुनाव प्रचार को धार देने के लिए पहुंची हुई है। असम भाजपा की टीम उम्मीदवारों के समर्थन में डोर-टू-डोर प्रचार, विभिन्न समितियों की बैठक में भाग लेकर चुनाव प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। असम भाजपा प्रवक्ता मानस डेका और दिल्ली भाजपा के उत्तर पूर्व समन्वयक गीतातजी भुइयां के नेतृत्व में असम भाजपा टीम असमिया प्रभाव वाले इलाके द्वारका बी वार्ड में प्रागज्योतिषपुर अपार्टमेंट और बसंत कुंड काबेरी अपार्टमेंट में चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा उम्मीदवार और पूर्व मेयर कमलजीत सातार और राकेश गुलिया के समर्थन में प्रचार किया। इससे पहले असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने एक विशाल रोड शो में भाग लिया और केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने दिल्ली नगर निगम के विभिन्न बार्डों की चार बैठकों में भाग लिया और प्रचार किया।

## संवेदनशील इलाकों में ...

असम के वन रक्षकों द्वारा कथित रूप से अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से लदे एक ट्रक को रोका गया था। मेघालय में सत्तारूढ़ एनपीपी के दो और विपक्षी तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक ने सोमवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। विधानसभा आयुक्त और सचिव एंड्रयू सिमोंस ने बताया कि एनपीपी विधायक फेरलिन सांग्मा, बेनेडिक मारक और टीएमसी के एचएम शांगप्लियांग ने दिन में विधानसभा अध्यक्ष मेटबाह लिंगडो को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने अपनी-अपनी पार्टियों की सदस्यता भी छोड़ दी है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नेता अगले महीने एनपीपी के नेतृत्व वाले मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस में सहयोगी भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

## हिंदी लोगों को जोड़ती ...

ने इस बात की सराहना की कि संविधान की 8वीं अनुसूची में वर्णित भाषाई विविधता लोक सभा सचिवालय के कर्मचारियों के प्रयासों से नियमित रूप से सुस्थित है। बिरला ने महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित स्वभाषा, स्वदेशी और स्वराज के तीन सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम ने स्वदेशी भाषाओं, विशेष रूप से हिंदी को हमारे सामूहिक संघर्ष की नींव के रूप में स्थापित किया। उन्होंने आजादी के बाद देश में आए सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण में हिंदी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि अमृत काल में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में समर्पित प्रयासों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

## आफताब को ले ...

लोग पुलिस वैन को रोक कर हमला करते दिख रहे हैं और दूसरी वीडियो में एक पुलिस वाला वहां मौजूद उग्र लोगों को समझाते हुए नजर आ रहा है। फिलहाल आफताब पुलिस कस्टडी में पूरी तरह सुरक्षित है। उसे किसी तरह की चोट नहीं लगी है। बता दें कि दिल्ली के चर्चित और दिलदहला देने वाले मर्डर केस में आरोपी आफताब की क्रूरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है वह मर्डर करने के बाद श्रद्धा के उसने 35 टुकड़े कर दिए थे। इसके बाद उसने उसे फ्रिज में छिपा कर रखा और उसकी महक को दबाने के लिए अगरबत्ती और परफ्यूम का इस्तेमाल लगातार कर रहा था। मुंबई की श्रद्धा वालकर मर्डर केस में दिल्ली पुलिस ने 12 नवंबर को उसके लिव इन पार्टनर आफताब को हिरासत में लिया था।

## विज्ञापनों में 100...

पर चर्चा हुई। 2014 के बाद सर्कुलर विज्ञापनों में नकारात्मक वृद्धि पर गहरी चिंता व्यक्त की और सर्कुलर द्वारा इन विज्ञापनों में 100 प्रतिशत वृद्धि की मांग का प्रस्ताव लिया गया। इसके अलावा, मीडिया परिषद समाचार मीडिया और पत्रकारों के काम की निगरानी करने के लिए, पत्रकार संरक्षण कानून बनाने के लिए, असम पत्रकार कल्याण कोष के कार्य कोष में 100 करोड़ रुपए की वृद्धि करने, पत्रकार पेंशन में 20 हजार रुपए की वृद्धि करने के साथ हर साल 30 पत्रकारों को पेंशन दिया जाय। इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और सूचना एवं जनसंपर्क तथा संसदीय कार्य विभाग मंत्री पीयूष हजारिका को ज्ञापन देने का भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया। बैठक में पूर्वोत्तर के पत्रकारों के 14वें राज्य सम्मेलन के संयोजन में गुवाहाटी में फरवरी के दूसरे सप्ताह में पत्रकारों की कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## पुलिस थाने पर...

तटीय इलाकों में संघर्ष पैदा करने के लिए हिंसा का सहारा ले रहे हैं और राज्य सरकार को इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। दूसरी ओर, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने विझिंजम में हिंसा को लेकर राज्य सरकार को दोषी ठहराया। यूडीएफ ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने 15 कैथोलिक पादरियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर प्रदर्शनकारियों को जानबूझकर हिंसा के लिए उकसाया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीसन ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बात करते हुए सवाल किया, विरोध प्रदर्शन करने वाले पादरियों को हिंसा के लिए जवाबदेह ठहराया जा रहा है, तो क्या केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और माकपा के राज्य सचिव एम.वी. गोविंदन को उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के विरोध और अन्य कार्यों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए? कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि वे अपने अहंकार को दूर रखें और विरोध करने वाले मछुआरों के साथ सीधे संवाद करें ताकि उन्हें आंदोलन खत्म करने के लिए मनाया जा सके। वहीं, केरल के बंदरगाह (पोर्ट) मंत्री अहमद देवरकोविल ने कहा, विरोध के संबंध में सरकार अब तक बहुत धैर्यवान रही है, लेकिन अगर आंदोलन आपराधिक प्रकृति को अपना लेता है, जहां पुलिसकर्मियों पर हमला किया जाता है और वे घायल हो जाते हैं, उनकी संपत्ति नष्ट हो जाती है, तो यह अस्वीकार्य है। मंत्री ने कहा कि केरल जैसे धर्मनिरपेक्ष राज्य में हम किसी भी तरह के सांप्रदायिक संघर्ष की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने दावा किया कि भीड़ ने उन लोगों के घरों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया जो उनके समुदाय के नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि हम राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव को सुनिश्चित करने के लिए किसी भी हद तक जाएंगे। वहीं, विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा के मामले में तीन हजार से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दंगा और आपराधिक साजिश के आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस स्टेशन में तोड़फोड़ करने और पुलिसकर्मियों को घायल करने के आरोप में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हिंसा में चालीस से ज्यादा पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों के घायल होने की सूचना है।

## छह दिनों से ठप ...

आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन), दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि रैंसमवेयर हमले की जांच कर रहे हैं। रैंसमवेयर हमले के कारण कंप्यूटर तक पहुंच बाधित हो जाती है और पहुंच देने के लिए हैकर धन की मांग करते हैं। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) इकाई द्वारा 25 नवंबर को जबरन वसूली और साइबर आतंकवाद का मामला दर्ज किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जांच एजेंसियों की सिफारिशों पर अस्पताल में कंप्यूटर पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। एम्स के सर्वर में पूर्व प्रधानमंत्रियों, मंत्रियों, नौकरशाहों और न्यायाधीशों समेत कई अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीआईपी) का डेटा स्टोर है। एक सूत्र ने बताया कि हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी में कथित तौर पर करीब 200 करोड़ रुपए की मांग की है। इस बीच, एनआईसी ई-हॉस्पिटल डेटाबेस और ई-हॉस्पिटल के लिए एप्लिकेशन सर्वर बहाल कर दिए गए हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की टीम एम्स में स्थित अन्य ई-हॉस्पिटल सर्वर से *इन्फैक्शन* को स्कैन और साफ कर रही है, जो अस्पताल सेवाओं के वितरण के लिए आवश्यक हैं। ई-हॉस्पिटल सेवाओं को बहाल करने के लिए व्यवस्थित किए गए चार सर्वर को स्कैन करके डेटाबेस और एप्लिकेशन के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि एम्स के नेटवर्क को वायरस मुक्त करने का काम चल रहा है। सर्वर और कंप्यूटर के लिए एंटी-वायरस समाधान व्यवस्थित किए गए हैं। यह 5,000 में से लगभग 1,200 कंप्यूटर पर स्थापित किया गया है। सूत्र ने कहा कि 50 में से 20 सर्वर को स्कैन किया जा चुका है और यह गतिविधि लगातार की जा रही है। सूत्र ने कहा कि नेटवर्क को ठीक करने का काम पांच और दिनों तक जारी रहने की संभावना है। इसके बाद, ई-अस्पताल सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जा सकता है। आपातकालीन, बाह्य रोगी, भर्ती रोगी, प्रयोगशाला जैसी सेवाओं सहित रोगी देखभाल सेवाओं का काम हाथ से किया जा रहा है। दिल्ली के एम्स (एम्स) का सर्वर अभी भी ठप पड़ा है। ई-हॉस्पिटल सर्वर डाउन होने के कारण ओपीडी सहित कई सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। दरअसल, साइबर हमले के बाद इसे हैक करने वालों ने 200 करोड़ के क्रिप्टोकरेंसी की मांग की है। बीते कुछ दिनों से लगातार कई खबरें सुर्खियों में रही है कि क्रिप्टोकरेंसी के नेटवर्क को भी हैक कर करोड़ों रुपए का गबन किया गया है।

## 18 वर्षों से अधिक ...

निर्माता कंपनी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, इनोवैक दुनिया की पहला इंट्रानैसल वैक्सीन है जिसे प्राइमरी सीरीज और हेटेरोलॉगस बूस्टर दोनों तरह की मंजूरी मिली है। भारत बायोटेक ने कहा कि नेजल डिलीवरी सिस्टम को इस तरह से डिजाइन और विकसित किया गया है, जो कम और मध्यम आय वाले देशों में लागत प्रभावी हो। भारत बायोटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्णा एल्ला ने कहा कि कोविड टीकों की मांग में कमी के बावजूद हमने यह सुनिश्चित करने के लिए इंट्रानैसल टीकों का प्रोडक्शन जारी रखा है, ताकि हम भविष्य में संक्रामक रोगों के लिए अच्छी तरह से तैयार रह सकें। डीबीटी के सचिव राजेश एस. गोखले ने कहा कि डीसीजीआई द्वारा बारत बायोटेक की इंट्रानैसल वैक्सीन इनकोवैक को कोविड के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए मंजूरी मिलना हमारे देश के लिए लिए गर्व का क्षण है। यह कदम महामारी के खिलाफ सामूहिक लड़ाई को और मजबूत करेगा व वैक्सीन कवरेज को बढ़ाएगा। इनकोवैक को वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी में विकसित किया गया था।

## प्रदर्शन करने के ...

लारेंस के हवाले से कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों और मानकों के अनुरूप विरोध प्रदर्शनों का जवाब देने के लिए अधिकारियों का आह्वान करते हैं। किसी को भी मनमाने ढंग से अपनी राय व्यक्त करने के लिए हिरासत में नहीं लिया जाना चाहिए। इससे पहले दिन में यहां तक कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी कहा कि चीन की शून्य-कोविड नीति के काम करने की संभावना नहीं है और फिर से पुष्टि की कि दुनिया भर में सभी को शांतिपूर्वक विरोध करने का अधिकार है। हमने कहा है कि शून्य-कोविड एक नीति नहीं है, जिसका हम यहां संयुक्त राज्य अमेरिका में अनुसरण कर रहे हैं। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि जैसा कि हमने कहा है, हमें लगता है कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के लिए इस वायरस को रोकने में सक्षम होना बहुत मुश्किल होगा।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **पंचम अध्याय**

**( आनन्द )**

**मधुरस स्वररस सोमरस, मायूरस भण्डार।**
**योगी सहज समाधि में, सुख मधुकशा अपार॥ 11 ॥**

**शब्दार्थ :** (मधुरस) ब्रह्मरस (स्वररस) शब्दरस (सोमरस) ब्रह्म का रस (मायू) शब्द (मधुकशा) शब्द, परम पुरुष (भण्डार) राशि।

**भाष्य :** स्वर, मायू एवं शब्द एक अर्थ के वाचक शब्द है, मधुकशा, सारशब्द, परम पुरुष को कहते हैं। योगी सहज-समाधि में परम पुरुष शब्दानंद का उपभोग करता है। शब्द आनंद का भंडार है।

**ऐसा सागर कवन है, निराधार रह सोय।**
**बाह्माभ्यन्तर व्याप्त है, ताहि न जाने कोय॥ 12 ॥**

**शब्दार्थ :** (निराधार) प्रकृति-आधाररहित (बाह्याभ्यन्तर) बाहर-भीतर (व्याप्त) व्यापक, प्रकाश।

**भाष्य :** ऐसा सागर कौन है? जो निराधार है। सद्गुरु-संकेत चेतन-महामंडल प्रकृतिपार निराधार है और उसका प्रकाश बाहर-भीतर सब जगह व्याप्त है, उसको सद्गुरुहीन कोई नहीं जानता।

# शिक्षा मंत्री ने दिए रैगिंग के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आदेश

**डिब्रूगढ़ ( निसं )।** असम के शिक्षा मंत्री डॉ रनोज पेगू ने डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में रैगिंग की घटना की निंदा करते हुए सोमवार को डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय प्राधिकरण और पुलिस से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा.असम के शिक्षा मंत्री ने कहा कि हम इस तरह की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैं विश्वविद्यालय के अधिकारियों से भी सतर्क रहने और रैगिंग के किसी भी प्रयास की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए कह रहा हूं। पूर्व छात्रों को छात्रावासों में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इस बीच, डिब्रूगढ़ जिला पुलिस ने डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय में कथित तौर पर जूनियर छात्रों की रैगिंग करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।डिब्रूगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक श्वेताबक मिश्रा ने एएनआई को बताया, कि हमने अब तक तीन लोगों को पकड़ा है। हमने मामला दर्ज कर लिया है और हमारी जांच जारी है। आनंद शर्मा विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के एक स्नातकोत्तर छात्र, कथित तौर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठों द्वारा कथित क्रूर हमले से खुद को बचाने के लिए छात्रावास की इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

## रैगिंग के खिलाफ विद्यार्थियों का धरना




**डिब्रूगढ़ ( हि.स. )।** डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय का एक छात्र रैगिंग से परेशान होकर इमारत की दूसरे तल्ले से छलांग लगा दिया। जिसके चलते उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। इस घटना को लेकर सोमवार को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के बाहर जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए घटना में शामिल सभी आरोपियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के पद्मनाथ गोहाईं बरुवा छात्रावास में रहने वाला छात्र आनंद शर्मा रैगिंग से परेशान होकर रविवार की देर रात को इमारत की दूसरे तल्ले से छलांग लगा दिया। गंभीर रूप से घायल गोहाईं को डिब्रूगढ़ स्थित निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाजरत है। इस मामले में पुलिस ने तीन छात्रों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। आनंद शर्मा वाणिज्य विभाग के पहले सेमेस्टर का छात्र बताया गया है। घटना के संबंध में पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## असम युवा टीएमसी ने की रैगिंग विरोधी दस्ते को सक्रिय करने की मांग

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम युवा तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष बनदीप दत्ता ने ट्वीट कर डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के पद्मनाथ गोहाईं बरुवा छात्रावास में रैगिंग की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और मांग की कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग रोधी दस्ते को जल्द सक्रिय किया जाए। असम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं और रैगिंग एक सामाजिक बीमारी है। इससे छात्रों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसलिए रैगिंग की घटनाओं को रोकने के लिए एंटी रैगिंग स्क्वॉड की जरूरत है। रैगिंग के चलते इमारत के दूसरे तल्ले से छलांग लगाने वाले घायल छात्र की पहचान डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के छात्र आनंद शर्मा के रूप में हुई।

## कॉटन की फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के बाहरी इलाका सोनापुर थाना क्षेत्र के मरगदोला इलाके में स्थित एक कॉटन की फैक्ट्री में अचानक आग लगने की वजह से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मरगदोला इलाके में स्थित एक कॉटन की फैक्ट्री में आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची मेघालय और असम की अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने तक लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। हालांकि, आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि फैक्ट्री में लगे एग्जिस्ट पंखे में हुए शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## दो पशु तस्कर गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के वशिष्ठ पुलिस क्षेत्र के जोराबाट पुलिस चौकी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर 6 मवेशियों को लेकर जा रहे एक वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि आज सुबह जोराबाट पुलिस चौकी प्रभारी कपिल पाठक के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान नलबाड़ी जिला के मुकालमुआ से मेघालय के पशु बाजार तक जा रहे 6 मवेशियों समेत एक वाहन (एएस-15एसी-5365) को जब्त किया गया। वाहन में अवैध तरीके से सभी छह मवेशियों की तस्करी की जा रही थी। इस मामले में चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ओहिद आली (32, मुकालमुआ, नलबाड़ी) और मोतिउर हुसैन (24, मुकालमुआ, नलबाड़ी) के रूप में की गई है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार दोनों पशु तस्करों से सघन पूछताछ कर रही है।

## आग में लाखों की संपत्ति जलकर राख

**नगांव ( हि.स. )।** नगांव जिला के जामगुड़ीहाट के धलाइबील इलाके में सोमवार की सुबह लगी आग के दौरान एक व्यापारिक प्रतिष्ठा पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस ने बताया कि धलाइबील में स्थित प्रफुल्ल टेलर्स नामक एक दुकान में अचानक आग लग गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाए जाने तक प्रफुल्ल टेलर्स नामक दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग की वजह से लगभग 20 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## शादी समारोह में जा रही बस पर हमला



**मोरीगांव ( हि.स. )।** मोरीगांव जिला के दलबाड़ी इलाके में पेट्रोल पंप पर शादी समारोह में जा रही एक बस पर हमला किए जाने का आरोप लगा है। पुलिस ने बताया कि मोरीगांव के मायंग के बरपाक इलाके से नगांव लाउखोआ के लिए बारातियों को लेकर बस जा रही थी। बस आज सुबह 4.00 बजे के करीब मोरीगांव जिला के दलबाड़ी इलाके में स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाने पहुंची थी, इसी दौरान कर्मचारियों ने बस (केएल-35ए-7101) में सवार बारातियों के साथ अभद्र व्यवहार किया और लाठी-डंडे लेकर मारपीट करने पर उतारू हो गए। पेट्रोल पंप कर्मचारी द्वारा बस के पिछले हिस्से के ग्लाको स तोड़ दिया गया। जिसके बाद बस में सवार सभी 60 यात्री मोरीगांव सदर थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी। इस मामले में पुलिस ने पेट्रोल पंप के 2 कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वहीं पेट्रोल पंप वालों ने आरोप लगाया कि बस में सवार बाराती पेट्रोल पंप के कर्मचारियों पर हमला किया। पेट्रोल पंप का कोई भी कर्मचारी बारातियों पर हमला नहीं किया। बस में सवार लोगों ने पेट्रोल पंप के एक टेबल को भी तोड़ डाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डिब्रूगढ़ छात्र रैगिंग की पूप्रमास ने की कड़ी निंदा

**गुवाहाटी ( विभास )।** डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय परिसर स्थित पद्मनाथ गोहाईं बरुवा छात्रवास (पीएनजीबीसीएन) के वरिष्ठ छात्रों द्वारा कनिष्ठ छात्र के साथ रेगिंग की घटना की पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन (पूप्रमास) ने कड़े शब्दों में निंदा की है। पूप्रमास के प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश खंडेलवाल ने अपने एक बयान में कहा कि डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में इस तरह की घटना होना दुर्भाग्यजनक है। पीड़ित छात्र की मनोस्थिति का अंदाजा उसके द्वारा खुदकुशी का प्रयास करने की घटना से लगाया जा सकता है। इस पूरे मामले में छात्रवास के वार्डेन की भूमिका भी संदेहास्पद है। क्योंकि बार बार शिकायत करने के बावजूद रेगिंग मामले में वार्डेन की भूमिका धृतराष्ट की तरह बनी हुई थी। ऐसे में वार्डन के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग सम्मेलन की ओर से की गई है। प्रांतीय अध्यक्ष खंडेलवाल ने इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा द्वारा लिए गए तत्काल संज्ञान की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा की भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी विवेक सांगानेरिया ने बताया कि इस मामले में पुलिस प्रशासन ने भी तीव्र कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल तीन विद्यार्थियों को गिरफ्तार किया है। सम्मेलन की ओर से छात्र रेगिंग मामले में शामिल सभी दोषियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई हैं। साथ ही पीड़ित छात्र का बेहतर इलाज एवं परिवार को न्याय मिले इसे सरकार सुनिश्चित करे।

## लक्ष्मणगढ़ स्थापना दिवस समारोह संपन्न



**गुवाहाटी ( नसं )।** फैंसी बाजार सांगानेरिया धर्मशाला में लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद (पूर्वोत्तर) की साधारण सभा एवं लक्ष्मणगढ़ शहर की स्थापना दिवस का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। इससे पहले परिषद के अध्यक्ष विनोद जसरासरिया की अध्यक्षता में साधारण सभा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंच पर परिषद के सचिव रतन खाखोलिया, कोषाध्यक्ष संजय काबरा, संरक्षक एवं सलाहकार रमेश भातरा, डॉ रघुनंदन शर्मा, और विश्वनाथ गोयंका उपस्थित थे।साधारण सभा में परिषद का फेसबुक अकाउंट का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सांस्कृतिक व सम्मान सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलित से किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद जसरासरीया, सचिव रतन खाखोलिया, कोषाध्यक्ष संजय काबरा, संरक्षक व सलाहकार रमेश भातरा व डॉ रघुनंदन शर्मा ने भगवान गणेश के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार चंद्रप्रकाश शर्मा ने अपने संबोधन में समाज बंधुओं का उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम में समाज के दो वरिष्ठ सदस्य पूर्व अध्यक्ष रामअवतार भरतिया और वासुदेव गोस्वामी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि अस्वस्थता की वजह से दोनों ही वरिष्ठ सदस्य समारोह में उपस्थित नहीं हो सके। अत: उनके निवास स्थान में जाकर उक्त सम्मान उन्हें प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा आर्य विद्यापीठ कॉलेज स्टूडेंट यूनियन के महामंत्री पद पर विजेता देवेन शर्मा, सी यू ई टी सेंट्रल यूनिवर्सिटी एंट्रेंस एग्जामिनेशन में टॉप रहने वाले आयुष्मान भातरा, अमेरिका की ग्लोबल टैलेंट एग्जीबिशन टीम द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए टीचर्स इंश्योरेंस एंड एम्यूईटी एसोसिएशन ऑफ अमेरिका के चीफ पीपल ऑफिसर सीन एन बुडारोफ द्वारा सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित प्रवेश मिश्र तथा एल एंड टी कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट द्वारा पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत प्रतीक मिश्र को लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद पूर्वोत्तर द्वारा फुलाम गमछा से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिया खाखोलिया,दिशा खाखोलिया, श्रेया बीदासरिया, दिव्यम बीदासरिया, प्रिशा भातरा, तृषा मिश्र, याची मिश्र, रिद्धि शोभासरिया,वत्सल शर्मा, नंदिनी काबरा और प्रथम अग्रवाल ने गीत नृत्य प्रस्तुत किया। हिया और दिशा द्वारा प्रस्तुत किया गया ब्लाइंड शो कार्यक्रम का आकर्षण बना रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य जयप्रकाश गोयंका, महेंद्र सरावगी, डीपी मिमानी, श्यामसुंदर परसरामपुरिया, सुरेश भरतीया, नवरत्न भातरा, रमेश भातरा,डा रघुनंदन शर्मा, सुरेश भातरा, रतन कयाल, विनोद लोहिया, किशन कुमार लोहिया, संजय बजाज, सुशील व्यास, अनिल पारीक, चंदन पारीक, प्रतीक मिश्र, अंकित मिश्र, आदर्श शर्मा के अलावा कई पुरुष व महिला सदस्याए उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन परिषद के जनसंपर्क सचिव संपत मिश्र ने किया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा जिला के कुकुरकाटा पुलिस चौकी अंतर्गत बायदा इलाके में हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि बीती रात दुर्घटना में एक बाइक (एमएल-08एफ-0621) सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य एक को गंभीर रूप में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान मेघालय के जे संगमा (45) और घायल की संजू मराक (22) के रूप में की गई है। घटना के समय दोनों मेघालय के बाजोंडोवा इलाके में बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क निर्माण के मिक्सर मशीन से जा टकराई। जिसकी वजह से एक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है।

## विशेष डीजीपी ने अखिल भारतीय पुलिस पंजा प्रतियोगिता में विजेता टीम को किया सम्मानित



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने सोमवार को एसआरपीएफ की ओर से पुणे में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा आयोजित 71वें अखिल भारतीय पुलिस खेलों में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय पुलिस पंजा में एक रजत और दो कांस्य पदक जीतने वाली असम पुलिस की पंजा टीम के तीन खिलाड़ियों को सम्मानित किया। पदक जीतकर पुलिस और राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने वाले पुलकेश कामान, 85 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले विनोद बरुवा और महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली दीपाली गोगोई शामिल हैं। उन्हें सम्मानित करते हुए विशेष पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने खिलाड़ियों को इस सफलता के लिए बधाई दी और पंजा संघ, असम को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि आने वाले दिनों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण के माध्यम से एसोसिएशन असम पुलिस टीम को अधिक सफलता हासिल करने के लिए तैयार करेगा। इस अवसर पर शहर के संयुक्त पुलिस आयुक्त और पंजा संघ के अध्यक्ष, असम पार्थ सारथी महंत और एसोसिएशन के महासचिव प्राण प्रतिम चालिहा और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे।

## उग्रतारा मंदिर परिसर में संस्कृति एंड लर्निंग सेंटर की रखी गई आधारशिला



**गुवाहाटी ( विभास )।** महानगर के लताशील स्थत उग्रतारा मंदिर परिसर में आज संस्कृति एंड लर्निंग सेंटर तथा कॉम्यूनिटी हॉल की आधारशिला रखी गई। सोमवार को विराट हिंदुस्तान संगम के असम प्रदेश के अध्यक्ष टोनी दास ने आधारशिला रखी। इस मौके पर उग्रतारा मंदिर के दलै नलिनी शर्मा, अखिल असम देवालय संघ के महासचिव व समाजसेवी कैलाश शर्मा के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर श्री दास ने कहा कि इस संगम के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता सुब्रमन्य स्वामी की पहल पर यह काम हो रहा है। उन्होंनो एमपीएलएडी फंड के तहत 40 लाख रूपए का अनुदान दिया है। यह सेंटर तथा हॉल मार्च माह तक बन करतैयारी हो जाएगा। वही कैलाश शर्मा का कहना है कि इस सेंटर तथा कम्यूनिटी हॉल से सुब्रमन्यम स्वामी के इस पहल की हम सभी प्रशंसा करते है। आज का समय असम के सनातन समाज के लिए शुभ मुहूर्त है, उनके पहल से यह महत कार्य हो रहा है। इसके बाद जिला प्रशासन तथा जीएमसी की पहल परयह काम हो रहा है, 3 माह के अंदर बन कर तैयार होगा, वही बोहाग बिहू के समय इसका शुभारंभ होगा। जिसमें सुब्रमन्यम स्वामी, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ अन्य लोगों की उपस्थिति में इसका शुभारंभ होगा। मौके परसंगम के असम प्रदेश के उपाध्यक्ष अभिजीत डेका, कंसट्रक्शन कमेटी के सदस्य तथा अधिवक्ता रुपम दास, संगम के सदस्य रितुराज दास, हेमांग दास के साथ अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## महानगर में दक्षिण-पूर्व एशिया सांस्कृतिक सम्मेलन का आयोजन 3 को



**गुवाहाटी ( विभास )।** गुवाहाटी में तीन दिवसयी दक्षिण-पूर्व एशिया सांस्कृतिक सम्मेलन का आगाज तीन दिसंबर को होगा और पांच दिसंबर तक चलेगा। यह सम्मेलन पहली बार हो रहा है। नॉर्थ-ईस्ट आशीर्वाद फाइउंडेशन के तत्वावधान होने वाले इस सम्मेलन में भारत सहित बांग्लादेश, भूटान, लाओस पीडीआर, नेपाल, थाईलैंड और वियतनाम की लोक परंपरा और सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी। यह जानकारी कार्यक्रम के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. खगेन शर्मा ने दी। शर्मा ने बताया कि यह पहली बार है जब पूर्वोत्तर में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गुवाहाटी स्थित श्रीशंकरदेव कलाक्षेत्र में होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आगाज तीन दिसंबर को होगा और पांच दिसंबर तक चलेगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ताई नृत्य और बिहु नृत्य की कार्यशाला का आयोजन होगा। शाम चार बजे इस सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन होगा, जिसमें असम के सांस्कृतिक मंत्री बिमल बरा मुख्य अतिथि होंगे। उनके अलावा अरुणाचल प्रदेश के कृषिमंत्री टागे टाकि, असम के स्वास्थ्य मंत्री केशव महंतऔर असम के मंत्री जोगेन मोहन के अलावा विभिन्न देशों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उद्घाटन समारोह में असम का प्रसिद्ध सत्रीय नृत्य, गणेश बंदना, थाईलैंड का नृत्य, अरुणाचल प्रदेश का आदि नृत्य और भरत नाट्यम की प्रस्तुति होगी। इसी तरह से अगले दो दिनों तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसी तरह से चार और पांच दिसंबर को भी भारत सहित विभिन्न देशों की सांस्कृतिक झलक देखने को मिलेगी। शर्मा ने बताया कि इसका मकसद पड़ोसी देशों के साथ सांस्कृतिक धरोहरों का आदान-प्रदान और एक-दूसरे की संस्कृति को समझना है। एक-दूसरे की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करना। इसके पड़ोसी देशों के साथ व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देना। नए और बेहतरीन कलाकारों को नया मंच प्रदान करना।

# इंडिया गेट पर वीर सावरकर का भव्य पुतला स्थापित करे केंद्र सरकार : संजय राऊत

-राज ठाकरे को दी मैच्योर राजनीति करने की नसीहत



मुंबई, (हि.स.)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने आज कहा कि केंद्र सरकार को इंडिया गेट के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पुतले के पास वीर सावरकर का भी पुतला स्थापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को तत्काल वीर सावरकर को भारत रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित करना चाहिए। साथ ही महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे को मैच्योर राजनीति करने की भी नसीहत दी है। संजय राउत ने सोमवार को सुबह पत्रकारों को बताया कि वीर सावरकर से दिल से प्यार करते हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सावरकर प्रेम मात्र छलावा है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा वीर सावरकर से सही मायने में प्रेम करती है तो उसे इंडिया गेट पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस के पुतले के पास वीर सावरकर का भी भव्य पुतला स्थापित करना चाहिए, ताकि वीर सावरकर को और अधिक सम्मान मिल सके। संजय राउत ने कहा कि हमने पहले से वीर सावरकर को भारत रत्न पुरस्कार देने की मांग की है। इस पुरस्कार से वीर सावरकर का नहीं बल्कि भारत रत्न पुरस्कार का सम्मान होने वाला है। संजय राउत ने कहा कि इस देश के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले, देश के विकास में योगदान देने वाले नेताओं का अपमान नहीं करना चाहिए। छत्रपति शिवाजी महाराज, पंडित नेहरू, बाबासाहेब अंबेडकर, सरदार पटेल, वीर सावरकर, जो नेता आज जीवित नहीं हैं, उनके विरुद्ध कीचड़ उछालकर राजनीति की जा रही है। यह नेता अपना पक्ष रखने के लिए इस समय जीवित नहीं हैं।

संजय राउत ने याद दिलाते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में गलत बयानी करने पर पंडित नेहरू ने प्रधानमंत्री पद रहते हुए माफी मांगी थी। इसी तरह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने भी छत्रपति शिवाजी महाराज के विरुद्ध गलत वक्तव्य देने पर माफी मांगी थी। अब राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता छत्रपति शिवाजी महाराज के विरुद्ध अपमानजनक वक्तव्य देने पर माफी नहीं मांग रहे हैं और भाजपा इनका समर्थन कर रही है। इसलिए राज्य की जनता की भावनाएं आहत हो रही हैं, जिससे जन क्षोभ बढ़ता जा रहा है। संजय राउत ने मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे को कहा कि उन्हें अन्य पार्टी के नेताओं की मिमिक्री बंद कर मैच्योर राजनीति करनी चाहिए। जनता को अगर मिमिक्री ही देखनी है तो वह जानी लीवर की मिमिक्री देखेगी, राज ठाकरे की नहीं। संजय राउत ने कहा कि मिमिक्री राजनीति नहीं है, राज ठाकरे को महाराष्ट्र की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित कर उन पर राजनीति करनी चाहिए। दरअसल, राजठाकरे ने कल पार्टी के कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे सहित अन्य कई नेताओं की मिमिक्री की थी। इसका जवाब आज संजय राउत ने राज ठाकरे को दिया है।

## डीडीसी उपाध्यक्ष पद से जैस्मीन को हटाने के आदेश को चुनौती, एलजी को हलफनामा देने का निर्देश

अजय त्यागी




नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी नेता जैस्मीन शाह की याचिका पर उप-राज्यपाल विनय सक्सेना को हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। जस्टिस यशवंत वर्मा की बेंच ने कहा कि उप-राज्यपाल का हलफनामा देखकर तय करेंगे कि क्या वो ऐसा आदेश दे सकते हैं। दिल्ली डायलॉग एंड डवलपमेंट कमीशन (डीडीसी) के उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह को पद से हटाने के उपराज्यपाल के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। 22 नवंबर को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा था कि उपराज्यपाल का आदेश केवल सिफारिश है, जिसके आधार पर कार्रवाई की जाए। डीडीसी चेयरमैन का दफ्तर उनके निजी अधिकार की जगह नहीं है। हाईकोर्ट ने पूछा था कि क्या मुख्यमंत्री ने इस सिफारिश के बाद कोई ऐक्शन लिया। हाईकोर्ट ने पूछा था कि क्या यह एक राजनीतिक कार्यालय है। हाईकोर्ट ने पूछा था कि आयोग में चयन के लिए क्या कोई योग्यता निर्धारित नहीं है। सुनवाई के दौरान जैस्मीन शाह के वकील ने कहा था कि डीडीसी में नियुक्ति सरकार के फैसले से होती है। जबकि उप-राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को जैस्मीन शाह पर कार्रवाई करने के लिए कहा था। कार्रवाई के लिए उप-राज्यपाल का आदेश पूरी तरह से निराधार है क्योंकि उनके पास ऐसा करने का अधिकार नहीं है। जैस्मीन के वकील ने कहा था कि मुख्यमंत्री डीडीसी दिल्ली के चेयरमैन हैं और अध्यक्ष का पद सरकार से जुड़ा होता है। जैस्मीन शाह के कार्यालय को सील कर दिया गया है। तब हाईकोर्ट ने कहा था कि हम मामले में उप-राज्यपाल के अधिकारों की समीक्षा करेंगे।

## अगले साल फरवरी में होगा एशिया का सबसे बड़ा एयर शो 'एयरो इंडिया'

- येलहंका (बेंगलुरु) के वायु सेना स्टेशन में 13-17 फरवरी तक होगा द्विवार्षिक आयोजन
- पहले तीन दिन व्यापार आगंतुकों के लिए और आखिरी दो दिन आम जनता के लिए होंगे




नई दिल्ली, (हि.स.)। एशिया के सबसे बड़े एयर शो 'एयरो इंडिया' की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। अगले साल 13-17 फरवरी तक येलहंका (बेंगलुरु) के वायु सेना स्टेशन में द्विवार्षिक आयोजित किया जाएगा। वायु सेना स्टेशन येलहंका 1996 से शो की मेजबानी कर रहा है। इसमें भारतीय और विदेशी दोनों तरह के प्रदर्शक होंगे। यह आभासी प्रदर्शनियों की सुविधा भी प्रदान करेगा। एयरो इंडिया वेबसाइट लाइव हो गई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार एयरो इंडिया का 14वां संस्करण 13-17 फरवरी, 2023 तक येलहंका में वायु सेना स्टेशन में आयोजित किया जाएगा। द्विवार्षिक आयोजन का पिछला संस्करण 2021 में कोरोना महामारी के चलते हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया गया था, क्योंकि इसमें कई प्रतिबंध थे। इसीलिए शो को तीन दिवसीय कार्यक्रम में घटा दिया गया था। इस बार 14वां संस्करण पांच दिनों के लिए निर्धारित है और एयर शो व्यापार आगंतुकों और आम जनता दोनों के लिए खुला रहेगा। एयर शो के पहले तीन दिन व्यापार आगंतुकों के लिए आरक्षित होंगे और आखिरी दो दिन आम जनता के लिए खुलेंगे। बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) इस कार्यक्रम का आयोजन करेगा। पिछले संस्करण में 530 कंपनियों के साथ 43 देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया था। एयरो इंडिया एक द्विवार्षिक एयर शो और विमानन प्रदर्शनी है। रक्षा मंत्रालय, भारतीय वायु सेना, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), अंतरिक्ष विभाग, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरो इंडिया शो आयोजित करने के लिए हाथ मिलाया है, जिससे यह एशिया का सबसे बड़ा एयर शो होगा। 14वां एयरो इंडिया पिछले संस्करणों की तुलना में बड़ा और बेहतर होने की उम्मीद है। एयरो इंडिया का पहला संस्करण 1996 में आयोजित किया गया था। तब से इस कार्यक्रम ने बड़ी प्रतिष्ठा अर्जित की है और दुनिया भर से ध्यान आकर्षित किया है।

## प्रियंका ने सिद्धू को लिखा खत जेल से बाहर आते ही फिर मेहरबान हो सकती है कांग्रेस

चंडीगढ़। कांग्रेस हाईकमान को पटियाला जेल में बंद पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू से अब भी काफी उम्मीदें हैं। बताया जाता है कि नवजोत सिंह सिद्धू को जेल में कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने एक पत्र लिखा है। पत्र में क्या लिखा है इस बारे में अभी तक कोई जानकारी बाहर नहीं आई है लेकिन इस पत्र को लेकर चर्चा तेज हो गई है कि सिद्धू के जेल से बाहर आते ही वह राज्य कांग्रेस में अहम भूमिका निभाने वाले हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में जेल अधीक्षक मनोज सिंह टिवाणा के हवाले से सिद्धू को प्रियंका की चिट्ठी आने की बात कही गई है। रोडरेज केस में जेल में सजा काट रहे नवजोत सिद्धू को जेल से बाहर आते ही बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। उनके जेल में जाने के बाद से कांग्रेस ने उनके साथ होने की बात कही थी। सिद्धू पिछले छह माह से जेल में बंद हैं और उन्हें रोडरेज केस में सुप्रीम कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई है।

माना जा रहा है कि कुछ ही महीनों के बाद नवजोत सिंह सिद्धू जेल से रिहा हो जाएंगे। अगले साल होने वाले 9 राज्यों के विधानसभा चुनावों में उन्हें अहम भूमिका निभाने का मौका मिल सकता है। नवजोत सिंह सिद्धू ने चुनाव से कुछ महीने पहले पंजाब में कांग्रेस प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व से मुलाकात के बाद इस्तीफा वापस ले लिया था। इस साल पंजाब विधानसभा चुनाव में नवजोत सिंह सिद्धू आप की जीवन ज्योत कौर से अमृतसर पूर्व सीट हार गए थे। जहां उन्हें 32929 वोट मिले वहीं कौर को 39520 वोट मिले थे। यह चुनाव महत्वपूर्ण था क्योंकि सिद्धू कांग्रेस के भीतर अंदरूनी कलह के केंद्र में थे। जिसके कारण मुख्यमंत्री के पद से कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटा दिया गया था। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले चरणजीत सिंह चन्नी को सीएम बनाया गया था। जिससे सिद्धू नाराज हुए थे।

## अफजल खान की कब्र के आसपास अवैध निर्माण गिराने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बंद की सुनवाई




अजय कुमार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के सतारा में अफजल खान की कब्र के आसपास किए गए अवैध निर्माण को गिराने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई बंद कर दी है। सुनवाई के दौरान सतारा प्रशासन ने कोर्ट को बताया कि जंगल की भूमि पर हुए अवैध निर्माण को गिराया गया है और कब्र को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया। यह कार्रवाई बांबे हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक की गई है। सुनवाई के दौरान 11 नवंबर को महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि कार्रवाई पूरी हो चुकी है। महाराष्ट्र सरकार के इस बयान को सुप्रीम कोर्ट ने रिकॉर्ड पर लेते हुए कलेक्टर से कार्रवाई की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। इस मामले में बांबे हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा था कि फिलहाल हमने डिमोलिशन पर अंतरिम रोक और मामले की सुनवाई की मांग की है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा था कि जब 1600 ईस्वी में उनकी मृत्यु हो गई तो 1959 में वह कब्र कैसे बना। कोर्ट ने कहा था कि यह वन भूमि पर अतिक्रमण है। तब कोर्ट ने पूछा था कि वनभूमि पर कब्र कैसे आई। इस पर वकील ने जवाब दिया कि वहां श्राइन पहले से मौजूद था। दरअसल, हजरत मोहम्मद अफजल खान मेमोरियल सोसाइटी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर महाराष्ट्र के सतारा में अफजल खान की कब्र के आसपास बने ढांचे को गिराने से रोकने की मांग की गई थी। प्रतापगढ़ में अफजल खान की कब्र छत्रपति शिवाजी महाराज ने उसका वध करने के बाद बनवाई थी। हालांकि, शुरूआत में यह कब्र कुछ फीट की जगह में थी, लेकिन बाद में इस कब्र का सौंदर्यीकरण किया गया वन विभाग की 1 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण कर 19 अवैध कमरे बना दिए गए। साल 2006 में स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत संबंधित विभाग से की थी। जब विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला कोर्ट पहुंचा। बांबे हाईकोर्ट ने 15 अक्टूबर, 2008 और 11 नवंबर, 2009 को निर्माण गिराने का आदेश दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए 2017 में अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया था।

## कश्मीर में कई जगह पारा माइनस पहलगाम में 3.4 डिग्री नीचे

श्रीनगर (ईएमएस)। जम्मू कश्मीर में सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। पहाड़ी क्षेत्रों में तो कई जगहों पर तापमान माइनस में पहुंच गया है। कश्मीर में भी अब कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। यहां पारा शून्य से नीचे जा चुका है। श्रीनगर में रविवार को इस मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गई। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अभी आगे और ज्यादा पारा गिरेगा। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर में से एक पहलगाम पर्यटक रिजॉर्ट में तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। घाटी में अब तक का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं उत्तर कश्मीर के बारामुला जिले में मशहूर स्की-रिजॉर्ट गुलमर्ग में भी पारा शून्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। अनंतनाग जिले के कांजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। वहीं उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में भी तापमान शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा जबकि कोकरनाग में तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। जम्मू में भी तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। यहां ठंडी हवाओं से लगातार रात का तापमान गिर रहा है। लद्दाख में लेह शहर का तापमान शून्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा जबकि द्रास में शून्य से 11.6 डिग्री सेल्सियस कम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है क्योंकि मौसम के 7 दिसंबर तक शुष्क रहने की संभावना है।

## गुजरात चुनाव : मतदाताओं को लुभाने में जुटी कांग्रेस



नई दिल्ली, (हि.स.)। कांग्रेस गुजरात विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने की हर संभव कोशिश कर रही है। इस क्रम में उसने सत्ता में आने पर पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करेगी। सोमवार को कांग्रेस ने ट्वीट कर अपने संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि अगर उनकी सरकार गुजरात में बनती है तो पार्टी पुरानी पेंशन व्यवस्था को राज्य में लागू करेगी, सरकारी नौकरियों में कॉन्ट्रैक्ट व्यवस्था खत्म करेगी, 10 लाख सरकारी नौकरियां देगी, 3000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देगी, 500 रुपये में गैस सिलेंडर और 300 यूनिट बिजली फ्री में देगी। कांग्रेस ने कहा कि वहां सरकार बनने के बाद 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देगी, किसानों के तीन लाख रुपये का कर्ज माफ करेगी और बिजली बिल माफ करेगी। कांग्रेस ने कहा कि कोरोना पीड़ित परिवारों को 04 लाख रुपये का मुआवजा देगी, केजी से पोस्ट ग्रेजुएशन तक लड़कियों के लिए मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी, 3000 सरकारी अंग्रेजी स्कूल खोले जाएंगे, इंदिरा रसोई योजना चलाकर आठ रु. में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, दुग्ध उत्पादकों को प्रति लीटर 05 रु. की सब्सिडी दी जाएगी, किडनी, लीवर और हार्ट ट्रांसप्लांट की फ्री में व्यवस्था कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज प्रचार के लिए गुजरात पहुंचे हैं। गुजरात में दो चरणों में मतदान कराया जा रहा है। पहले चरण का मतदान एक दिसंबर को होगा और दूसरे चरण की वोटिंग पांच दिसंबर को होना है। वहीं 08 दिसंबर को चुनाव के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## डीसीडब्ल्यू ने दिल्ली में एक अवैध शराब रैकेट का भंडाफोड़ किया

आशीष वर्मा



नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग की मदद से दिल्ली के जसोला में अवैध शराब और ड्रग्स बेचने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है। डीसीडब्ल्यू को गड्ढा कॉलोनी, जसोला, दिल्ली के निवासियों से एक शिकायत मिली जिसमें उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में अवैध शराब और ड्रग्स खुलेआम बेचे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अवैध शराब और नशीली दवाओं की बड़े पैमाने पर बिक्री के कारण निवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, और उनके क्षेत्र में महिलाएं और लड़कियां इसके कारण विशेष रूप से असुरक्षित महसूस करती हैं। यह धंधा रात भर चलता रहता है और अवैध शराब और नशीले पदार्थों के नशे में धुत लोग अपने क्षेत्र में उपद्रव करते हैं और अपराध में लिप्त होते हैं। डीसीडब्ल्यू की सदस्य फिरदौस खान ने शिकायत पर संज्ञान लिया और दिल्ली पुलिस और आबकारी विभाग, दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। इसके बाद आबकारी विभाग, दिल्ली सरकार ने डीसीडब्ल्यू को बताया है कि आबकारी विभाग की ईआईबी टीम द्वारा क्षेत्र में छापेमारी की गई थी और क्षेत्र में एक महिला को अवैध शराब (8 पेटी बड़ा संतरा देसी-देशी शराब की 8 पेटी, केवल हरियाणा में बेचने के लिए) के साथ पकड़ा। इस संबंध में फिरदौस खान के नोटिस पर थाना सरिता विहार में दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 33 के तहत एफआईआर दर्ज कर महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा आबकारी विभाग, दिल्ली सरकार ने स्थानीय पुलिस स्टेशन और ईआईबी टीम को क्षेत्र में नियमित निगरानी रखने का निर्देश दिया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि यदि क्षेत्र में इस तरह का कोई अन्य मामला सामने आता है तो वे कड़ी निगरानी रखें और कानूनी कार्रवाई करें। डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, हमें दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध शराब और नशीली दवाओं की खुली बिक्री के संबंध में कई शिकायतें प्राप्त होती हैं। डीसीडब्ल्यू के हस्तक्षेप से ऐसे कई रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। दिल्ली में अवैध शराब और नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए दिल्ली पुलिस और आबकारी विभाग को कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। इसके अलावा एक बड़ा रैकेट चल रहा है जिसके माध्यम से हरियाणा में बिक्री के लिए अवैध शराब को सीमा पार कर दिल्ली में लाया जाता है। इस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। झुग्गी और पुनर्वास कॉलोनियों में रहने वाली महिलाएं और लड़कियां विशेष रूप से अवैध शराब और नशीली दवाओं की खुली बिक्री के कारण बेहद असुरक्षित हो जाती हैं। आयोग इस मुद्दे पर कार्रवाई कर रहा है और मैं लोगों से सतर्क रहने और अनुरोध करती हूँ कि ऐसे अपराधों की सूचना दिल्ली पुलिस और दिल्ली महिला आयोग को दें।

## स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए फ्रांसीसी रक्षा मंत्री




नई दिल्ली, (हि.स.)। फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के नेतृत्व में फ्रांसीसी उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने विक्रांत पर दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल एमए हम्पीहोली के साथ बातचीत की। लेकोर्नू ने आज फिर दोहराया कि फ्रांस और भारत अपनी समुद्री संप्रभुता की रक्षा करने और भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता की गारंटी देने के लिए एकजुट हैं। फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा वार्ता और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत की यात्रा पर हैं। फ्रांस ने भारत के पहले स्वदेशी निर्मित एयरक्राफ्ट करियर आईएनएस विक्रांत में खासी दिलचस्पी दिखाई है। वह रविवार को भारत में डिजाइन और निर्मित भारतीय नौसेना के नवीनतम विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर भी सवार हुए। उन्होंने विक्रांत पर दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल एमए हम्पीहोली के साथ बातचीत की। उन्होंने बातचीत में दोहराया कि फ्रांस और भारत अपनी समुद्री संप्रभुता की रक्षा करने और भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता की गारंटी देने के लिए एकजुट हैं। फ्रांसीसी दूतावास के अनुसार लेकोर्नू 28 नवंबर को अपने समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं पर विस्तृत बातचीत करेंगे, जिसमें परिचालन रक्षा संबंध, आतंकवाद का मुकाबला, समुद्री सुरक्षा शामिल है। भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' नीति के अनुरूप इंडो-पैसिफिक और औद्योगिक और तकनीकी साझेदारी पर भी बात होगी। यात्रा के दौरान मंत्री लेकोर्नू भारत के उन सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए, दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी है। बयान में कहा गया है कि लेकोर्नू की भारत यात्रा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में फ्रांस की भागीदारी और क्षेत्र के लिए फ्रांसीसी रणनीति में भारत के सहयोग की पुष्टि करती है।

उनकी यात्रा से पहले भारत ने फ्रांस के साथ मार्च में संयुक्त वायु, नौसेना और सैन्य अभ्यास आइमेक्स, अक्टूबर-नवंबर में हवाई अभ्यास वरुण के माध्यम से सम्बन्ध मजबूत किये हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 28 नवम्बर को फ्रांस के सशस्त्र सेना मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ चौथी भारत-फ्रांस वार्षिक रक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता करेंगे। भारत और फ्रांस के बीच हर साल होने वाली रक्षा वार्ता इस बार दिल्ली में होगी। भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने बताया कि फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू वार्षिक रक्षा संवाद के हिस्से के रूप में रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं पर अपने समकक्ष राजनाथ सिंह के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के साथ बैठक में वह यूरोप और इंडो-पैसिफिक में स्थिति सहित आम चिंता के वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों और आतंकवाद का मुकाबला करने में घनिष्ठ सहयोग पर चर्चा के लिए मंत्री लेकोर्नू राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मिलेंगे। फ्रांस और भारत 1998 से रणनीतिक साझेदार है। दोनों देश रक्षा और हथियार-साजो सामान में भी सहयोगी है। दोनों देशों ने करीबी और बढ़ते द्विपक्षीय संबंध के अलावा अनेक अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने वैचारिक मेलमिलाप के मद्देनजर रणनीतिक साझेदारी की। भारत और फ्रांस रक्षा एवं आयुध क्षेत्र में भागीदार हैं, जो दोनों देशों के बीच अनेक प्रकार के औद्योगिक सहयोग के जरिए भारत की रक्षा क्षेत्र में रणनीतिक स्वायत्तता प्राप्त करने की नीति में योगदान दे रहा है।

# लूटते थे चाचा-भतीजे और बदनाम होती थी इटावा-मैनपुरी की जनता : योगी आदित्यनाथ

## – मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में प्रचार करने उतरे मुख्यमंत्री योगी

**मैनपुरी, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मैनपुरी पहुंचे। यहां हो रहे लोकसभा उपचुनाव में भाजपा को वोट करने की अपील की। जनता को भाजपा के साथ कनेक्ट करने के लिए योगी ने सबसे पहले मुलायम सिंह यादव को नमन किया और कहा कि उनके आशीर्वाद से 2019 में देश में एक बार फिर भाजपा की सरकार आई और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने। मैनपुरी में भी वही होने जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सपा शासन में भ्रष्टाचार को लेकर चाचा-भतीजे की जोड़ी पर भी हमला किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैनपुरी की इस पावन धरती ने सदैव नया इतिहास बनाया है। ऋषि मुनियों की परंपरा से जुड़ी यह धरती हमेशा पूजनीय रही है। नेता जी (मुलायम सिंह यादव) को श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने 2019 में संसद में आशीर्वाद दिया था। नेता जी के आशीर्वाद का ही परिणाम था कि आजमगढ़ और रामपुर में उपचुनाव भाजपा जीती। इस बार फिर से नेता जी का सपना फिर से पूरा होने जा रहा है। योगी ने कहा कि मैनपुरी अपनी पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा के लिए जानी जाता रहा है। समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए बोले कि मैनपुरी और इटावा के लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। अन्नदाता किसानों को शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित कर



दिया था। कुछ लोग अपने आपको समाजवादी और सेक्युलर कहते हैं, वह परिवारवाद से उबर नहीं पा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव से लेकर सांसद और विधायक सब परिवार के चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी का मंत्र है कि सबका साथ और सबका विकास, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं। यही मंत्र है जो लोककल्याण का कारण बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में फ्री में टेस्ट, उपचार, वैक्सीन और राशन देने का काम किया गया। अखिलेश कोरोना में हालचाल लेने नही आए थे। यह आपके साथ संकट में नहीं खड़े हो सकते। यह अब आपको इमोशनल करके बहकाने आए हैं। सपा की सरकार चार-चार बार रही। इनके अपने-अपने बंगले बन गए लेकिन इटावा, मैनपुरी में गरीबों के आवास नहीं बन पाए। इनके शासन काल में गरीबों का राशन माफिया हड़प जाते थे। यूपी में पैतालीस लाख लोगों को आवास उपलब्ध करवाए हैं। यूपी के गरीब के पास अपना आवास होगा। मुख्यमंत्री योगी ने सपा की पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि महाभारत के कालखंड जैसे चाचा भतीजा लोग नौकरी निकलते ही वसूली पर निकल पड़ते थे। वसूली यह लोग करते थे और बदनाम इटावा मैनपुरी के लोग होते थे। आज यूपी में बेरोजगार युवाओं को बिना कोई भेदभाव के नौकरी मिल रही है। गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करने वाले माफियाओं की सम्पत्ति जब्त कर उसपर गरीबों के आवास बना रहे हैं। विधानसभा चुनाव में तमाम अफवाहों और गरीबों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को ब्याज सहित भुगतना पड़ेगा। चाचा शिवपाल की स्थिति घड़ी के पेंडुलम जैसी हो गई है। पेंडुलम का कोई लक्ष्य नहीं होता है। बिचारे को कुर्सी तक नहीं दी थी। कुर्सी के हत्थे पर बैठा दिया था। फुटबॉल बना दिया है चाचा को। योगी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो रहा है। अयोध्या के विकास को तीस हजार करोड़ की परियोजनाएं डबल इंजन की सरकार के कारण ही मिल पा रही हैं। चुनाव के समय नाते रिश्तेदारी निकाल कर वोट मांगने वाले नहीं, ईमानदारी से मैनपुरी के विकास के लिए खड़ा होने वाले ही मैनपुरी का विकास कर सकते हैं। रघुराज शाक्य अपने क्षेत्र के विकास के लिए काम करते रहे। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने कोई पद की मांग नहीं की। वह सामान्य कार्यकर्ता की तरह काम करते रहे और भाजपा ने उनकी लगन को देखकर मैनपुरी के विकास के लिए प्रत्याशी बनाया है। मैनपुरी में सदर और भोगांव विधानसभा में जीते भाजपा के विधायक विकास कर रहे हैं। समाजवादियों का बस चलता तो यह लोग गरीबों की पेंशन तक हड़प जाते। पेशेवर खनन माफिया, भूमाफिया कभी गरीबों की संपत्ति पर कब्जा करते थे, आज उन्हें पता है कि किसी गरीब की संपत्ति पर कब्जा करेंगे तो बाप-दादा की बनाई हुई संपत्ति भी खो बैठेंगे। आज प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था है।

# राष्ट्र सेविका समिति के कार्यालय का शुभारम्भ करेंगी चित्रा जोशी

**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सहकार्यवाहिका चित्रा जोशी राजधानी लखनऊ में 30 नवम्बर को ऊषा चेतना कुंज (कार्यालय) का शुभारम्भ करेंगी। ऊषा चेतना कुंज में राष्ट्र सेविका समिति अवध प्रान्त का प्रान्तीय कार्यालय होगा। यह कार्यालय वसुंधरा रेजीडेन्सी, नौबस्ता कलाँ, देवा रोड चिनहट लखनऊ में खुलेगा। यह जानकारी राष्ट्र सेविका समिति अवध प्रान्त की प्रान्त कार्यवाहिका यशोधरा दीदी ने दी। प्रान्त कार्यवाहिका यशोधरा ने बताया कि तेजस्वी राष्ट्र के पुनर्निर्माण के

राष्ट्र सेविका समिति
RASHTRA SEVIKA SAMITI
तेजस्वी राष्ट्र का पुनर्निर्माण

लक्ष्य को लेकर राष्ट्र सेविका समिति कार्य करती है। समिति की स्थापना 1936 विजयादशमी के दिन वर्धा में हुई थी। अवध प्रान्त की प्रान्त कार्यवाहिका ने बताया कि अभी तक राष्ट्र सेविका समिति का अवध प्रान्त में कार्यालय नहीं था। कार्यालय हो जाने से संगठन कार्य को गति मिलेगी। राष्ट्र सेविका समिति अवध प्रान्त की सारी गतिविधियां यहीं से संचालित होंगी। कार्यालय के शुभारम्भ के अवसर पर संघ परिवार के प्रमुख पदाधिकारी व राष्ट्र सेविका समिति की बहनें उपस्थित रहेंगी।

# श्रद्धा की तरह टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी देने वाले फैज को पुलिस ने जेल भेजा

**– परिजनों ने ली राहत की सांस, पुलिस ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा का दिया आश्वासन**

**कानपुर, (हि.स.)।** हिन्दू नाबालिग के साथ छेड़छाड़ और निकाह न करने पर दिल्ली की श्रद्धा की तरह टुकड़े-टुकड़े कर शव फेकने की धमकी देने वाले फैज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। इससे परिजनों ने राहत की सांस ली, लेकिन अभी भी उनको डर सता रहा है। वहीं पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार को हर संभव सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी और मामले की बराबर मॉनिटरिंग की जाएगी। नौबस्ता निवासी पीड़ित पिता ने बताया कि 17 वर्षीय बेटी दो साल से बीमार रह रही थी। इस पर बेटी को अजमेर ले जाया गया और वहीं पर कानपुर के ही चमनगंज निवासी फैज से मुलाकात हो गई। फैज ने बहाने से बेटी का मोबाइल



नंबर ले लिया और नजदीकी बढ़ाते हुए कुछ फोटो भी साथ खिंचवा लिया। इसके बाद वह बराबर बेटी को फोन करके परेशान करने लगा और फोटो को एडिट करके सोशल मीडिया में डालने की धमकी देने लगा। इस पर तीन मई को नौबस्ता पुलिस से शिकायत की गई तो उसने गलती मान ली। इसके कुछ माह बाद फिर से वही हरकत करने लगा और हाल ही दिल्ली में श्रद्धा हत्याकांड हुआ तो उसने बेटी को जान से मारने की धमकी देने लगा। कई बार बेटी के साथ छेड़छाड़ की और इसके डर से बेटी स्कूल जाना छोड़ दिया। तीन दिन पहले फैज घर आया और बेटी को धमकी दी कि निकाह करो वरना श्रद्धा की तरह हत्या करके शव को टुकड़े-टुकड़े करके अलग अलग जगहों पर फेंक दूंगा। इस तरह की धमकी से परेशान होकर नौबस्ता थाना में फैज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। एसीपी अभिषेक पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि चमनगंज निवासी आरोपी फैज को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे जेल भी भेज दिया गया है। आरोपी फैज ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी थी। इससे परिवार के लोग बहुत परेशान हो गये, फिलहाल अब उन्होंने राहत की सांस ली है। पीड़ित परिवार डरा हुआ है और उस परिवार की सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह से देखभाल की जा रही है।


# एसपी और एएसपी स्कूटी से निकले, हेलमेट लगाकर वाहन चलाने का दिया संदेश

**बुलन्दशहर, (हि.स.)।** यातायात माह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सुरेंद्र नाथ तिवारी और सहायक पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने हेलमेट पहनकर स्कूटी चलाई और हेलमेट बाइक रैली का नेतृत्व किया। रैली का शुभारंभ पुलिस लाइन से प्रतिसार निरीक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर किया। पुलिस लाइन से शुरू हुई हेलमेट जागरुकता बाइक रैली का शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुलिस लाइन में जाकर समापन हुआ।



रैली में शामिल पुलिस अधिकारी एवं रोटरी क्लब के सदस्यों ने हेलमेट लगाकर रैली के जरिए आम जनमानस को अपने जीवन की सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए जागरूक किया तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने कहा कि सीटबेल्ट व हेलमेट का प्रयोग केवल चालान से बचने के लिए ही नहीं अपनी सुरक्षा के लिए भी करें। सहायक पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने कहा कि अधिकांश सड़क हादसों में जान केवल इस वजह से जाती है कि चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहना गया था। इसलिए बाइक चलाने से पहले हेलमेट पहने और इसे वाहन चलाते समय अवश्य प्रयोग करें, जिससे आप सुरक्षित रहे।

# कल्याणकारी कार्यों की नजीर पेश कर रही डबल इंजन की सरकार: रविकिशन



**गोरखपुर, (हि.स.)।** भोजपुरी फिल्म स्टार व सांसद रविकिशन ने सोमवार को गोरखपुर में होने वाले सामूहिक विवाह समारोह में कहा कि डबल इंजन की सरकार जनकल्याणकारी कार्यों की नजीर पेश कर रही है। चारों ओर विकास की गंगा बह रही है। भाजपा नेता रवि किशन ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम इसी का हिस्सा है। हर धर्म-बिरादरी के गरीब की बेटियों की धूमधाम से शादी कराने के साथ सरकार उन्हें गृहस्थी बसाने का सामान भी दिया जा रहा है। नवदम्पति अब अपनी जिंदगी को खुशी-खुशी जीने का संकल्प लें। इस अवसर पर बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, महापौर सीताराम जायसवाल, विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, महेन्द्रपाल सिंह, श्रीराम चौहान, डॉ विमलेश पासवान, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह समेत प्रशासन, पुलिस, समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रबंधकों तक रह जाने वाली मदरसा स्कॉलरशिप रोकने का निर्णय स्वागत योग्य : जावेद मलिक

**लखनऊ, (हि.स.)।** भाजपा के पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) और अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के अध्यक्ष जावेद मलिक ने केन्द्र सरकार की ओर से मदरसों में आठवीं तक के लिए जा रही स्कॉलरशिप रोके जाने का स्वागत किया है। जावेद मलिक ने कहा कि मदरसा की स्कॉलरशिप आठवीं तक के बच्चों तक नहीं पहुंची। वो तो मदरसा प्रबंधकों तक ही रह जाती थी। जावेद मलिक ने कहा कि केन्द्र सरकार के निर्णय के बाद उनके पास कई मदरसा प्रबंधकों ने फोन किये। फोन उठाने पर हर तरफ से एक ही बात सुनायी दी कि स्कॉलरशिप बंद कर दी गयी, मदरसा कैसे चलेंगे। मदरसा के प्रबंधकों के तो फोन उनके पास आये, किसी बच्चे के



अभिभावक का फोन उनके पास नहीं आया। उन्होंने कहा कि सही मायने में तो किसी बच्चे को स्कॉलरशिप पहुंचती ही नहीं थी। स्कॉलरशिप की राशि एक ही स्थान तक बंध कर रह जाती थी। केन्द्र सरकार के इस निर्णय से काफी हद तक मदरसे में शिक्षा ले रहे बच्चों को तब असर होता, जब स्कॉलरशिप का राशि वहां तक पहुंच रही होती। जो आजतक हुआ ही नहीं, बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे है। फिर उन्हें स्कॉलरशिप की जरुरत भी नहीं है। उन्होंने कहा कि मदरसों में कक्षा एक से आठवीं तक मिलने वाली स्कॉलरशिप को बंद किया गया है। इसमें दो कटगरी थी, जिसमें पहली कटगरी में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलती थी। कक्षा छह से आठवीं तक कोर्स के अनुसार छात्रवृत्ति दिये जाने का प्रबंध रहा। उन्होंने केन्द्र सरकार के इस फैसले पर भी स्वागत किया कि केन्द्र सरकार ने मदरसा में नौवीं, दसवीं की स्कॉलरशिप पर रोक नहीं लगायी है। केन्द्र सरकार ने आठवीं तक की स्कॉलरशिप ही रोक लगायी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने तो पहले से ही आठवीं तक की स्कॉलरशिप पर रोक लगा रखी है।

# भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए झारखंड से 50 कांग्रेसियों का जत्था इंदौर रवाना

**रांची, (हि.स.)।** भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में 50 कांग्रेसियों का जत्था सोमवार को सुबह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से इंदौर के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोधकांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक प्रदीप यादव, अनुप सिंह, अम्बा प्रसाद, रामचन्द्र सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की एवं इसके साथ प्रदेश में चल रहे महागठबंधन सरकार के मंत्री झामुमो के मिथिलेश ठाकुर भी यात्रा में शामिल है। प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने सोमवार को बताया कि झारखंड के 12 जिलों में भारत जोड़ो यात्रा के सफल आयोजन के बाद कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक चलने वाली राहुल गांधी के नेतृत्व में चलने वाली भारत जोड़ो



यात्रा में 29 एवं 30 नवम्बर को सभी नेता मध्य प्रदेश के इन्दोर में शामिल होने के लिए रवाना हुए है। प्रसाद ने बताया कि प्रदेश के अन्दर चार चरणों की यात्रा का सफलता पूर्वक समापन हो चुका है। इंदौर से लौटने के बाद पांचवें चरण की भारत जोड़ो यात्रा का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में होगा। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में दो महीने पूर्व भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत कन्याकुमारी में हुई थी। अब तक तकरीबन 2300 किमी की यात्रा तमिलनाडु, केरल, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र होते हुए मध्य प्रदेश पहुंची है। यह यात्रा कुल 3570 किमीकी है, जो बारह राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। भारत जोड़ो यात्रा के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को अपार जन-समर्थन प्राप्त हुआ है, जिसमें किसानों, मजदूरों, युवाओं, माताओं, बहनों, छोटे व्यवसायियों, खिलाड़ियों, कलाकारों ने समय-समय पर यात्रा में अपनी भागीदारी निभायी है।

# झारखंड हाई कोर्ट में विधायक समरीलाल के नौवें गवाह का बयान दर्ज

**रांची, (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित नौवें गवाह विनोद राम का बयान दर्ज किया गया। विनोद राम ने भी अन्य गवाहों की तरह समरी लाल और अपने परिवार के आजादी से पहले से रांची में रहने की बात कही, लेकिन सुरेश बैठा के वकील ने जब पूछा कि क्या वे इससे जुड़ा कोई प्रमाण दे सकते हैं तो विनोद राम ने कहा कि उनके पास इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं है। विनोद राम की गवाही पूरी होने के बाद अदालत ने दूसरे गवाह का बयान दर्ज करने के लिए मंगलवार की तारीख मुकर्रर की है। याचिककर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और भाजपा के उम्मीदवार समरी लाल ने चुनाव लड़ा था। मतगणना के बाद भाजपा के उम्मीदवार समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया, जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। इसके पीछे उन्होंने आधार दिया है कि समरी लाल द्वारा चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है।

# देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री चुनाव कार्य से हटेंगे, राज्य सरकार ने दी सहमति

**रांची, (हि.स.)।** देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री चुनाव कार्य से हटाए जाएंगे। जानकारी मिली है कि राज्य सरकार ने इसकी सहमति दे दी है। सरकार ने यह सहमति केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव कार्य से हटाने से संबंधित निर्देश पर मंतव्य मांगने के बाद दी है। सरकार ने दी गई सहमति में इस बात का उल्लेख किया है कि कोई डीसी चुनाव कार्य में रहें, यह जरूरी नहीं है। सरकार ने अब राज्य निर्वाचन आयोग को यह सहमति दे दी है। अब राज्य निर्वाचन आयोग केंद्रीय निर्वाचन आयोग को इस बारे में जानकारी उपलब्ध कराएगा। उसके बाद केंद्रीय निर्वाचन आयोग देवघर डीसी को निर्वाचन कार्य से हटाने का पत्र जारी करेगा। उल्लेखनीय है कि गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत कर देवघर डीसी को चुनाव कार्य से हटाने को लेकर विचार करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि चुनाव कार्य के लिए किसी अन्य अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाए। इस विकल्प पर विचार किया जा सकता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने इस पर निर्णय लेते समय बीते 31 अक्टूबर को राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा था। इस पर राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार से सुझाव मांगा था।

# लोजपा (रा.) के स्थापना दिवस में चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प

**बेगूसराय, (हि.स.)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का स्थापना दिवस समारोह सोमवार को बेगूसराय जिला मुख्यालय के चित्रगुप्त भवन बड़ी पोखर पोखरिया में धूमधाम से मनाया गया। जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत लोजपा एवं दलित सेना के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्म भूषण स्व. रामविलास पासवान के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर केक भी काटा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव-सह-जिला प्रभारी प्रसादी पासवान ने कहा कि बेगूसराय जिला में आज



पार्टी का स्थापना दिवस ऐतिहासिक मनाया गया। यहां के कार्यकर्ता बहुत ही संघर्ष कर पार्टी को शिखर तक ले जाने का काम करते रहते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रामविनोद पासवान ने कहा कि लक्ष्य तक जन-जन तक पहुंचाना, कार्यकताओं का कर्तव्य है। पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंदिरा देवी ने कहा कि हम सब संकल्प लें, जनमानस के अंतिम पायदान वाले व्यक्ति को पार्टी में जोड़कर पार्टी को शिखर तक पहुंचाना है, चिराग पासवान को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना है। जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार पासवान ने कहा कि पदम भूषण स्व. रामविलास पासवान के सपनों को पूरा करना ही लक्ष्य है। गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित, अति पिछड़ा सभी वर्गों के गरीबों को समाज के मुख्यधारा में लाने के लिए संकल्पित होकर एकजुटता के साथ काम करना होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को जन-जन तक पहुंचाना ही लक्ष्य है। युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं।

# ऐसा भारत हो, जिसे कोई बुरी नजर से नहीं देख पाए: डॉ. भागवत

**पटना/दरभंगा, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने सोमवार को कहा कि आरएसएस ऐसा भारत चाहता है जिसकी ओर बुरी नजर से कोई न देखे। भारत पर पूर्व में कई आक्रमण हुए हैं। अब कोई आक्रमण न कर पाए। इसके लिए समाज को संगठित करना होगा। उन्होंने यह आह्वान अपने चार दिवसीय बिहार दौरे के आखिरी दिन दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के नगेंद्र झा स्टेडियम में नगर एकत्रीकरण कार्यक्रम में किया। डॉ. भागवत ने कहा कि कोई भी देश आज विकसित या ताकतवर बना है तो वह उसके नागरिकों की राष्ट्र भक्ति से संभव हुआ है। वर्षों की मेहनत और अनुशासन ने उस राष्ट्र को ताकतवर और धनवान बनाया है। हमें भी अपने देश को अगर विकसित और



ताकतवर बनाना है तो तैयारी भी उसी तरह की होनी चाहिए। हमको स्वयं को सुखी होना है। अपने कुटुंब को सुखी रखना है तो अपने देश को सुखी रखना पड़ेगा। जिनका देश सुखी नहीं है, जिनका देश सुरक्षित नहीं है, जिनके देश की दुनिया में प्रतिष्ठा नहीं है, उनको तीनों भुवन में कहीं पर भी प्रतिष्ठा, सुरक्षा और सुख नहीं मिलता। संघ प्रमुख ने कहा कि अकेले अपने सुख के लिए कितनी भी मेहनत करें। अपने परिवार को कितना भी आगे बढ़ा लें, लेकिन जिस समाज से वह व्यक्ति हैं उस समाज की सुरक्षा, उसकी प्रतिष्ठा ही उनको सुरक्षित और प्रतिष्ठित बनाती है। यह एक व्यावहारिक अनुभव है। जब भारत की प्रतिष्ठा दुनिया में बढ़ी तो विदेशों में रहने वाले अपने लोग अपना सिर ऊंचा करके चलने लगे। हम अपने स्वार्थ को भी स्वीकार करते हैं तो भी हमको अपने समाज को राष्ट्र को सुरक्षित और प्रतिष्ठित रखना ही होगा। इसलिए इसको ध्यान में रखकर अपना और अपने परिवार का जीवन जीना पड़ता है। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि दरभंगा शाखा बहुत पुरानी है। पहली बार आए स्वयंसेवकों के लिए जरूरी है कि वो संघ को जाने। जानी हुई चीजों का भी बार-बार चिंतन और मनन करना पड़ता है। बचपन में बताया जाता है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा है। परंतु जब हम आगे बढ़ते हैं तो जीवन में कई प्रकार के आकर्षण आते हैं। कई प्रकार के संकट आते हैं। कभी अपना रास्ता थोड़ा मोड़ के आगे बढ़ना पड़ता है। ऐसी सब बाधाओं में हम क्या कर रहे हैं। कैसे हमको आगे बढ़ना है, किस दिशा में जाना है, इसका स्मरण बार-बार करना पड़ता है। इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्या कर रहा है इसके बारे में जानना है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इससे पहले सुबह जिले में शाखा का संचालन किया। शाखा में सैकड़ों स्वयंसेवक ने हिस्सा लिया। डॉ. भागवत ने स्वयंसेवकों को शारीरिक प्रशिक्षण दिया। डॉ. भागवत दो सप्ताह में दूसरी बार बिहार आए हैं। पिछले छह माह में यह उनकी तीसरी बिहार यात्रा है। जून में मधुबनी आए थे। छह माह बाद यह उनका दूसरा मिथिला प्रवास है। पिछले सप्ताह बक्सर के संत समागम में शामिल हुए थे।

## संपादकीय

# नोटबंदी पर संविधान पीठ

**सर्वोच्च** अदालत में पांच न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ ने नोटबंदी के भारत सरकार के फैसले में हस्तक्षेप करने और तत्संबंधी अधिसूचना को 'अवैध' करार देने से इंकार कर दिया, लेकिन नोटबंदी से जुड़े अधिकारियों की एक स्वतंत्र एजेंसी से जांच की याचिका के साथ अन्य विसंगतियों को लेकर बंबई उच्च न्यायालय जाने को कहा है। नोटबंदी में 500 और 1000 रुपए के पुराने नोट 'अवैध' घोषित किए गए थे। बाद में 500 रुपए का नया नोट बाज़ार में आया, लेकिन 1000 रुपए का नोट बिल्कुल समाप्त कर दिया गया। उसके स्थान पर सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने 2000 रुपए का जो नोट जारी किया था, आज वह भी 'अघोषित' तौर पर चलन में नहीं है। संविधान पीठ के सामने 2000 रुपए और 200 रुपए के नोटों से जुड़ी गंभीर और सवालिया विसंगतियां आई हैं। हालांकि उनमें प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से इंकार किया गया है, लेकिन पीठ का फैसला लिखित रूप में अभी सामने आना है। इस संदर्भ में भारत सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि ने पक्ष रखा है कि अदालत नोटबंदी के संदर्भ में कोई आदेश नहीं दे सकती। नोटबंदी के बाद 500 और 1000 रुपए के नोट बदलने के मद्देनजर विंडो को काफी आगे बढ़ाया गया था। जो लोग इसका फायदा नहीं उठा सके, तो अब सरकार क्या कर सकती है? अलबत्ता कुछ विशेष मामलों में विचार जरूर किया जा सकता है। संविधान पीठ ने भी एक व्यवस्था बनाने पर विचार करने की बात कही है, लेकिन फिलहाल सब कुछ अपरिभाषित है। संविधान पीठ के सामने सूचना के अधिकार कार्यकर्ता मनोरंजन रॉय की याचिका के जरिए जो दूसरा पक्ष बेनकाब हुआ है, उससे रिजर्व बैंक और भारत सरकार के नोट छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के विरोधाभास खुले हैं। इस मुद्दे पर हिमाचल के नौजवान अधिवक्ता अजय मारवाह ने संविधान पीठ के सामने जिरह की है। उनका बुनियादी सवाल था कि अप्रैल 1, 2000 से 2018 के बीच रिजर्व बैंक की सालाना रपटों और सूचना के अधिकार कानून के तहत प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 500 और 1000 रुपए के नोट 14 ट्रिलियन से अधिक मूल्य के चलन में थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 8 नवंबर, 2016 को नोटबंदी की घोषणा की और 500 तथा 1000 रुपए के मुद्रा नोटों को 'अवैध' करार दे दिया गया। अटॉर्नी जनरल के मुताबिक, देश में नकली नोटों की समस्या और आतंकवाद का वित्त-पोषण रोकने के लिए नोटबंदी का कदम उठाया गया। प्रधानमंत्री ने भी ऐसे ही दावे किए थे, लेकिन बहुत जल्दी साफ हो गया कि नकली मुद्रा को ही नोटबंदी के कारण बैंकों को 'सफेद' करना पड़ा। नोटबंदी की घोषणा के मात्र तीन दिनों के अंतराल में ही रिजर्व बैंक ने 15 ट्रिलियन रुपए के नोट जमा किए। जो नोट चलन में बताए जा रहे थे, उनका मूल्य 14 ट्रिलियन से कुछ ज्यादा था और नोटबंदी के बाद 1 ट्रिलियन रुपए बैंकों में इक_l किए गए। यह एक ट्रिलियन रुपए के नोट कहां से आए? क्या अर्थव्यवस्था में नकली मुद्रा चलन में रही है? क्या ऐसी मुद्रा इससे भी ज्यादा मूल्य की हो सकती है? ये सवाल संविधान पीठ के सामने भी उठे। जो दस्तावेज पीठ के सामने पेश किए गए हैं और रिजर्व बैंक की रपटों में भी दर्ज हैं, उनके मुताबिक नोटबंदी से कुछ माह पहले मई, 2016 में रिजर्व बैंक के सेंट्रल बोर्ड की बैठक हुई। उसके एजेंडा-16 के तहत बोर्ड ने 500 रुपए के नए नोट के डिज़ाइन, प्रारूप आदि को मंज़ूरी दी। बाद में भारत सरकार को अपनी अनुशंसा भेज दी। सूचना के अधिकार कानून के तहत जो जानकारी प्राप्त की गई है, उसके मुताबिक सरकारी प्रिंटिंग प्रेस का कहना है कि 500 रुपए के नए नोट उसने 2015 में ही छापने शुरू कर दिए थे। छपाई के बाद 345 मिलियन नोट रिजर्व बैंक को भेज भी दिए गए थे। यदि इन नोटों को 500 से गुणा करते हैं, तो राशि सामने आ जाएगी। पीठ के सामने सवाल था कि जब डिज़ाइन और प्रारूप आदि को स्वीकृति ही नहीं दी गई थी, तो 2015 में ही, नोटबंदी से करीब एक साल पहले, यह मुद्रा कैसे छाप दी गई? ऐसा ही मामला 200 और 2000 रुपए के नए नोटों का है। घपला हुआ है या संविधान से इतर भी कुछ ताकतें काम कर रही हैं, इसका खुलासा अब बंबई हाईकोर्ट में हो सकता है। यह मामला बहुत लंबा और बेहद संवेदनशील है। देशहित भी इससे जुड़ा है। हमने बड़े संक्षेप में विश्लेषण किया है। एक अंतिम न्यायिक निर्णय की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। नोटबंदी को लेकर तभी लोग अपना रुख बना सकेंगे।



भारत सरकार के अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि ने पक्ष रखा है कि अदालत नोटबंदी के संदर्भ में कोई आदेश नहीं दे सकती। नोटबंदी के बाद 500 और 1000 रुपए के नोट बदलने के मद्देनजर विंडो को काफी आगे बढ़ाया गया था। जो लोग इसका फायदा नहीं उठा सके, तो अब सरकार क्या कर सकती है? अलबत्ता कुछ विशेष मामलों में विचार जरूर किया जा सकता है। संविधान पीठ ने भी एक व्यवस्था बनाने पर विचार करने की बात कही है, लेकिन फिलहाल सब कुछ अपरिभाषित है। संविधान पीठ के सामने सूचना के अधिकार कार्यकर्ता मनोरंजन रॉय की याचिका के जरिए जो दूसरा पक्ष बेनकाब हुआ है, उससे रिजर्व बैंक और भारत सरकार के नोट छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के विरोधाभास खुले हैं।

## कुछ अलग

# एक दूसरे के हैं पूरक

**भारतीय** संविधान को लागू हुए 7 दशक से भी कुछ ज्यादा हो गया है। यह भा के प्रत्येक गर्व की निर्माताओं ने संविधान में जिन मूल्यों को स्थापित किया है उनके जरिये देश की शासन व्यवस्था का संचालन अच्छी तरह से हो रहा है। इन 7 दशकों में अनेक आंतरिक अशांतियां भी हुईं। बाहरी आक्रमण भी हुए। लेकिन हमने संविधान में समाहित मूल्यों के कारण इन सभी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर कहा कि ऐसे समय में जबकि देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, राष्ट्र को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए मौलिक कर्त्तव्यों का पालन करना नागरिकों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के इस कथन का स्वागत ही नहीं बल्कि पालन भी करना चाहिए। अगर हम अधिकारों की बात करते हैं तो कर्त्तव्यों की भी बात करनी चाहिए क्योंकि दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। लोगों को याद होगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को नसीहत देते हुए कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं है। उनके इस सद्विचार का पूरी दुनिया के नेताओं ने समर्थन किया था। इसी तर्ज पर उन्होंने अमृतकाल यानी एक विकसित राष्ट्र के रूप में उभरने के लिए अगले 25 वर्षों की यात्रा को 'कर्त्तव्य काल' मौलिक कर्त्तव्यों को पूरा करने का युग करार दिया। उन्होंने कहा 'आजादी का अमृतकाल देश के प्रति कर्त्तव्य का समय है। लोग हों या संस्थान, हमारे कर्त्तव्य हमारी पहली प्राथमिकता हैं।' भारत के मूल संविधान में नागरिकों के मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का उल्लेख तो किया गया था, लेकिन कर्त्तव्यों का कहीं वर्णन नहीं था। संविधान में मौलिक कर्त्तव्यों को जोड़ने का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और भारत की एकता एवं अखंडता को बढ़ावा देना था। भारत अब अपनी आजादी की शताब्दी मनाने की ओर बढ़ रहा है। इसलिए शासन के तीनों अंगों से अपेक्षा की जानी चाहिए कि देश के आम नागरिकों की दशा सुधारने के लिए संवैधानिक मूल्यों को और सशक्त बनाया जाएगा। इन 7 दशकों में विधि के शासन का क्रियान्वयन ठीक तरीके से नहीं हो पाया है, जिसके कारण समानता का लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, सभी मिलकर इस दिशा में काम करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संविधान दिवस के अवसर पर कहा कि ऐसे समय में जबकि देश अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, राष्ट्र को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने के लिए मौलिक कर्त्तव्यों का पालन करना नागरिकों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

# चीन से बढ़ा व्यापार घाटा

डा. जयंतीलाल भंडारी



हम उम्मीद करें कि चीन से आयात घटाने तथा व्यापार असंतुलन कम किए जाने के विभिन्न प्रयासों के सार्थक परिणाम आएंगे और ऐसे में देश में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी बचाई जा सकेगी। हम उम्मीद करें कि चीन के उत्पादों की जगह स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दिए जाने से देश में कुटीर और लघु उद्योगों को पुनर्जीवित करके बड़ी संख्या में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकेंगे।

**हाल** ही में चीन के कस्टम विभाग की ओर से प्रकाशित भारत-चीन के द्विपक्षीय व्यापार के आंकड़ों के मुताबिक दोनों देशों के बीच जनवरी 2022 से सितंबर 2022 के बीच नौ महीनों के दौरान द्विपक्षीय कारोबार 103.63 अरब डालर का हुआ है। इस अवधि में चीन से भारत के लिए निर्यात 89.66 अरब डालर रहा है। इसमें 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इस अवधि में भारत से चीन के लिए केवल 13.97 अरब डालर का निर्यात हुआ है और इसमें 36.4 प्रतिशत की गिरावट रही है। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढकर 75.69 अरब डालर रहा है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच पूरे वर्ष में 125 अरब डालर का द्विपक्षीय कारोबार हुआ था। बीते वर्ष चीन का भारत के लिए निर्यात 46.2 प्रतिशत बढकर 97.52 अरब डालर रहा था, जबकि भारत से चीन के लिए निर्यात 34.2 प्रतिशत बढकर 28.14 अरब डालर रहा था। इस अवधि में भारत का व्यापार घाटा 69.38 अरब डालर रहा था। ऐसे में स्पष्ट है कि इस वर्ष 2022 में चीन से व्यापार घाटा और व्यापार असंतुलन और बढ़ेगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि चीन से भारत में आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाले कच्चे माल, केमिकल्स, दवाइयों, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक जैसे सामानों की अधिकता है। चीन से भारत के द्वारा किए कुल आयात का एक बड़ा हिस्सा पशु या वनस्पति वसा, अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, उर्वरक, कमाना या रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज और पेपरबोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच और कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण, विद्युत मशीनरी और फर्नीचर से संबंधित है। इन सामानों का चीन से आयात लगातार बढ़ा है। निःसंदेह चीन से बढ़ता व्यापार घाटा देश की बड़ी आर्थिक चुनौती है। खासतौर से एक ऐसे समय में जब डॉलर की तुलना में रुपया लुढक़ता हुआ दिखाई दे रहा है और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी बड़ी कमी आ रही है। ऐसे में हम रणनीतिक रूप से आगे बढक़र चीन से बढ़ते आयात और बढ़ते व्यापार घाटे के परिदृश्य को बहुत कुछ बदल सकते हैं। देश में अभी भी दवाई उद्योग, मोबाइल उद्योग, चिकित्सा उपकरण उद्योग, वाहन उद्योग तथा इलेक्ट्रिक जैसे कई उद्योग बहुत कुछ चीन से आयातित माल पर आधारित हैं। यद्यपि चीन के कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्षों में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। देश के कई उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। इस डगर पर तेजी से आगे बढना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि अब विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) संबंधी नई अवधारणा और नई लॉजिस्टिक नीति सितंबर 2022 के प्रावधानों के उपयुक्त क्रियान्वयन से सेज में उपलब्ध संसाधनों के पूरे उपयोग से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण विनिर्माण किया जा सकेगा और चीन को निर्यात बढ़ाकर चीन से आयात भी कम किए जा सकेंगे। वस्तुतः अब सेज की नई अवधारणा के तहत सरकार के द्वारा सेज से अंतरराष्ट्रीय बाजार और राष्ट्रीय बाजार के लिए विनिर्माण करने वाले उत्पादकों को विशेष सुविधाओं से नवाजा जाएगा। सेज में खाली जमीन और निर्माण एरिया का इस्तेमाल घरेलू व निर्यात मैन्युफैक्चरिंग के लिए हो सकेगा। सेज में पूर्णकालिक पोर्टल के माध्यम से कस्टम क्लीयरेंस की सुविधा होगी व मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने के लिए जरूरी सभी प्रकार के क्लीयरेंस भी वहीं दिए जाएंगे। राज्यों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर खासकर लाजिस्टिक की सुविधा बढने से उत्पादन लागत कम होगी और भारतीय वस्तुएं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आसानी से मुकाबला कर सकेंगी। रेल, सडक़, बंदरगाह जैसी सुविधाओं के बड़े नेटवर्क से भारतीय लागत वैश्विक स्तर की हो जाएगी और भारत को निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। निश्चित रूप से स्थानीय बाजारों में चीनी उत्पादों को टक्कर देने और चीन से व्यापार घाटा और कम करने के लिए हमें उद्योग-कारोबार क्षेत्र की कमजोरियों को दूर करना होगा। हम देश में मेक इन इंडिया अभियान को आगे बढ़ाकर लोकल प्रॉडक्ट को ग्लोबल बना सकते हैं। सरकार के द्वारा स्वदेशी उत्पादों को चीनी उत्पादों से प्रतिस्पर्धी बनाने वाले सूक्ष्म आर्थिक सुधारों को लागू किया जाना होगा। भारतीय उद्योगों को चीन के मुकाबले में खड़ा करने के लिए शोध और नवाचार पर और अधिक ध्यान देना होगा। चीन से व्यापार घाटा कम करने के लिए पूरे देश में और अधिक करोड़ों लोगों के द्वारा वोकल फॉर लोकल के संकल्प को ध्यान में रखा जाना होगा। चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को जीवन का मूलमंत्र बनाना होगा। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा स्वदेशी उत्पादों की खरीदी के जन अभियान को और अधिक प्रभावी बनाना होगा। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण जैस-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी थी। देशभर में चीनी सामान के जोरदार बहिष्कार और सरकार के द्वारा टिक टॉक सहित विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण, कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति को लगातार प्रोत्साहन दिए जाने से चीन के उपभोक्ता त्योहारी बाजार सामानों की भारत में मांग में कुछ कमी जरूर दिखाई दी थी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने दिवाली और अन्य त्योहारों पर स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन मिलते हुए दिखाई दिया है। ऐसे में हम उम्मीद करें कि बाजार में चीन के बढ़ते हुए वर्चस्व को तोडने के लिए पूरे देश में और अधिक उद्यमी और कारोबारी शोध और नवाचार, नए आइडिए और सृजनात्मक तरीके व कौशल प्रशिक्षण को अपनाते हुए आयातीत चीनी वस्तुओं, चीनी कच्चे माल और चीन से संबंधित अन्य आयातित सामानों के स्थानीय विकल्प प्रस्तुत करेंगे। साथ ही सरकार की तरफ से लागू की गई प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) के कारगर क्रियान्वयन से चीन से आयातों का प्रभुत्व कम किया जा सकेगा। हम उम्मीद करें कि चीन से आयात घटाने तथा व्यापार असंतुलन कम किए जाने के विभिन्न प्रयासों के सार्थक परिणाम आएंगे और ऐसे में देश में बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी बचाई जा सकेगी। हम उम्मीद करें कि चीन के उत्पादों की जगह स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दिए जाने से देश में कुटीर और लघु उद्योगों को पुनर्जीवित करके बड़ी संख्या में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकेंगे।

# लिव इन रिलेशनशिप का कड़वा सच



महाराष्ट्र की 27 वर्षीय श्रद्धा वाकर तथा 28 वर्षीय आफताब पूनावाला का आनलाईन डेटिंग से परवान चढ़ा हुआ प्यार, आकर्षण घृणित हत्या कांड इस तरह परिवर्तित हुआ कि मानवता शर्मसार हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुंबई के काल सैंटर में काम करने वाला यह प्रेमी युगल परिवार एवं समाज के विरोध के कारण दिल्ली के महरौली में लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा। वर्ष 2019 से जान-पहचान तथा सहजीवन पद्धति में जीवन यापन कर रहा इस युगल के खलनायक आफताब को श्रद्धा से नफरत बहुत नफरत होने लगी थी। आफताब ड्रग एडिक्टिड था तथा उसे गांजा की सिगरेट पीने की आदत थी। 18 मई 2022 को आफताब ने गांजा पीकर श्रद्धा का गला दबा कर हत्या करके उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें स्टोर करने के लिए 300 लीटर का फ्रिज खरीदा।

**आनलाईन** चैटिंग, फिर डेटिंग, प्यार का ढोंग, तत्पश्चात लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाले, शारीरिक भोग के पागलपन में चूर आफताब ने श्रद्धा के पैंतीस टुकड़े कर मानवता की धज्जियां उड़ाई कर रख दी हैं। इतिहास में शायद इतना घृणित कार्य कभी भी नहीं हुआ होगा। इस प्यार, शारीरिक संबंध तथा हत्याकांड ने मानवता को झकझोर कर रख दिया है। महाराष्ट्र की 27 वर्षीय श्रद्धा वाकर तथा 28 वर्षीय आफताब पूनावाला का आनलाईन डेटिंग से परवान चढ़ा हुआ प्यार, आकर्षण घृणित हत्या कांड इस तरह परिवर्तित हुआ कि मानवता शर्मसार हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मुंबई के काल सैंटर में काम करने वाला यह प्रेमी युगल परिवार एवं समाज के विरोध के कारण दिल्ली के महरौली में लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगा। वर्ष 2019 से जान-पहचान तथा सहजीवन पद्धति में जीवन यापन कर रहा इस युगल के खलनायक आफताब को श्रद्धा से नफरत बहुत नफरत होने लगी थी। आफताब ड्रग एडिक्टिड था तथा उसे गांजा की सिगरेट पीने की आदत थी। 18 मई 2022 को आफताब ने गांजा पीकर श्रद्धा का गला दबा कर हत्या करके उसके शव के 35 टुकड़े कर उन्हें स्टोर करने के लिए 300 लीटर का फ्रिज खरीदा। बाद में वह कई दिनों तक धीरे-धीरे दिल्ली के छतरपुर के जंगलों में अलग-अलग जगह तक फैंकता रहा। श्रद्धा से नफरत ने उसने श्रद्धा के फोटो जला दिए। बताया जा रहा है कि आफताब ने श्रद्धा का सिर मैदानगढ़ी में लगभग एक किलोमीटर में फैले हुए तालाब में फैंक दिया था जिसे खाली करवाया जा रहा है। बहरहाल मामले में आफताब आमीन पूनावाला को 12 नवंबर को पुलिस ने गिरफ्तार कर 10 दिन के रिमांड के बाद अदालत द्वारा चार दिन का समय बढ़ा दिया है तथा उसे उसके बयानों के अनुसार विभिन्न स्थानों पर ले जाकर जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा आफताब के नार्को टेस्ट तथा पालीग्राफ टैस्ट की भी अनुमति ली गई है। देश के इस चर्चित जघन्य हत्याकांड में पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है तथा इस मामले में नित नवीन जानकारियां प्राप्त हो रही हैं। इस बारे सच क्या है यह तो अभी गहन जांच का विषय है लेकिन इतना ज़रूर है कि 2019 से लिव इन रिलेशनशिप के साये में चल रहा यह प्रेम प्रसंग जघन्य हत्याकांड में परिवर्तित होकर दरिंदगी तथा मानवता की सारी हदें पार देश में दहशत फैला गया। सन्-2006 माननीय उच्चतम न्यायालय ने एक केस में फैसला देते हुए कहा था कि वयस्क होने के बाद कोई व्यक्ति किसी के साथ रहने या शादी करने के लिए स्वतंत्र है। इस फैसले के साथ लिव इन रिलेशनशिप को कानूनी मान्यता मिल गई। अदालत ने कहा था कि कुछ लोगों की नजर में अनैतिक माने जाने के बावजूद ऐसे रिश्ते में रहना कोई अपराध नहीं है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे दो वयस्क जोड़ों की पुलिस सुरक्षा की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि ये संविधान के आर्टिकल 21 के तहत दिए गए 'राइट टू लाइफ' की श्रेणी में आता है। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा था कि लिव इन रिलेशनशिप को व्यक्तिगत स्वायत्तता के चश्मे से देखने की आवश्यकता है, न कि सामाजिक नैतिकता की धारणाओं से। यहां पर माननीय न्यायालयों के फैसलों पर कोई भी टिप्पणी न करके इतना विचार करना आवश्यक है कि जीवन के अधिकार के संवैधानिक मौलिक अधिकार के साथ समाज में स्वस्थ नैतिक मूल्यों की स्थापना होना भी आवश्यक है। आखिर मनुष्य होने के साथ हमारा पशुओं जैसा व्यवहार तथा दरिंदगी कहां तक उचित है? इस तरह की घटनाएं समाज में दहशत फैलाकर प्रेम, आकर्षण तथा शादी जैसी शब्दावलियों के लिए पुनः सोचने को मजबूर करती हैं। आफताब के दिल में श्रद्धा के लिए इतनी नफरत तथा दरिंदगी कि वह उसकी बोटी-बोटी छः महीने तक जंगलों में फैंकता रहा। मानवीय प्रेम, जीवन की परिणति घृणित, जघन्य और शर्मसार करने वाली इससे बड़ी घटना क्या हो सकती है। हालांकि वर्तमान समय में युवक तथा युवतियां पढ़े-लिखे तथा समझदार हैं, परंतु पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर अब वे भी लिव इन रिलेशनशिप की बात करते हैं। शहरों तथा महानगरों, विश्वविद्यालयों, विभिन्न संस्थानों में कार्यरत नौकरीपेशा लोग इसी आधुनिकता के प्रभाव में हैं। शादी जैसे पवित्र रिश्ते को महज कांट्रेक्ट समझा जाता है। जन्म-जन्म के बंधन में बंधने वाली कसमें अब औपचारिकता मात्र हो गई हैं। शादियों में हमारे रस्म-ओ-रिवाजों का उपहास उड़ाया जाता है। विवाहित युगलों के पास बच्चे पैदा करने, उनका पालन-पोषण तथा शिक्षण का समय नहीं। घर में बच्चों की देखभाल नौकर कर रहे हैं, शहरों में बच्चे पालने के पैसे देकर अनेक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। शैशवावस्था से ही बच्चों को नौकरों की हिंसा, पालन-पोषण तथा संस्कार मिल रहे हैं। बच्चों की ट्यूशन कक्षाएं, हाबी क्लासेज में बच्चों को व्यस्त रखा जाता है। शाम या देर रात माता-पिता थके हारे घर आते हैं। सुबह फिर से वही दिनचर्या शुरू हो जाती है। सामाजिक संबंधों, पारिवारिक रिश्तों तथा बूढ़े माता-पिता की सेवा, पारिवारिक तथा सामाजिक ज़िम्मेदारियां निभाना तो अब गए ज़माने की बात हो गई है। ज़िंदगी मशीन जैसी हो गई है। कोई किसी के साथ स्थायी रूप से बंधना नहीं चाहता। व्यावसायिक युवा दिन-रात धन-दौलत, पद, प्रमोशन की दौड़ गाड़ी-बंगला, बैंक बैलेंस की अंधी दौड़ में सामान्य जीवन को भूल गए हैं। सब धन-दौलत, शान-ओ-शौकत, शौहरत, भौतिकवाद की चकाचौंध में जी रहे हैं। इस परिवेश में जीवन मूल्यों की बात करना तो अपनी फजीहत करवाना है। याद रखें, सबसे पहले हमारा अस्तित्व होना आवश्यक है, तभी हम नौकरी, धन-दौलत तथा भौतिक संसाधनों के बारे में सोच सकते हैं। युवाओं को ऐसे घटनाक्रमों से सबक लेते हुए अपने जीवन की व्यवहारिकता, सामाजिकता तथा संस्कारों के लिए सचेत हो जाना चाहिए। इस सम्बन्ध में जीवन के अधिकारों के अनेक पहलू कानून में निर्धारित होंगे परन्तु सामाजिक तथा मानवीय व्यवहार की दृष्टि से तो ऐसा कुकर्म होना अप्राकृतिक, अमानवीय तथा घोर अमानवीय अपराध की दृष्टि से ही देखा जा सकता है। लिव इन रिलेशनशिप के कानून के विषय में देश में जागरूक बुद्धिजीवियों, कानूनविदों तथा समाजशास्त्रियों में इसे वापस लेने की नई बहस शुरू हो गई है।

## देश दुनीया से

# सज गया 'चटकते रिश्तों के एहसास' का बाजार

**दुनिया** में 'बहुत कुछ' बिकता है यह तो सुना था, लेकिन 'सब कुछ बिकता है 'यह पहली बार देख भी लिया। दिल्ली ट्रेड फेयर (अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला) में इस बार एक खास और अनोखे स्टार्टअप का स्टॉल चर्चा में रहा। इसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने तो इस पर मजे भी लिए। इस अनोखे स्टॉल ने मेले में लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आपने तरह-तरह की सर्विस के बारे में सुना होगा, लेकिन हमारे देश में पहली बार यहां दर्शक 'फ्यूनरल एंड डेथ सर्विस' से अवगत हुए। इसका अर्थ होता है कि मरने के बाद इंसान के अंतिम संस्कार की सारी तैयारियां कंपनी ही करेगी। इसमें कंधा देने के लिए चार लोगों का इंतजाम करना हो या फिर पंडित-नाई की जरूरत हो। सुनकर बेहद अजीब लगता है, लेकिन यह बात सही और सच है। हालांकि दीगर मुल्कों में ऐसी सर्विस पहले से ही हैं। अब भारत में भी इसका बाजार आकार लेने लगा है। इस बाजारवाद पर गंभीरता से सोंचे तो यह मानव जीवन से जुड़े हर रिश्ते प्रहार है। ऐसा इसलिए कि हिंदुस्तान में रिश्ते, संस्कार और संस्कृति जिंदा है। यह बाजारवाद बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। इससे आने वाली पीढ़ी बची-खुची जड़ों से भी कट जाएगी। दरअसल बाजार की नाक में सूंघने की क्षमता बहुत होती है। उसने समझ लिया है कि अब भारतीय रिश्तों को निभाना और जीना भूलने लगे हैं। दरअसल यह बाजार उन लोगों के लिए सजाया गया है जो लोग पढ़ाई-लिखाई करके विदेश में बस चुके हैं। वह अब अपने माता-पिता या अन्य से मिलने दो-चार साल बाद आते हैं और दो-चार-दस दिन रुककर चले जाते हैं। यदि ऐसे लोगों के पीछे से उनके घर में किसी की मृत्यु हो जाती है तो वह समय पर नहीं आ पाते। इसकी वजह से पड़ोसी या अन्य रिश्तेदार उनका अंतिम संस्कार कर देते हैं लेकिन कई जगहों पर यह भी देखा जा रहा है कि अब आसपास का समाज भी उतना प्रेम-भाव नही रखता। ऐसी स्थिति को ही भांप कर ही इस तरह की कंपनियां इस धंधे में उतर रही हैं। इस स्टार्टअप में अर्थी को कंधा देने से लेकर, साथ में चलने वाले और राम नाम सत्य बोलने वालों के अलावा पंडित और नाई की व्यवस्था कंपनी करेगी। यहां तक की अस्थियों का विसर्जन भी कंपनी कराएगी। इसके लिए 'फ्यूनरल एंड डेथ सर्विस' ने 37,500 रुपये शुल्क रखा। इस कंपनी ने ट्रेड फेयर में पचास लाख रुपये से ज्यादा का व्यापार किया है। उसका लक्ष्य हाल के महीनों में इस आंकड़े को बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये करना है। यह बाजार दम तोड़ते रिश्तों की मृत्युकथा के आगे का दुखद मार्ग है। जहां संतानों के मुखाग्नि देने की परंपरा खत्म हो जाएगी। दरअसल अब लोग इतने प्रैक्टिकल हो चुके हैं कि इमोशंन की जगह ही नहीं बची। दरअसल महानगरों में खासतौर जहां बड़ी-बड़ी आवासीय सोसाइटी हैं वहां यदि बराबर वाले घर में किसी मृत्यु हो गई और उसके बराबर वाले फ्लैट में किसी के घर में जन्मदिन पार्टी हो रही है तो स्थिति यह देखी जाती है कि केक जरूर कटता है। 'फ्यूनरल एंड डेथ सर्विस' जैसी कंपनी का भारत में कुछ दिन में ही 50 लाख रुपये का व्यापार कर लेना 'परदेशियों' के लिए सुखद और चिंतामुक्त संदेश हो सकता है पर यह जड़ों से जुड़े समाज के उखड़ने की टीस भी है। मगर पश्चिमी सभ्यता से लबरेज इस बाजार को भारतीय वृद्धाश्रमों की खराब होती स्थिति का भी फायदा आज नहीं तो कल जरूर मिलेगा। एकाकी परिवारों के बढ़ते चलन और युवा पीढ़ी का विवाह का माता-पिता से अलग होने का चलन इस बाजार के पांव फैलाने में मुख्य कारक होगा। अब तो भाई-भाई का साथ रहना तो बहुत बड़ी बात मानी जाती है। किसी भाई के बच्चे की शादी में सब नजर आते हैं लेकिन उसका सगा भाई व परिवार दिखाई नही देता। इन स्थितियों के तमाम अपने सामाजिक कारण हो सकते हैं पर यह बाजार दरकते-चटकते संबंधों के बीच अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को भुनाने में कामयाब होता दिख रहा है।

सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने तो इस पर मजे भी लिए। इस अनोखे स्टॉल ने मेले में लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आपने तरह-तरह की सर्विस के बारे में सुना होगा, लेकिन हमारे देश में पहली बार यहां दर्शक 'फ्यूनरल एंड डेथ सर्विस' से अवगत हुए। इसका अर्थ होता है कि मरने के बाद इंसान के अंतिम संस्कार की सारी तैयारियां कंपनी ही करेगी। इसमें कंधा देने के लिए चार लोगों का इंतजाम करना हो या फिर पंडित-नाई की जरूरत हो। सुनकर बेहद अजीब लगता है, लेकिन यह बात सही और सच है। हालांकि दीगर मुल्कों में ऐसी सर्विस पहले से ही हैं। अब भारत में भी इसका बाजार आकार लेने लगा है। इस बाजारवाद पर गंभीरता से सोंचे तो यह मानव जीवन से जुड़े हर रिश्ते प्रहार है।

## नागरिक बोध

# जूटे सपने दिखाने वाले होते है दुश्वारियों का शिकार

**सत्य** को साक्षी की जरूरत नही होती है। सत्य हमेशा उज्ज्वल होता है। सत्य को जुठलाने वाला जीवन मे कभी सफलता हासिल नही कर सकता है। ईमानदार लोग जिन्होंने ईमानदार राजनीति के लिए एक नये प्रयोग को चुना था।तब ईमानदारी का दम्भ भरने वाले लोगो ने नारा दिया था। बाहर निकलो मकानों से, जंग लड़ो बेईमानो से। पर आज उनके समर्थक ही इससे बाहर निकल कर हिसाब देने की बात की थी।समाजसेवी अण्णा हजारे का भी दर्द छलक आया था कि बापू की जिस समाधि से उन्होंने भ्रष्टाचार के विरूद्ध जंग का एलान किया था। अन्ना एक निस्वार्थ सत्याग्रही है। वे अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक महत्वकांक्षा को देर से समझ पाए। इसके बावजूद अण्णा को उम्मीद थी कि शायद अरविंद एक ईमानदार राजनीतिक विकल्प प्रस्तुत करेंगे। परन्तु इंडिया अगेंस्ट करप्शन के आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी से उन ईमानदार दानदाताओं को घोर निराशा हुई है। जिन्होंने एक बड़े उदेश्य के लिए तन मन धन समर्पित किया था। भारत के बाहर अण्णा अरविंद के आंदोलन को संबल प्रदान करने वालो में ड्रॉ मुनीश सबसे अग्रणी थे। अरविंद केजरीवाल को अण्णा ने लिखा था कि आपने जनता से और समाज मे परिवर्तन लाने का वादा किया था। उस वादे को पूरा नही करने से दुःख होता है। सत्ता और पैसा आपके लिए महत्वपूर्ण हो गया है। अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार को केंद्र में रखकर यह कयास लगाए थे कि अब कांग्रेस सत्ता में आने वाली नही है। और नरेंद्र मोदी पर हर रोज निशाना साधने का सिलसिला कई महीनों तक यू ही चला।जब उनको यह अहसास होने लगा कि वो तो निर्दोष और देश के सेवक है तो उन्होंने उनसे ध्यान हटा दिया। अब मोदी पर आरोप और निशाना नही साधते है। केजरीवाल की एक ही इच्छा है उनको देश का प्रधानमंत्री बनना है।उसके लिए उनके लिए ईमानदारी का मार्ग प्रशस्त करना पड़ेगा। समाज और देश की भलाई का सपना लेकर केजरीवाल से जुड़े अण्णा का सपना टूट गया। केजरीवाल ने पार्टी के गठन के समय लोगो के आँखों मे एक सपना जगाया था। दान के हिसाब का भी ब्यौरा देने का वादा किया था। पार्टी में हाई कल्चर को दूर करने का भी भरोसा दिलाया था। केजरीवाल अपने मनमर्जी से पार्टी चला रहे है। सियासी रंग में डूबे केजरीवाल की पार्टी के सिद्धांत ओझल हो चुके है। इन दिनों गुजरात चुनाव के कारण केजरीवाल के दौरे बढ़ गए है। रविवार को मोदी का रोड शो होने के कारण उनको सभा की मंजूरी नही मिल पाई। लेकिन उन्होंने कपड़ा उधमियों से मिलकर चुनाव में मतदान करने की अपील की गई। केजरीवाल ने कपड़ा उधोगपति और व्यवसायियों को आप की सरकार बनने पर सूरत में इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क बनाने की बात कही और व्यापारियों के पेमेंट की सुरक्षा के कानून बनाने का भी वादा किया। केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने कहा कि ऐसी सजा दो कि जमानत जब्त हो जाये। केजरीवाल भाजपा विरोधी फसल को खादपानी देने का काम करेंगे। मोदी ने पाटीदारों के रिस्तो को सुलझाने के लिए सभा मे आह्वान किया तो केजरीवाल ने पाटीदारों को उलझाने की कोशिश कर रहे है। जल, जंगल और जमीन के मुद्दे में सभी दलों की नजर है तो आप के अनेक प्रत्याशियों का भविष्य तय होगा।



# अब बत्ती गुल करके नरसंहार की तैयारी में है रूस
## यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की दुनिया से अपील

**कीव।**
यूक्रेन का कहना है कि यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर हमला करने के बाद रूस अब नरसंहार की तैयारी कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दुनिया के सामने रूस का चेहरा एक बार फिर बेनकाब किया है। यूक्रेन के एक टॉप सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि कीव को घुटनों पर लाने के लिए रूस हर तरह के हथकंडे अपना रहा है।

दरअसल, यूक्रेन की धरती पर लोग इस वक्त कड़ाके की ठंड का सामना कर रहे हैं। इस बीच रूसी सैनिकों ने यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे को नेस्तनाबूत करने के बाद कीव पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। कीव को आत्मसमर्पण करवाने के लिए यह रूस का बड़ा हथकंडा है। ऊर्जा ढांचे के बर्बाद होने के बाद यूक्रेनी बिजली कटौती का सामना कर रहे हैं।

### नरसंहार के आरोपों पर रूस का इनकार

रूसी सैनिकों के लगातार हमलों के बाद पूरे यूक्रेन में लाखों लोग ठंड के मौसम में बिजली कटौती का सामना कर रहे हैं। उधर, रूस इस तरह के कृत्य से इनकार कर रहा है। वहीं, यूक्रेन में बिजली से कटे घरों को फिर से जोड़ने का प्रयास जारी है। अधिकारियों का कहना है कि इस महीने की शुरुआत में यूक्रेनी सैनिकों द्वारा शहर पर फिर से कब्जा करने के बाद खेरसॉन को अब पूरी तरह से आपूर्ति कर दी गई है। लेकिन राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के अनुसार, 14 क्षेत्रों और राजधानी कीव में लोग अभी भी अत्यधिक बिजली कटौती का सामना कर रहे हैं।

संवाददाताओं से बातचीत में यूक्रेन के अभियोजक-जनरल एंड्री कोस्टिन ने कहा कि ऊर्जा ग्रिड पर हमलों के साथ-साथ 11,000 यूक्रेनी बच्चों को जबरन रूस भेज दिया गया है। कोस्टिन ने कहा कि रूस द्वारा 24 फरवरी को पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से उनका कार्यालय 49,000 से अधिक युद्ध अपराधों और आक्रामकता के अपराधों की रिपोर्ट की जांच कर रहा है।

### इस महीने की शुरुआत से खेरसॉन में 32 आम नागरिकों की हत्या

इस बीच, यूक्रेनी पुलिस ने कहा है कि इस महीने की शुरुआत में रूसी सैनिकों के दक्षिणी शहर से चले जाने के बाद से खेरसॉन में हुए हमलों में 32 नागरिक मारे जा चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 4 हफ्ते में पहली बार द. कोरियाई राष्ट्रपति की अप्रूवल रेटिंग 35 प्रतिशत से ऊपर




**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक-योल की अप्रूवल रेटिंग बढ़कर 36.4 फीसदी हो गई, जो चार हफ्तों में पहली बार 30 फीसदी के बीच की सीमा को पार कर गई है। एर रिपोर्ट के अनुसार, मई में रियलमीटर पोल में पदभार ग्रहण करने के बाद से यून की अप्रूवल रेटिंग पिछले सप्ताह से 3 प्रतिशत अंक बढ़ गई, जो सप्ताह में सबसे बड़ी छलांग है, जबकि उनकी अस्वीकृति रेटिंग 3 प्रतिशत अंक गिरकर 60.8 प्रतिशत हो गई। यह पहली बार है जब अक्टूबर के चौथे सप्ताह से यून को रियलमीटर पोल में 35 प्रतिशत से अधिक का समर्थन मिला है। रियलमीटर के एक वरिष्ठ विश्लेषक ने कहा कि 29 अक्टूबर की रात को सोल के इटावन जिले में हैलोवीन पार्टी जाने वाले कम से कम 158 लोगों की जान लेने वाले घातक क्राउड क्रश की संसदीय जांच में भाग लेने के लिए राष्ट्रपति की पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) के निर्णय के हिस्से में वृद्धि को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। राजनीतिक दलों की अनुकूलता रेटिंग पर, मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने 45.5 प्रतिशत समर्थन प्राप्त किया, जो पिछले मतदान से 2.6 प्रतिशत अंक कम था, जबकि पीपीपी ने 36.8 प्रतिशत दर्ज किया, जो पिछले सर्वेक्षण से 3 प्रतिशत अधिक था।

### मस्क ने कहा, पुराने वाइन वीडियो को रिकवर करने के तलाशेंगे तरीका



**सैन फ्रांसिस्को।** ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि वह माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट के शॉर्ट-फॉर्म वीडियो एप्लिकेशन वाइन के पुराने वीडियो को रिकवर करने के तरीकों पर गौर करेंगे। उन्होंने यह बात तब कही जब एक उपयोगकर्ता ने मस्क से पूछा, क्या हमें अपने पुराने वाइन खाते वापस मिलेंगे? इस पर ट्विटर के सीईओ ने जवाब दिया, दोस्तों ने मुझसे पूछा है कि क्या उनके पुराने वाइन वीडियो को फिर से हालिस करने का कोई तरीका है! इस पर गौर करेंगे। एक उपयोगकर्ता ने पूछा, अगर वाइन को वापस लाया गया, तो आपको क्या लगता है कि यह इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब शॉर्ट्स और टिकटॉक के साथ कहां ठहरेगा? वाइन को वापस लाने में यह कितना बड़ा कारक होगा?, दूसरे ने कहा, महाकाव्य होगा, वाइन वापस लाओ। टिकटॉक किलर। पिछले महीने मस्क ने माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर एक पोल पोस्ट किया था, जिसमें यूजर्स से पूछा गया था कि क्या उन्हें लगता है कि वाइन को वापस लाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि वाइन ट्विटर के स्वामित्व वाला छह सेकंड का लूपिंग वीडियो क्लिप शेयरिंग प्लेटफॉर्म था। कंपनी ने 2016 में वाइन ऐप सेवा को बंद कर दिया, इसे कैमरा में बदल दिया, जिससे उपयोगकर्ता 6.5 सेकंड लूपिंग वीडियो शूट कर सकते थे। ट्विटर ने अक्टूबर 2012 में वाइन का अधिग्रहण किया और 2016 तक एप्लिकेशन के 200 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ता थे।

### शीत लहर को लेकर चीन ने दूसरा सबसे बड़ा अलर्ट किया जारी



**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को देश के विशाल क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तापमान में गिरावट, हवाओं, रेत के तूफान, बारिश और हिमपात की भविष्यवाणी करते हुए, एक शीत लहर के लिए दूसरा सबसे बड़ा ऑरेंज अलर्ट जारी किया। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि, सोमवार से बुधवार तक मध्य और पूर्वी चीन के ज्यादातर हिस्सों में तापमान 10 से 16 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि, उत्तर और उत्तर पश्चिम में रेत के तूफान आने की संभावना है। केंद्र के अनुसार इनर मंगोलिया, शांक्सी, जिलिन, शेडोंग, जिआंगसु, गुइझोउ और हुनान के कुछ क्षेत्रों में तापमान में 16 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट देखी जा सकती है। लिओनिंग, जिलिन और हेइलोंगजियांग प्रांतों में भारी बर्फबारी होगी, जबकि सिचुआन, चोंगकिंग, हुबेई और गुइझोउ के कुछ हिस्सों में मंगलवार शाम से गुरुवार तक ओले गिरने की संभावना है।
केंद्र ने कहा कि, मंगलवार तक जियांग्शी, झेजियांग और फुजियान प्रांतों में मूसलाधार बारिश होने का अनुमान है ।

चीन में तीसरे दिन भी प्रदर्शन जारी

# जीरो-कोविड नीति को लेकर बढ़ा विरोध, शंघाई में झड़पें बरकरार

**बीजिंग।**
चीन के कड़े कोविड प्रतिबंधों के खिलाफ विरोध तीसरे दिन भी जारी रहा और कई शहरों में फैल गया। शंघाई में सैकड़ों प्रदर्शनकारी और पुलिस आपस में भिड़ गए। यह झड़पें राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए सबसे बड़ी परीक्षा हैं क्योंकि उन्होंने सत्ता में ऐतिहासिक तीसरा कार्यकाल हासिल किया है।

सूत्रों के अनुसार, पिछले एक दशक में चीन में सिविल नाफर्मानी (सविनय अवज्ञा) की लहर अभूतपूर्व है। महामारी ने शी की जीरो-कोविड नीति पर निराशा बढ़ाई है। पिछले हफ्ते देश के सुदूर पश्चिम में एक अपार्टमेंट में आग लगने से विरोध प्रदर्शन रविवार को शंघाई, बीजिंग, चेंगडू, वुहान और ग्वांगझू सहित शहरों में हुए।

सोमवार को, चीन में कोविड-19 के 40,347 मामले सामने आए, जो एक दिन का एक नया रिकॉर्ड है। रिपोर्ट के अनुसार, हजारों मामलों वाले ग्वांगझू और चोंगकिंग शहर प्रकोप को रोकने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। देश भर के कई अन्य शहरों में भी सैकड़ों संक्रमण दर्ज किए गए। चीनी शेयरों में तेजी से गिरावट आई है क्योंकि निवेशकों ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था पर विरोध के प्रभाव पर चिंता जताई है। बीजिंग में सोमवार सुबह कम से कम 1,000 लोगों के प्रदर्शनकारियों के दो समूह चीन की राजधानी के तीसरे रिंग रोड पर लिआंगमा नदी के पास इकट्ठा हुए और सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



### प्रदर्शन को कवर कर रहे बीबीसी पत्रकार से पुलिस ने पीटा

चीन में कोरोना पाबंदियों के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन को कवर करने पहुंची बीबीसी के पत्रकार के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। चीनी पुलिस पर आरोप है कि उसके अधिकारियों ने पत्रकार से बदसलूकी की और लात-घूसों से उसकी पिटाई की। रिपोर्ट के मुताबिक, पत्रकार को हथकड़ी पहनाकर घसीटने की बात भी सामने आई है। पुलिसकर्मियों ने बीबीसी जर्नलिस्ट को हिरासत में ले लिया, जिसे कुछ घंटों बाद छोड़ दिया गया। बीबीसी ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा कि 'शंघाई में प्रोटेस्ट रैली कवर करने गए उनके पत्रकार एड लॉरेंस के साथ चीनी पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। जर्नलिस्ट के हाथ बांध दिए गए और उन्हें जमीन पर घसीटा गया। इसके बाद उनके ऊपर लात और घूसों से हमले हुए। पत्रकार को गिरफ्तार भी कर लिया गया, लेकिन कुछ घंटों बाद छोड़ दिया गया।'

शंघाई में एक 26 वर्षीय प्रदर्शनकारी ने कहा, ''हम सिर्फ अपने बुनियादी मानवाधिकार चाहते हैं। हम बिना टेस्ट कराए अपने घरों से नहीं निकल सकते। शिनजियांग में हुए हादसे ने लोगों को बहुत दूर धकेल दिया है।''

''यहां के लोग हिंसक नहीं हैं, लेकिन पुलिस उन्हें बिना किसी कारण के गिरफ्तार कर रही है। उन्होंने मुझे पकड़ने की कोशिश की लेकिन मेरे चारों ओर इकट्ठा लोगों ने मेरे हाथों को इतनी मजबूती से पकड़ा और मुझे वापस खींच लिया ताकि मैं बच सकूं।'' रविवार शाम तक इलाके में सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए थे। उन्हें तितर-बितर करने की कोशिश कर रही पुलिस से धक्का-मुक्की की।

लोगों ने विरोध जताने के लिए कागज की खाली शीट पकड़ रखी थीं। शनिवार को शंघाई में लोगों ने 'कोई पीसीआर टेस्ट नहीं, हम आजादी चाहते हैं!' इसके बाद 'स्वतंत्रता! स्वतंत्रता' का बार-बार आह्वान किया।

# कैमरून में अंतिम संस्कार के दौरान भूस्खलन, 14 लोगों की मौत, मलबे में कई दबे



**याउन्डे।**
कैमरून की राजधानी याउन्डे में बड़ा हादसा हो गया। यहां एक अंतिम संस्कार के दौरान भूस्खलन की घटना में 14 लोगों की मौत हो गई। घटना रविवार की है। स्थानीय गवर्नर ने बताया, इस दर्दनाक हादसे में कई लोग लापता भी हैं, आशंका जताई जा रही है कि वे मलबे में दबे हुए हैं, जिन्हें बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

गवर्नर नसेरी पॉल बी ने बताया, हादसे के बाद मौके पर 10 शवों को बरामद किया गया, इससे पहले स्थानीय लोगों द्वारा चार शवों को निकाल लिया गया था। उन्होंने बताया, इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। इसमें एक दर्जन से ज्यादा गंभीर रूप से घायल हैं।

### मोंटगोमरी काउंटी में बिजली के तारों से टकराया छोटा विमान, हजारों घरों में बत्ती गुल



**वाशिंगटन।** मोंटगोमरी काउंटी में रविवार शाम एक छोटा विमान बिजली के तारों से टकरा गया जिससे हजारों परिवार अंधेरे में डूब गए। मोंटगोमरी काउंटी पुलिस विभाग के अनुसार, विमान लगभग शाम 5.30 बजे रोथबरी ड्राइव और गोशेन रोड के पास पावरलाइन से टकरा गया और करीब 100 फीट हवा में लटके विमान में तीन लोग फंस गए। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं दुर्घटना के कारण क्षेत्र में बिजली बंद हो गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है, हालांकि इस हादसे के कारण 90 हजार से ज्यादा घरों में बिजली गुल हो गई है। मोंटगोमरी पुलिस ने बताया कि एक छोटा विमान रोथबरी डॉ एंड गोशेन रोड के क्षेत्र में बिजली लाइनों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे काउंटी के कुछ हिस्सों में बिजली गुल हो गई हे। दुर्घटना बारिश के दौरान एक व्यावसायिक क्षेत्र के पास हुई। हालांकि, इसकी असल वजह का अभी पता नहीं चल पाया है।

# अराजनीतिक होने से बढ़ेगी सेना की प्रतिष्ठा : जनरल बाजवा

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान के निवर्तमान थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल कमर जावेद बाजवा का मानना है कि सेना के 'अराजनीतिक' रहने का फैसला उसकी प्रतिष्ठा बढ़ाने में मदद करेगा।

एक साक्षात्कार में जनरल बाजवा के हवाले से कहा गया कि राष्ट्रीय निर्णय लेने में पाकिस्तानी सेना हमेशा एक प्रमुख खिलाड़ी रही है। देश की राजनीति में अपनी ऐतिहासिक भूमिका के कारण सेना को जनता और राजनेताओं की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। जनरल मंगलवार को जनरल असीम मुनीर को सेना की कमान सौंपेंगे, जिन्हें पिछले हफ्ते सरकार ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया था।

जनरल ने कहा, हालांकि यह निर्णय समाज के एक वर्ग द्वारा नकारात्मक रूप से देखा जा रहा है और व्यक्तिगत आलोचना का कारण बना है, लेकिन यह लोकतांत्रिक संस्कृति को फिर से मजबूत करने में मदद करेगा। राज्य के अंगों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शन करने में सहायता करेगा। इन सबसे ऊपर यह निर्णय सेना की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में मदद करेगा दीर्घावधि।

निवर्तमान सेना प्रमुख ने कहा कि पूरे देश के इतिहास में सेना ने पाकिस्तानी राष्ट्र का बेजोड़



सम्मान और विश्वास हासिल किया है।

पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास में सेना की सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका को हमेशा जनता का अटूट समर्थन मिला है। मेरा मानना है कि जब सेना को राजनीतिक मामलों में शामिल देखा जाता है तो सशस्त्र बलों के प्रति जनता का समर्थन और आत्मीयता कम हो जाती है। इसलिए राजनीति की अनिश्चितता से पाकिस्तानी सेना को बचाना बुद्धिमानी है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि बड़े पैमाने पर प्रचार के माध्यम से सशस्त्र बलों की कुछ आलोचना और अनुचित निंदा के बावजूद और झूठे आख्यानों को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया, संस्था अपनी गैर-राजनीतिक भूमिका के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

# शांति समझौते के बाद इथियोपिया के टीग्रे को मिली पहली मानवीय सहायता

**अदीस अबाबा।**
इथियोपिया में संघर्ष प्रभावित टिग्रे क्षेत्र को हाल ही में शांति समझौते के बाद मानवीय सहायता मिली है। यह जानकारी इथियोपिया सरकार के बयान से सामने आई है।

सूत्रों के हवाले से बताया कि इथियोपियाई राष्ट्रीय आपदा जोखिम प्रबंधन आयोग (एनडीआरएमसी) ने कहा कि, सरकार ने टिग्रे में चार सड़क गलियारों और हवाई परिवहन प्रणाली के माध्यम से कमजोर लोगों को मानवीय आपूर्ति तेज कर दी है।

एनडीआरएमसी के अनुसार, पहले दौर में अकेले मानवीय आपूर्ति में, 90 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं और 450,000 से अधिक लोगों को पौष्टिक भोजन वितरित किया गया।

राष्ट्रीय राहत निकाय ने आगे कहा कि, मानवीय आपूर्ति से लदे 60 से अधिक भारी वाहन क्षेत्र में अपने गंतव्य पर पहुंच गए हैं।

नवीनतम मानवीय सहायता प्रावधान इथियोपियाई सरकार के



वरिष्ठ कमांडरों और क्षेत्र के वास्तविक शासक, विद्रोही टिग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (टीपीएलएफ) के साथ समझौते के बाद आया, जो उत्तरी इथियोपिया के संघर्ष-प्रभावित हिस्सों में मानवतावादी पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए सहमत हुए।

टिग्रे और पड़ोसी क्षेत्रों में सभी जरूरतमंदों के लिए अबाध मानवीय पहुंच को बढ़ावा देने और मानवीय सहायता कर्मियों के आंदोलन को सुविधाजनक बनाने पर सहमत हुए हैं।

वह 2 नवंबर को दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित 'शत्रुता की स्थायी समाप्ति' समझौते के प्रावधानों के अनुसार सहायता कर्मियों और मानवीय संगठनों के साथ-साथ नागरिकों के लिए सुरक्षा गारंटी प्रदान करने पर भी सहमत हुए हैं।

# यूरोपीय संघ का आरोपः चार गुना महंगी गैस बेच रहा अमेरिका, गंभीर ऊर्जा संकट से जूझ रहा यूरोप

**ब्रसेल्स।**
यूरोपीय संघ (ईयू) ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि अमेरिका सहयोगी होने के बाद भी उसकी मजबूरी का फायदा उठा रहा है। ईयू के एक अधिकारी ने कहा कि इस बात पर गंभीरता से सोचना होगा कि क्या वाकई अमेरिका यूरोपीय संघ का सहयोगी है। क्योंकि, पिछले नौ महीनों में ईयू से यूक्रेन के लिए हथियार और पैसे मांगने के अलावा अमेरिका ने किसी भी दूसरे मसले पर बात नहीं की है। जबकि, यूरोप गंभीर ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। इसके विपरीत अमेरिका हथियार और गैस बेचकर खूब मुनाफा कमा रहा है।

एक वरिष्ठ ईयू अधिकारी ने कहा कि पूरी दुनिया रूस-यूक्रेन युद्ध से परेशान है, लेकिन अमेरिका अकेला वह देश है, जिसे युद्ध से सबसे ज्यादा फायदा हो रहा है। अमेरिका यूरोप को ऊंची कीमतों पर गैस बेच रहा है और अपने हथियार खरीदने के लिए मजबूर कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी लोगों की तुलना में ईयू के लोगों को गैस की चार गुना ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। सस्ते ईंधन और सब्सिडी के लालच में यूरोप की तमाम कंपनियां अपना व्यवसाय अमेरिका स्थानांतरित कर रही हैं। इस मसले को लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों खुलेआम कह चुके हैं कि अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ उचित व्यवहार नहीं कर रहा है।

**ईयू के व्यापार मंत्रियों ने की बैठक-** गत दिवस ईयू के व्यापार मंत्रियों की बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से अमेरिका के आईआरए एक्ट को विभेदनकारी और दुश्मनीभरा घोषित किया गया, साथ ही अमेरिका से मांग की गई कि इस कानून के तहत 400 अरब डॉलर की सब्सिडी के प्रावधानों को इस तरह से बदला जाए कि जिससे यूरोपीय संघ के देश



प्रभावित नहीं हों। हालांकि, अमेरिका पहले भी ईयू की इस आपत्ति को दरकिनार कर चुका है। अमेरिका का कहना है कि यह कानून उसकी घरेलु अर्थव्यवस्था से जुड़ा है, इसका यूरोप से कोई सीध संबंध नहीं। आईआरए के तहत हरित उत्पाद खरीदने पर टैक्स क्रेडिट का बंदोबस्त किया गया है। इसी वजह से तमाम कंपनियां अमेरिका का रुख कर रही हैं।

**यूरोप गैस आपूर्ति के लिए पूरी तरह से अमेरिका पर निर्भर-** ईयू के आंतरिक बाजार आयुक्त थियेरी ब्रेटन ने कहा कि एक तरफ तो अमेरिका रूसी तेल और गैस पर कैपिंग करना चाहता है, लेकिन अपनी गैस चार गुना महंगी बेच रहा है। जबकि मुश्किल के इस दौर में अमेरिका को यूरोपीय देशों को रियायती दर पर गैस मुहैया करानी चाहिए। जबकि, आज यूरोप गैस आपूर्ति के लिए पूरी तरह से अमेरिका पर निर्भर हो गया है।

**अमेरिका ने अपने सहयोगियों को अंधेरे में रखा: श्राइनेमेकर-** नीदरलैंड्स की व्यापार मंत्री लेस्जे श्राइनेमेकर ने कहा कि आईआरए एक्ट यूरोपीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। इसके बारे में अमेरिका को ईयू के साथ बातचीत करनी चाहिए थे, लेकिन अमेरिका ने अपने सहयोगियों को अंधेरे में रखा और अब कह रहा है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा, जबकि दर्जनों कंपनियां यूरोप छोड़कर अमेरिका जा चुकी हैं।

क्रोएशिया से यूरोपीय संसद क सदस्य टोनिनो पिक्युला ने कहा कि अमेरिकी आईआरए साफ तौर पर यूरोपीय देशों के लिए भेदभाव भरा और मुसीबतें खड़ी करने वाला है। अमेरिका यूरोपीय संघ और इसके लोगों की कीमत पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत और अपने लोगों को सुविधा दे रहा है, जो पूरी तरह से गलत है।

**हमारा सबसे अच्छा दोस्त ही हमारे मुश्किल दौर से सबसे ज्यादा फायदा उठा रहा: बोरेल-** ईयू के मुख्य वार्ताकार जोसेप बोरेल ने तंज कसते हुए कहा कि अमेरिका हमारा दोस्त है और हमेशा ऐसे फैसले करता है, जिनका हमारे ऊपर गहरा आर्थिक असर पड़ता है। इसके साथ ही बोरेल ने कहा, रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिकी रवैये को लेकर ईयू के लोगों का रुख बदल रहा है। लोग साफ तौर पर देख रहे हैं कि युद्ध से आखिर किसे फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि वक्त की नजाकत के लिहाज से यह कहने का सही मौका नहीं है कि हमारा सबसे अच्छा दोस्त ही हमारे मुश्किल दौर से सबसे ज्यादा फायदा उठा रहा है।

# गहलोत और पायलट की पार्टी को है जरूरत : राहुल



**जयपुर ( हि.स. )।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गद्दार कहने की घटना को राहुल गांधी ने ज्यादा तवज्जो नहीं देने के संकेत दिए हैं। राहुल गांधी ने अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों को साथ लेकर चलने के संकेत दिए हैं। राहुल गांधी के इस बयान के बाद कांग्रेस की अंदरूनी सियासत को लेकर चर्चा शुरू हो गई हैं। इस बयान को राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के आने से पहले ही दोनों नेताओं को साथ लाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। इससे पहले कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी कहा था कि पार्टी को अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों की जरूरत है। इंदौर में राहुल गांधी से जब पायलट के गद्दारी करने को लेकर सवाल पूछा तो गया तो उन्होंने कहा कि मैं इस पर जाना नहीं चाहता हूं कि किसने क्या कहा? दोनों नेता पार्टी की सम्पत्ति हैं। मैं आपको एक बात की गारंटी दे सकता हूं कि इसका भारत जोड़ो यात्रा पर कोई असर नहीं होगा। भारत जोड़ो यात्रा पांच दिसंबर के आस-पास राजस्थान में प्रवेश कर रही है। यात्रा के राजस्थान आने से पहले ही राहुल गांधी ने यह बयान देकर इस बात के संकेत दे दिए हैं कि पार्टी अब इस मुद्दे को तूल नहीं देना चाहती। अब राहुल गांधी की यात्रा तक राजस्थान को लेकर कोई फैसला होने की उम्मीद नहीं है। राहुल गांधी के बयान से यह माना जा रहा है कि राजस्थान को लेकर फिलहाल कांग्रेस फैसला नहीं करेगी। फिलहाल पार्टी ने राजस्थान की खींचतान को वेट एंड वॉच मोड पर डाल दिया है। टाइम टेकिंग स्ट्रेटजी के तहत अब इस पर बाद में फैसला होने के आसार हैं। इससे गहलोत और पायलट खेमे की खींचतान जस की तस रहने के आसार बनते दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कुछ दिन पहले एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा था कि पायलट ने गद्दारी की, इसलिए मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें कोई स्वीकार नहीं करेगा। उनके पास 10 विधायक भी नहीं हैं। गहलोत ने 25 सितंबर को विधायकों की बगावत को क्लीन चिट देते हुए कहा था कि 25 सितंबर को जो कुछ हुआ, वह पायलट के कारण हुआ, क्योंकि वे ऐसा व्यवहार करने लगे थे, जैसे दूसरे दिन शपथ लेने वाले हों। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा करीब 17 दिन तक राजस्थान में रहेगी। गहलोत के पायलट को गद्दार कहकर खुलकर निशाना साधने के बाद यह माना जा रहा था कि यात्रा पर इसका कोई असर होगा और इससे खींचतान बढ़ने के आसार दिख रहे थे। पहले जयराम रमेश ने गहलोत-पायलट दोनों को कांग्रेस के लिए जरूरी बताते हुए सीएम के शब्दों को अप्रत्याशित बताया। अब राहुल गांधी ने भी उसी लाइन पर बयान देकर दोनों नेताओं को साथ रखने की बात कही है। माना जा रहा है कि राजस्थान में राहुल की यात्रा में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को सार्वजनिक रूप से गले मिलवा कर एकता का मैसेज दिया जा सकता है।

## वेयर हाउस जम्मू अब बनेगा संस्कृत बाजार : दीपक गुप्ता



**जम्मू।** अनाज मंडी वेयर हाउस-नेहरू मार्केट जम्मू के प्रधान दीपक गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 29 नवंबर यानि कल मंगलवार दोपहर 12 बजे अनाज मंडी वेयर हाउस-नेहरू मार्केट जम्मू संस्कृत बाजार का शुभारंभ होगा। इस दिन देववाणी संस्कृत में वेयर हाउस में सामान की बिक्री होगी और संस्कृत में बिल काटे जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम देववाणी संस्कृत के विद्वान स्वर्गीय डॉ. उत्तमचंद शास्त्री पाठक जन्मशताब्दी समारोह के अंतर्गत वेयर हाउस-नेहरू मार्केट जम्मू, चूड़ामणि संस्कृत संस्थान बसहोली जम्मू-कश्मीर, श्री कैलख ज्योतिष एवं वैदिक संस्थान ट्रस्ट जम्मू-कश्मीर, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीरणबीर परिसर जम्मू-कश्मीर और शेर-ए-कश्मीर यूनिविर्सटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (स्कास्ट) जम्मू के संयुक्त तत्वावधान से होगा। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीरणबीर परिसर जम्मू-कश्मीर डायरेक्टर प्रोफेसर मदन मोहन झा ने कहा कि 30 नवंबर से अनाज मंडी वेयर हाउस-नेहरू मार्केट जम्मू के कार्यालय में शाम 4 बजे शाम 5 बजे तक संस्कृत सीखने के लिए क्लास भी चलेगी। प्रेस कांफ्रेंस के अंत में श्रीकैलख ज्योतिष एवं वैदिक संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रोहित शास्त्री ने मीडिया को बताया कि जल्द ही हम मोबाइल गुरु कुल भी शुरू करने जा रहे हैं जो पूरे प्रदेश में देववाणी संस्कृत को लोगों को सीखाया जाएगा।

## पूर्व सांसद अवतार भड़ाना पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज



**फरीदाबाद ( हि.स. )।** फरीदाबाद के पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने जमीनी धोखाधड़ी के आरोपों में आईपीसी की धारा 420 व 406 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस में लिखित शिकायत करने के बाद भी जब आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तो उसे न्याय पाने के लिए मजबूरन कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोर्ट के आदेश के बाद अब पुलिस को पूर्व सांसद के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों में मुकदमा दर्ज करना ही पड़ा। जानकारी के मुताबिक ओल्ड फरीदाबाद के बस्सा पाड़ा निवासी जवाहर बंसल ने 22 जून, 2021 को पुलिस को एक लिखित शिकायत थी कि अवतार सिंह भड़ाना पुत्र स्व. नाहर सिंह निवासी अनंगपुर ने उसके भाई कैलाश बंसल से ढाई करोड़ में एक जमीन का सौदा किया था। इस सौदे के एवज में उन्होंने अवतार भड़ाना को एक लाख रुपए नगद और बाकी की पैमेंट के चैक दे दिए थे। शिकायतकर्ता जवाहर बंसल के मुताबिक रजिस्ट्री के वक्त उन्हें पता चला कि जिस जमीन को सौदा अवतार भड़ाना ने उनसे किया है, उस जमीन का पट्टा तो उसके भाई करतार भड़ाना पूर्व मंत्री के नाम है। इस पर उन्होंने अवतार को कहा कि जब तक करतार का पट्टा तर्क/कैंसिल नहीं होगा, तब तक वो रजिस्ट्री नहीं कराएंगे। अवतार भड़ाना ने जवाहर के भाई कैलाश से प्रार्थना की कि जल्द ही इलेक्शन आने वाले हैं जिसके चलते उसे पैसों की जरूरत है। अवतार ने कैलाश से वायदा किया कि वो अपने भाई से पट्टा तर्क/कैंसिल करा देगा। बकौल जवाहर, उसका भाई कैलाश उसकी बातों में आ गया और उसने रजिस्ट्री अपने और गौरव मक्कड़ के नाम करा ली जिसकी एवज में अवतार को चैक भी दे दिए। अवतार ने उस वक्त एक शपथ पत्र भी दिया, जिसमें कहा गया कि करतार भड़ाना से पट्टा तर्क/कैंसिल कराना उसकी जिम्मेदारी है और वो पट्टा तर्क/कैंसिल कराने के बाद ही चैक बैंक में डालेगा।

## वीआईपी कल्चर पर सीएम मान ने चलाई कैंची

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने वी.आई.पी. कल्चर को रोकने के लिए नया आदेश जारी किया है। वीआईपी कल्चर पर कैंची चलाते हुए सीएम मान ने मंत्रियों-विधायकों और अफसरों को पांच सितारा होटल की जगह सर्किट हाउस व सरकारी गेस्ट हाऊस में रुकने के लिए कहा है। सीएम मान ने कहा कि सर्किट हाउस व सरकारी गेस्ट हाऊस होने के बावजूद भी मंत्री होटल में रुकते हैं और इससे सरकारी खजाने पर बोझ पड़ता है। इसके चलते सीएम मान ने आदेश जारी किए हैं कि अब कोई भी मंत्री फील्ड विजिट में जाता है तो उसे होटल की जगह सर्किट हाऊस या सरकारी गेस्ट हाऊस में रुकना होगा। सरकार द्वारा गेस्ट हाउस व सर्किट हाउस का रिकार्ड इकट्ठा किया जा रहा है और इनकी मुरम्मत करने के भी आदेश दिए हैं।

## भौतिकी विभाग की ओर से आयोजित क्रिस्टलोग्राफी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन



**जम्मू।** प्रोफेसर उमेश राय जम्मू विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने आज क्रि स्टलोग्राफी पर राष्ट्रीय समिति के तत्वावधान में जम्मू विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित क्रिस्टलोग्राफी पर तीन दिवसीय 49वें राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। प्रो. उमेश राय के साथ प्रोफेसर टीपी सिंह, प्रतिष्ठित शोध प्रोफेसर एम्स नई दिल्ली और प्रोफेसर शेखर चिंतामी मांडे सीएसआईआर के पूर्व महानिदेशक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए। उपकुलपति प्रो. उमेश राय ने क्षेत्र की अनुप्रयोग क्षमता के बारे में बात की और विज्ञान संकायों को अलग करने वाली सीमाओं को भंग करने का विचार बनाया। उन्होंने राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए विभाग को बधाई दी। संगोष्ठी के संयोजक प्रोफेसर रजनीकांत ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिन पर आयोजन के अगले तीन दिनों के दौरान विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने याद किया कि भौतिकी विभाग 1986 से 5वीं बार इस सेमिनार का आयोजन कर रहा है, इसके बाद 1992, 2002, 2010 और 2022 में। उन्होंने सभा को आगे बताया कि संगोष्ठी ने देश भर के 225 से अधिक वैज्ञानिकों की भागीदारी को आकर्षित किया है और तीन दिनों के आयोजन के दौरान 175 से अधिक शोध प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रोफेसर टीपी सिंह और प्रोफेसर शेखर मंडे ने जम्मू विश्वविद्यालय के साथ अपने जुड़ाव को याद किया।

## देश को हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं करना सेकुलर तंत्र की लाचारी है : निश्चलानंद

**यमुनानगर।** गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री हिंदू है। ऐसे में देश को हिंदू राष्ट्र घोषित नहीं करना सेकुलर शासन तंत्र की लाचारी है। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 25 में जैन, बौद्ध,सिखों को हिंदू घोषित किया गया था, लेकिन आरक्षण में जैन बौद्ध सिखों ने अपने को अल्पसंख्यक हिंदू घोषित कर दिया। ऐसा ना करते तो आज जनसंख्या की दृष्टि से हिंदू विश्व में दूसरे स्थान पर होता। उन्होंने कहा कि हमें हिंदुत्व की तरफ कदम उठाना आवश्यक है। बता दें कि स्वामी निश्चलानंद सरस्वती आज यमुनानगर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए आरएसएस के मोहन भागवत के बारे में कहा कि उनके शरीर में हिंदुओं का कोई चिन्ह मत ढूंढो।

## कुरुक्षेत्र : राष्ट्रपति दौरे को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम



**कुरुक्षेत्र ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में 29 नवंबर को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति के कुरुक्षेत्र दौरे को लेकर कुरुक्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। विभिन्न जिलों से आये व जिला पुलिस के करीब 4 हजार महिला एवं पुलिस जवानों को वीवीआईपी सुरक्षा ड्यूटियों पर तैनात किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव व महामहिम के कुरुक्षेत्र आगमन के दौरान सुरक्षा डयूटियां दिन व रात की शिफ्ट में तैनात रहेंगी। इन सुरक्षा ड्यूटियों को लेकर पुलिस महानिदेशक हरियाणा प्रशांत कुमार अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने उपरान्त सुरक्षा में तैनात सभी अधिकारियों को दिए जरुरी दिशा निर्देश। राष्ट्रपति के आगमन पर पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। महामहिम के धर्मनगरी दोरे को लेकर पुलिस ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करके सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने आज राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने उपरान्त विभिन्न जिलो से आए हुए पुलिस अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि वीवीआईपी आगमन के दौरान ड्यूटी मे किसी प्रकार लापरवाही सहन नही की जाएगी। व्यक्तिगत गलाईडर या ड्रोन उडाने की अनुमति नही दी जाएगी। इस संबंध में सभी थाना प्रभारी व गीता महोत्सव मे तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को इस बारे में स्पष्ट निर्देश दिये गए है। 250 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की मदद से महोत्सव के चप्पे-चप्पे पर नजर, एन्टी सेबोटेज की 5 टीमों द्वारा चेकिंग की जारी है। ब्रह्मसरोवर के सभी गेटो पर मैटल डिटेक्टर लगाये गए हैं महोत्सव में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इन मैटल डिटेक्टरो से होकर गुजरना होगा।

## गीता जयंती में नजर आया देश की लोक संस्कृति का महाकुंभ



**कुरुक्षेत्र ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के घाटों पर देश की लोक संस्कृति का महाकुंभ देखने को मिला। इस लोक संस्कृति के महाकुंभ में जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, वेस्ट बंगाल, असम, राजस्थान, उत्तराखंड के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इन कलाकारों को उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला क्षेत्र पटियाला की तरफ से आमंत्रित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2022 में सरस और शिल्प मेले में शिल्प कलाओं के साथ-साथ देश की लोक संस्कृति को देखने का एक बार फिर सुनहरी अवसर पर्यटकों को मिला है। कोरोना महामारी के बाद इस वर्ष बड़े स्तर पर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसलिये इस वर्ष महोत्सव के शिल्प और सरस मेले के साथ-साथ लोक संस्कृति का आनंद लेने के लिये ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर देश के कोने-कोने से पर्यटक पहुंच रहे हैं। इस वर्ष उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केंद्र की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। अब 29 नवंबर से कुछ और राज्यों कलाकार महोत्सव में पहुंच रहे है, जिनमें लद्दाख, त्रिपुरा, उड़िसा, गुजरात, आंध्र प्रदेश शामिल है। ये कलाकार 29 नवंबर से 6 दिसंबर तक अपनी प्रस्तुति देंगे। एनजेडसीसी की तरफ से विभिन्न राज्यों के कलाकार महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों में अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं। इन तमाम राज्यों के कलाकार अपने-अपने प्रदेशों की लोक संस्कृति से सबका मन मोह रहे हैं। एक मंच पर देश के अलग-अलग राज्यों की लोक संस्कृति को देखना हर कोई अपना सौभाग्य मान रहा है।

## दूसरा पड़ाव : किसान संगठन एक बार फिर *अपना दमखम* दिखाने में हुए कामयाब



**चंडीगढ़।** किसान संगठनों के दिल्ली मोर्चे के करीब 2 साल बाद एक बार फिर से पंजाब के 33 किसान संगठन एक साथ एक ही मंच पर नजर आए, हालांकि इस बड़ी सभा और देशव्यापी किसानी प्रोग्राम से भारतीय किसान यूनियन (राजेवाल) और डल्लेवाल जैसे किसान नेता दूर रहे। लेकिन फिर भी किसान संगठनों ने जता दिया कि आपसी खींचतान और कुछ मतभेदों के बावजूद किसानी मुद्दों पर किसान संगठन मजबूती से एक हैं। राजनीतिक नेताओं द्वारा हाल ही के दिनों के दौरान की गई टिप्पणियों पर इस सभा के साथ किसान यूनियनों द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया दी गई है। गौरतलब है कि किसान यूनियनों की गत दिवस की गई सभा अपनी मांगें 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके किसानों को सरकार की ओर से 10 हजार पैंशन, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को पूरी तरह लागू करने के आधार पर लागत जमा 50 फीसदी फार्मूले के साथ सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून बनाने और सभी फसलों की एम.एस.पी. पर खरीद सुनिश्चित बनाने संबंधी राज्यपालों के मार्फत राष्ट्रपति को मांग पत्र भेजने से संबंधित थी। किसान यूनियनों द्वारा इस संबंधी पहले ही एक कार्यक्रम की घोषणा की जा चुकी थी और अब इस कार्यक्रम के अगले पड़ाव के तहत 8 दिसंबर को करनाल में बैठक की जानी है। किसान नेता इस संघर्ष को दिल्ली मोर्चे का दूसरा पड़ाव बता रहे हैं क्योंकि किसान नेताओं का कहना है कि सरकारों ने किसानों के साथ संबंधित अहम मांगें मान तो ली थीं, लेकिन 2 साल बीत जाने के बावजूद उन मांगों को लागू नहीं किया जा रहा है। इसी तरह पंजाब सरकार द्वारा भी किसानों से जुड़े कई मुद्दों को लटकाया जा रहा है। गौरतलब है कि अगर यह किसान संघर्ष खींचा और किसान के मामलों का कोई हल नहीं निकलता तो 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को किसानों के तीखे विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

## आरएस पुरा में विश्वकर्मा सभा की ओर से भाजपा ओबीसी मोर्चा का अभिनंदन किया गया



**जम्मू।** विश्वकर्मा सभा मीरन साहिब, आरएस पुरा द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में विश्वकर्मा सभा के पदाधिकारियों द्वारा भाजपा ओबीसी मोर्चा का अभिनंदन किया गया। घारू राम भगत (अध्यक्ष भाजपा एससी मोर्चा और डीडीसी सदस्य) और ब्रह्म ज्योत सत्ती (अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू-कश्मीर) इस अवसर के मुख्य अतिथि थे, जबकि राजकुमार तरखान (महासचिव भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू-कश्मीर और अध्यक्ष जेएमसी), सुनील प्रजापति (महा सचिव भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू-कश्मीर) सम्मानित अतिथि थे। कार्यक्रम का आयोजन कृष्ण लाल (अध्यक्ष विश्वकर्मा सभा) एवं अशोक कुमार लकी (जिलाध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा, आरएस पुरा) ने किया। मौके पर वरिंदर वर्मा (जिला महासचिव भाजपा ओबीसी मोर्चा), परवीन बडयाल (जिला सचिव भाजपा ओबीसी मोर्चा), पूरन चंद (अध्यक्ष), बच्चू लाल (उपाध्यक्ष), पवन कुमार (सामान्य सचिव), विजय कुमार (उपाध्यक्ष), जगदीश राज संयोजक, पवन सलारिया (खजांची), रमेश कुमार बिल्ला, बलविंदर कुमार, भगवान दास, तरसेम लाल, सुभाष चंदर, बिशन दास, जतिंदर कुमार, विशाल कुमार, सनी कुमार, राम दास उपस्थित थे। कार्यक्रम में आयोजकों ने ब्रह्म ज्योत और उनकी टीम का जोरदार स्वागत किया। उन्होंने माता की चुन्नी और गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। फिर उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की पूजा की और राष्ट्र की शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थना की। उसके बाद विश्वकर्मा सभा के पदाधिकारियों ने ब्रह्म ज्योत के साथ बैठक की और आरक्षण और ओबीसी प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मौके पर बोलते हुए घारू राम भगत ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा ओबीसी मोर्चा के काम की सराहना की और कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा जमीनी स्तर पर काम कर रहा है और मानवता की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनावों में भाजपा ओबीसी मोर्चा ने उनका समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि सरकार ओबीसी के सभी मुद्दों पर काम कर रही है और बहुत जल्द जम्मू-कश्मीर में ओबीसी के सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा। संबोधित करते हुए ब्रह्म ज्योत ने ओबीसी के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया और उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा जनता के लिए सर्वोत्तम है। उन्होंने भाजपा ओबीसी मोर्चा आरएस पुरा इकाई के कार्यों की सराहना की और कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा ने नि:स्वार्थ सेवा कर लोगों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि कुछ सत्ता के भूखे लोग मूर्ख बना रहे हैं, हमारी हिंदू संस्कृति के खिलाफ हमारी ओबीसी जनता के बीच जहर फैला रहे हैं और हमारी एकता को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।


**SHORT TENDER NOTICE**

The Divisional Forest Officer, Kamrup East Division, Basistha, Guwahati invites e-tender through e-procurement system ie. through the website www.assamtenders.gov.in for following work from APWD (Registered) eligible contractors having experience of similar nature of work. The e-tender is Two-Bid System, to be submitted with affixing Court Fee Stamp worth Rs. 8.25 (Rupees Eight and paisa Twenty Five) only in favour of Divisional Forest Officer, Kamrup East Division, Basistha, Guwahati. The Tender Fee and EMD should be paid through online portal i.e. *www.assamtenders.gov.in* **w.e.f, 29/11/2022.**

Details of the bid may be seen at www.assamtenders.gov.in

| Sl. No. | Name of Work | Pale of Work | No (s) of Pillar | Tender Work value inclusive of all tax applicable | Security Deposit | Earnest Money Deposit | Time of Completion | Tender Processing Fee |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of boundary pillar & iron stick with flag mentioning GPS coordinates inside West Aprikola Reserve Forest for construction of 18 dia (Carbon steel) Natural Gas Pipeline along with Optical Fibre Cable (OFC) from Guwahati to Panisagar under Kamrup East Division, Guwahati in favour of Indradhanush Gas Grid Ltd. | Sonapur Range | 428 | 33,38,400.00 | 10% of the Estimated Cost | 2% for Gen, 1% for OBC/ ST/SC of the Estimated Cost | 180 days from the date of issue of Work Order | 1000/- |

**NOTE :**

1) The tenderer must be registered with *www.assamtenders.gov.in* for participating in the bidding process. The Bidding documents may be downloaded through the portal *www.assamtenders.gov.in* by using their own ID.
2) Online submission of tender is mandatory. Manual submission (without online submission) of tender will be considered as non-responsive. Tenderer are to submit the required documents by scanning and uploading the same.
3) The tenderer shall submit the cost of tender processing fee and the earnest money deposit through online in the portal *www.assamtenders.gov.in*

*-- Janasanyog /C/ 14901 /22*

Divisional Forest Officer,
Kamrup East Division, Basistha,
Guwahati-29




# अमेजन यूरोप के दो मामलों में कर सकती है समझौता वैश्विक राजस्व का चुकाना पड़ सकता है 10 प्रतिशत जुर्माना

**ब्रसेल्स**

**यूरोपीय बाजार की खुली प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुंचाने में आरोपी अमेरिका ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन अपने खिलाफ चल रहे दो मामलों में जल्द समझौते कर सकती है। कंपनी पर लगे आरोप जांच में सही साबित हुए तो यूरोपीय संघ के कानून के अनुसार अमेजन को अपने कुल वैश्विक राजस्व का 10 प्रतिशत मुआवजे में चुकाना पड़ सकता है।**

सूत्रों के अनुसार यही 10 प्रतिशत जुर्माने का डर कंपनी को समझौते के लिए प्रेरित कर रहा है। यह भी माना जा रहा है कि जांच पर इसी साल के खत्म होने तक निर्णय आ सकता है। यही वजह है कि कंपनी जोर दे रही है कि निर्णय से पहले समझौता हो जाए। वहीं आरोपों के बाद कंपनी ने जिससे छोटे कारोबारियों को नुकसान पहुंचा रही अपनी डाटा नीति में बदलाव भी किए थे। एजेंसी

### शिकायत और नुकसान

इन कृत्य से छोटे कारोबारियों को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। विशेषज्ञों के अनुसार वे अमेजन जैसी विशाल कंपनी का मुकाबला वैसे भी नहीं कर सकते थे। इसके खिलाफ शिकायतें हुई तो अमेजन ने जुलाई में विभिन्न मानकों पर डाटा संग्रह प्रति प्रतिस्पर्धा के लिए इसका विश्लेषण रोक दिया। हालांकि कारोबारियों को कई वर्षों में हुए नुकसान की भरपाई की मांग की जा रही है।

### ई-कॉमर्स कंपनी पर आरोप

अपने प्लेटफॉर्म पर सामान व उत्पाद बेच रहे छोटे कारोबारियों का डाटा अमेजन ने न केवल जमा किया, बल्कि इनके आधार पर कारोबारियों के लोकप्रिय उत्पादों को टक्कर देने खुद के उत्पाद भी बाजार में उतारे। कारोबारियों के उत्पादों को यूजर्स द्वारा की गई सर्च के रिजल्ट में अपने उत्पादों से पीछे रख दिया। यानी उसने अपने प्लेटफॉर्म का हर तरह से अनुचित फायदा उठाया, जिसे खुली प्रतिस्पर्धा के नियमों के खिलाफ माना जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी निवेश का बेहतर साधन है म्यूचुअल फंड




**नई दिल्ली।** म्यूचुअल फंड को लेकर आमतौर पर धारणा है कि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए जोखिम भरा होता है। इसकी बड़ी वजह वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ती उम्र है। लेकिन, वर्तमान में ऐसे नागरिकों के लिए निवेश के कई विकल्प मौजूद हैं। इन्हीं में एक है म्यूचुअल फंड। मौजूदा समय में ऐसे कई म्यूचुअल फंड हैं, जिन्हें खासतौर पर ऐसे नागरिकों की जरूरतों और कम जोखिम को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। रिटर्न के लिहाज से भी यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए निवेश का अच्छा विकल्प है। म्यूचुअल फंड के जरिये फंड मैनेजर निवेशकों की कमाई को उन योजनाओं में लगाते हैं, जहां बेहतर रिटर्न मिलता है। इससे निवेश में विविधता भी आती है। इसकी रकम को शेयर, बॉन्ड और ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) आदि में लगाया जाता है। इसलिए इसके प्रदर्शन यानी रिटर्न पर बाजार के उतार-चढ़ाव का असर रहता है। निवेश विशेषज्ञों का मानना है कि म्यूचुअल फंड वरिष्ठ नागरिकों की ओर से किए जाने वाले निवेश को महंगाई के असर से भी बचाता है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) या एकमुश्त भुगतान के जरिये निवेश कर सकते हैं। उन वरिष्ठ नागरिकों के लिए पैसे लगाने का यह बेहतर विकल्प साबित हो सकता है, जिन्हें अपने निवेश में लचीलेपन की जरूरत होती है। दरअसल, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) और रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) में किए गए निवेश पर महंगाई का असर पड़ता है। इसलिए रिटर्न के लिहाज से एफडी व आरडी के मुकाबले लंबी अवधि के लिए म्यूचुअल फंड में निवेश ज्यादा मुनाफा दिला सकता है। हालांकि, कम अवधि के निवेश में नुकसान की आशंका रहती है। वरिष्ठ नागरिकों को शुरुआती पांच साल के लिए डेट म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए। वहीं, अगले पांच साल के नियमित खर्चों के लिए बैलेंस्ड म्यूचुअल फंड में पैसे लगा सकते हैं।

### तेजी से चढ़ रहे हैं आईआरसीटीसी के शेयर, निवेशकों को हुआ जबरदस्त मुनाफा

**नई दिल्ली।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड आईआरसीटीसी के शेयर सोमवार के कारोबार में दोपहर तक तेजी से ट्रेड कर रहे थे। इन शेयरों में 1.08 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। आईआरसीटीसी का शेयर 720.0 रुपये पर खुला और इसने क्रमशः 736.0 रुपये और 719.0 रुपये के उच्च और निम्न स्तर को छुआ। आपको बता दें कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के शेयरों ने 52-सप्ताह के उच्च स्तर 918.3 रुपये और 52-सप्ताह के निचले स्तर 557.0 रुपये को छुआ है। फिलहाल इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड का कुल मार्केट कैप 58264.0 करोड़ रुपये है। इंडियन रेलवे की इस प्रमुख वित्तीय कंपनी ने 30-सितंबर-2022 को समाप्त तिमाही के लिए 831.8 करोड़ रुपये की कुल बिक्री दर्ज की। जो पिछली तिमाही के 877.01 करोड़ रुपये से 5.16 प्रतिशत कम है।

### एथर एनर्जी की उत्पादन क्षमता साढ़े तीन गुना बढ़ी, हर रोज 650 ई-स्कूटर बन रहे



**बंगलूरू।** ई-स्कूटर और चार्जिंग स्टेशन कंपनी एथर एनर्जी उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 35 हजार ई-स्कूटर प्रति माह करेगी। तमिलनाडु के होसुर में अपने दूसरे उत्पादन संयंत्र के शुभारंभ पर कंपनी के सह-संस्थापक स्वप्निल जैन ने बताया कि इस संयंत्र के चालू होने के बाद अब सालाना उत्पादन क्षमता चार लाख 20 हजार ई-स्कूटर हो गई है। अभी तक यह एक लाख 20 हजार यूनिट प्रतिवर्ष थी। वर्तमान में एथर एनर्जी हर रोज लगभग 650 ई-स्कूटर बना रही है। दूसरे संयंत्र की बदौलत वह अब हर रोज 1200 यूनिट बना सकती है। उन्होंने कहा कि दो साल के भीतर ही ई-स्कूटर की मांग इतनी बढ़ जाएगी कि देश में बिकने वाला हर दूसरा स्कूटर इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा। अभी कंपनी इस उत्पादन क्षमता के लगभग 60प्रतिशत हिस्से का ही प्रयोग कर पा रही है लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक 100प्रतिशत उत्पादन क्षमता का उपयोग होने लगेगा।

# बांधनी ने जामनगर को दिलाई वैश्विक पहचान, इससे चलती है 50 हजार से ज्यादा लोगों की रोजी-रोटी

**जामनगर।**

**कपड़ों की डाई और टाई करने की अति प्राचीन बांधनी कला केवल राजस्थान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों और गुजरात और वहां भी विशेष रूप से जामनगर में खासी प्रचलित है। जामनगर में रहने वाले लोगों की बड़ी संख्या इस कारोबार से जुड़ी है। जानकारी के मुताबिक, बांधनी बनाने का व्यवसाय जामनगर में कम से कम 50,000 लोगों के लिए रोजगार पैदा करके आजीविका प्रदान करता है।**



### बांधनी ने जामनगर को दिलाई वैश्विक पहचान

बता दें कि बांधनी कपड़ों की रंगाई और उस पर कलाकृतियां बनाने की एक पारंपरिक कला का रूप है। इसका उपयोग साड़ी, दुपट्टे और स्टोल के लिए कपड़ा सामग्री बनाने में किया जाता है। इस कला ने जामनगर को विश्वव्यापी पहचान दिलाई है। इस काम में केवल पुरुष ही नहीं बल्कि वहां की महिलाओं का भी बड़ा योगदान रहता है। यहां के पुरुष कपड़े की रंगाई करते हैं और महिलाएं उन्हें बांधती हैं। एक व्यवसायी सलीम ने बताया कि यह हाथ से किया जाने वाला काम है और इसमें मशीनों से कोई भी काम नहीं होता है।

### महिलाओं को भी मिला रोजगार

जामनगर में बांधनी बनाने से यहां की महिलाओं को रोजगार भी मिला है जिससे वे अपना घर चलाने और अपने बच्चों की शिक्षा का प्रबंधन करने में सक्षम हैं। इस काम में लगी महिलाओं का कहना है कि वेहद कठिन काम होने के बावजूद वे पूरे मन से बांधनी बनाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी पारंपरिक विरासत है और इसे ऐसे ही संजोकर चलना है।

### पर्यावरण और स्वास्थ्य के अनुकूल रंगो का होता है प्रयोग

उन्होंने बताया कि लगभग 50 साल पहले, कपड़ों की रंगाई के लिए रासायनिक रंगों का उपयोग किया जाता था, वे ना तो पर्यावरण के अनुकूल थे और ना ही स्वास्थ्य के। रासायनिक रंगों के कारण अक्सर भारतीयों और यूरोपीय लोगों को त्वचा की एलर्जी जैसे रोग हो जाते हैं। ऐसे में सरकार ने कदम उठाते हुए रंगो का निर्माण करने वाले उद्योग पतियों को हमारी मांग के अनुसार और पर्यावरण की अनुकूलता के मुताबिक रंग बनाने के लिए कहा। सरकार की नीतियों के बाद अब यहां से निर्यात किए जाने वाले 95 प्रतिशत बांधनी को पर्यावरण के अनुकूल रंगों से बनाया जाता है।

वहीं, बांधनी के एक अन्य व्यवसायी विबोध शाह ने बताया कि जामनगर की बांधनी के फेसम होने की एक और वजह भी है। और वो है यहां की रंगाई प्रक्रिया और प्रयोग किए जाने वाले पानी, जो इसे एक निश्चित रंग देता है जो आसानी से हल्का नहीं होता है।

### मिला है जीआई टैग

विबोध शाह ने बताया कि जामनगर की बांधनी को जीआई टैग भी मिला हुआ है। यहां से भारत के अलग-अलग हिस्सों और भारत के बाहर भी बांधनी का निर्यात किया जाता है। खासकर उन देशों में जहां गुजराती और मारवाडी भारतीय लोग रहते हैं। इसके अलावा टीवी सीरियल और बॉलीवुड में भी इसकी अच्छी खासी मांग रहती है। फिल्मों और सीरीयलों की शूटिंग के कपड़ों में इसका प्रयोग होता है। हमारे यहां के कारीगर ग्राहक की मांग के अनुसार कपड़े की डिजाइन तैयार करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के वोकल फॉर लोकल कैंपेन की वजह से हमें उनकी तरफ से फ्री स्टॉल भी मिलते हैं और हमें उनका सपोर्ट भी मिलता है। इसके अलावा, सरकार कारीगरों को ऑनलाइन पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करने में भी मदद करती है जो इसकी बिक्री को प्रभावित करती है।

# फिर बढ़ने लगे सोने के दाम



**नई दिल्ली।**

नकारात्मक वैश्विक रुझानों के परिणामस्वरूप सोमवार को सोने का कारोबार धीमा रहा। लेकिन दोपहर बाद इसमें तेजी आई। शाम 5 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना दिसंबर वायदा 0.16प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,626 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का दिसंबर वायदा 61,836 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रहा था।

वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में नरमी आई है, क्योंकि चीन के सख्त लॉकडाउन और प्रतिबंधों के कारण सोने की मांग में तेज गिरावट आई। सुरक्षित-हेवन डिमांड के कारण डॉलर में तेजी आई। हाजिर सोना 0.4प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,749.00 डॉलर प्रति औंस पर था। अमेरिकी सोना वायदा 0.2प्रतिशत गिरकर 1,749.90 डॉलर पर आ गया।

### सोने की कीमतों में नरमी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, विदेशों में कीमती धातु की कीमतों में गिरावट के बीच राजधानी दिल्ली में सोमवार को सोना 61 रुपये की गिरावट के साथ 52,822 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबार में पीली धातु 52,883 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई थी। चांदी भी 146 रुपये की गिरावट के साथ 61,855 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिसर्च एनालिस्ट दिलीप परमार ने कहा कि शादी के मौसम के बाद कमजोर रुपये और मजबूत भौतिक मांग ने घरेलू सोने की कीमतों में गिरावट को सीमित करने का समर्थन किया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,750.46 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जबकि चांदी 21.25 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

नवंबर महीने की बैठक के मिनटों में यूएस फेड के अधिकारियों की ओर से की गई टिप्पणी को देखते हुए हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई। यूएस फेड के अधिकारियों ने ब्याज दरों में वृद्धि का संकेत दिया, जिससे डॉलर इंडेक्स और यूएस बॉन्ड यील्ड कम हो गया और सोने की कीमतों को समर्थन मिला। पिछले सप्ताह जारी भू-राजनीतिक तनाव और मिश्रित आर्थिक आंकड़ों से भी सोने और चांदी में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में सोने का थोक व्यापार करने वाले राजित पटेल का मानना है कि अमेरिका के तिमाही जीडीपी डाटा और गैर-कृषि रोजगार डाटा को देखते हुए इस सप्ताह सोने और चांदी में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

# चीन में अपनी फसलों को नष्ट करने के लिए क्यों मजबूर हैं किसान, क्या आ सकता है खाद्य संकट

**नई दिल्ली।**

**चीन में कड़े कोविड नियंत्रण कानूनों के कारण किसानों के पास जो फसल अब वे बेच नहीं सकते हैं उन्हें नष्ट करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इससे भोजन की कमी होने की चिंता बढ़ रही हैं और सोशल मीडिया पर नाराजगी फैल रही है।**

ऑनलाइन प्रसारित होने वाले वीडियोज में किसानों को फसलों को फेंकते हुए दिखाया गया है। उन्हें अपनी फसल बेचने में परेशानी हो रही है। स्थानीय और राज्य मीडिया ने यह भी बताया है कि शेडोंग और हेनान प्रांतों जैसे प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में सब्जियों के खेतों को नष्ट किया जा रहा है ताकि अगली फसल की बुवाई के लिए जगह बनाई जा सके।

चीन में ताजा भोजन का यह नुकसान ऐसे समय में हो रहा है जब चीन की बड़ी आबादी लॉकडाउन में है और भोजन की कमी व आपूर्ति से जुड़े व्यवधानों का सामना कर रही है। बीते सप्ताहांत में, बीजिंग और शंघाई सहित कई शहरों में कोविड को देखते हुए पाबंदियों का विरोध भी शुरू हो गया है।

आमलोगों की ओर से लॉकडाउन का विरोध करने पर चीन में कोविडकाल में भी अशांति का माहौल है। वर्तमान में चीनी गोभी, मूली और पालक जैसी सब्जियां पूरे चीन में काटी जा रही हैं, लेकिन वे लॉकडाउन के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में फंसी हैं। लॉकडाउन आदेशों के कारण ट्रक और व्यापारी या तो फसल खरीदने में अनिच्छुक हैं या कृषि उत्पादों को एकत्र करने के लिए गांवों में प्रवेश करने में असमर्थ हैं।

फार्मर्स डेली ने भी कोविड प्रतिबंधों के कारण सब्जियों को बाजार तक लाने में होने वाली कठिनाइयों पर रिपोर्ट की है। उन्होंने बीजिंग के शिनफाडी मार्केट के हवाले से कहा कि सब्जियों की कीमतों में गिरावट आई है, लेकिन खुदरा लागत बढ़ गई है।

वहीं, चीन की सरकार प्रायोजित मीडिया का कहना है कि, नागरिक भोजन चाहते हैं, किसान आय चाहते हैं पर खेती का मौसम किसी की प्रतीक्षा नहीं करता है। सरकार ने अधिकारियों से भोजन ले जाने वाले वाहनों की राह में कम बाधा उतपन्न करने का आह्वान किया है ताकि खेतों से ताजी सब्जियां हजारों घरों की मेजों तक पहुंच सके।

# ब्याज दर में बढ़ोतरी के बाद पाक शेयरों में आई गिरावट

**इस्लामाबाद।**

**स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) द्वारा 25 नवंबर को ब्याज दरों में की गई अप्रत्याशित बढ़ोतरी के बाद सोमवार को पाकिस्तानी शेयरों में 1999 के बाद सबसे अधिक गिरावट आई। बाजार जब बंद हुआ तो ब्याज दर 16 प्रतिशत था।**




खबरों में बताया गया है कि जैसे ही कारोबारी सप्ताह शुरू हुआ, बेंचमार्क केएसई-100 इंडेक्स 707 अंक टूट गया। सुबह 9 बजकर 39 मिनट पर बाजार 42,229 अंक पर था। 25 नवंबर को यह 42,936.73 अंक पर बंद हुआ था। विश्लेषक समीउल्लाह तारिक ने ब्याज दर बढ़ाने के एसबीपी के फैसले को केएसई-100 सूचकांक में गिरावट के लिए एक प्रमुख कारक के रूप में जिम्मेदार ठहराया। पाकिस्तान-कुवैत इन्वेस्टमेंट कंपनी के शोध प्रमुख ने बताया, बाजार ब्याजा दर में बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं कर रहा था। इसलिए उसकी ओर से यह प्रतिक्रिया आई है। जिस समय ब्याज दरों में बढोत्तरी की घोषणा की गई, उस समय बाजार बंद थे, यही वजह है कि केएसई-100 इंडेक्स आज ओपनिंग बेल में लाल रंग में चला गया।

बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एपीसी) ने प्रमुख नीतिगत दर को 100 आधार अंकों से बढ़ाकर 16 प्रतिशत कर दिया, जो 1999 के बाद सबसे अधिक है।

रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय बैंक ने बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा कि यह फैसला एमपीसी के इस विचार को प्रदर्शित करता है कि मुद्रास्फीति के दबाव उम्मीद से अधिक मजबूत और लगातार बने हुए हैं।

एमपीसी ने कहा, यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से है कि उच्च मुद्रास्फीति न हो और वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम निहित हो, इस प्रकार अधिक टिकाऊ आधार पर उच्च विकास का मार्ग प्रशस्त हो।

एसबीपी ने कहा कि आर्थिक मंदी के बीच लगातार वैश्विक और घरेलू आपूर्ति झटके से मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ रही है।

# कंबोडिया में लगभग 460,000 लोग कोविड के कारण गरीबी रेखा से नीचे


**नोम पेन्ह।**

कंबोडिया में करीब 460,000 लोग कोविड-19 महामारी के कारण गरीबी रेखा से नीचे आ गए हैं। विश्व बैंक की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। कंबोडिया के लिए गरीबी आकलन रिपोर्ट, एक अधिक समावेशी और लचीला कंबोडिया की ओर' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि, ''2009 और 2019 के बीच 10 साल की अवधि में कंबोडिया की गरीबी दर 33.8 प्रतिशत से घटकर 17.8 प्रतिशत हो गई, जिसमें लगभग 2 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकल गए।

कंबोडिया के लिए विश्व बैंक के कंट्री मैनेजर मरियम सलीम ने कहा कि, 2009 से 2019 तक गरीबी में कमी लाने में प्रभावशाली सफलता के बावजूद, कुछ बचत या सुरक्षा जाल के साथ कई परिवार कमजोर बने रहे। रिपोर्ट जारी करते हुए उन्होंने कहा, ''इसका मतलब है कि कोविड-19 ने गरीबी से निपटने में देश की प्रगति को झटका दिया है क्योंकि रोजगार और मजदूरी कम हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, ''महामारी और इसके साथ आए आर्थिक झटकों से अधिक समावेशी और लचीली रिकवरी का समर्थन करने के लिए, कंबोडिया कई नीतिगत कार्रवाइयों पर विचार कर सकता है। इसमें कहा गया है कि, इनमें लक्षित नकद हस्तांतरण, सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के कदम और स्वास्थ्य और शिक्षा में निवेश शामिल हैं।



### वैश्विक धीमेपन का भारत पर असर कम, क्रेडिट ग्रोथ भी शानदार



**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष के विकास दर अनुमान को घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया। इसके साथ रेटिंग एजेंसी ने कहा कि घरेलू मांग में तेजी के कारण वैश्विक अर्थवयवस्था में आ रहे धीमेपन का भारतीय अर्थव्यवस्था पर काफी कम प्रभाव होगा। एसएंडपी की ओर से सितंबर में जारी किए अनुमानों में बताया गया था कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 प्रतिशत की दर से विकास कर सकती है। वहीं, अगले वित्त वर्ष 2023-24 में ये दर 6.5 प्रतिशत हो सकती है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स एशिया-पैसिफिक के प्रमुख अर्थशास्त्री लुइस कुइज ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में बेहतर मांग होने के कारण वैश्विक स्तर पर आ रहे धीमेपन का असर कम होगा। चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7 प्रतिशत रह सकती है,जो कि पिछले साल 6 प्रतिशत रहने की संभावना है।

**महंगाई को लेकर जताया अनुमान** - एसएंडपी की ओर से बताया गया कि वित्त वर्ष 2022-23 में औसत महंगाई की दर 6.8 प्रतिशत रहा सकती है। इसके साथ मार्च 2023 तक महंगाई को काबू करने के लिए आरबीआई ब्याज दर को 6.25 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है, जो कि फिलहाल 5.9 प्रतिशत की दर पर है।

**क्रेडिट ग्रोथ** - एक अन्य रेटिंग एजेंसी ने सोमवार को कहा कि भारत में ब्याज दर बढ़ने के बाद भी बैंक क्रेडिट में अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है। हमें लगता है कि भारत में चालू वित्त वर्ष में क्रेडिट ग्रोथ 13 प्रतिशत के करीब रह सकती है, जो कि वित्त वर्ष 2021-22 में 11.50 प्रतिशत थी। इसके साथ रेटिंग एजेंसी ने वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

# आराध्या को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव हैं ऐश्वर्या राय बच्चन



**मुंबई (ईएमएस)।** हर मां की तरह ऐश्वर्या राय बच्चन अपनी बेटी आराध्या बच्चन को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव हैं। वे हमेशा कोशिश करती हैं कि आराध्या पैपराजी के बीच न फंसे। ऐश्वर्या अक्सर बेटी का हाथ थामकर उसे कार तक लेकर जाती हैं। ऐसा ही एक वीडियो सामने आया है जिसमें दोनों मां बेटी रितेश देशमुख के बेटे की बर्थडे पार्टी में जाती दिख रही हैं। इस दौरान पैपराजी के बार-बार ऐश्वर्या को बुलाने पर वे उनसे मजाक भी करती हैं। रितेश और जेनेलिया देशमुख के बेटे रियान का 26 नवम्बर को बर्थडे था। उनकी ओर से ग्रैंड पार्टी का आयोजन किया गया था। इस पार्टी में करीना कपूर शाहिद कपूर से लेकर कई सेलेब्स के बच्चे पहुंचे थे। आराध्या भी अपनी मां ऐश्वर्या के साथ निकली थीं। इस दौरान हमेशा की तरह पैपराजी फोटो के लिए इंतजार कर रहे थे। ऐश्वर्या और आराध्या के फोटो खींचने के लिए पैपराजी काफी उत्साहित थे। ऐश्वर्या बेटी को कार तक ले जाने के लिए परेशान थीं इसलिए वे पैपराजी को पोज नहीं दे रही थीं। एक फोटोग्राफर ने जब कई बार कहा ऐश्वर्या जी पीछे देखिए तो ऐश्वर्या बोल पड़ीं अरे वाह ! डायरेक्शन। बेटी को कार तक ले जाने के दौरान ऐश्वर्या पैपराजी से चलिए चलिए कहते सुनाई दे रही थीं। वर्क फ्रंट की बात करें तो ऐश्वर्या हाल ही मणिरत्नम की फिल्म पोन्नियन सेलवन में नजर आई थीं। फिलहाल उन्होंने अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं की है।

# अमृत महोत्सव नवाजुद्दीन सुनाएंगे कहानियां


## -आयोजनों में देश-विदेश के कथाकार भी होंगे शामिल



**मुंबई (ईएमएस)।** केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत होने वाले आयोजनों में कथाकार में बड़े नाम और कार्यक्रम शामिल होंगे उनमें प्रभावशाली कलाकार नवाजुद्दीन सिद्दीकी कहानियां सुनाएंगे। प्रसिद्ध संगीतकार और गायक मोहित चौहान के साथ बातचीत करेंगे जो इस महोत्सव के संरक्षक भी हैं। इस महोत्सव में सात देशों के भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कथाकार अपने प्राचीन भौतिक रूप में अद्भुत कहानियों और संगीत का प्रदर्शन करेंगे। इस वर्ष कथाकार- 2022 के दो उद्देश्य हैं मौखिक कहानी सुनाने की परंपरा को संरक्षित करना और इसकी लोकप्रियता में बढ़ोतरी करना। इस महोत्सव का आयोजन 26 नवंबर को एम्फीथिएटर सेंट्रल विस्टा इंडिया गेट में शाम 04 बजे से कलांजलि के रूप में किया जाएगा। इस वर्ष के महोत्सव में किस्से कहानी और सिनेमा नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें सेंट्रल विस्टा इंडिया गेट पर प्रार्थना गहलोत अभिनेता संजय मिश्रा के साथ बातचीत करेंगी। एक अन्य निर्धारित कार्यक्रम किस्से कहानी और गुफ्तगु है जिसमें मोहित चौहान बॉलीवुड के फिल्म निमार्ता इम्तियाज अली के साथ बातचीत करेंगे। केरल से रामचंद्र पुलावर और उनकी टीम द्वारा रामायण का कठपुतली नाटक करेगी। इस वर्ष के कथाकार में अंतरराष्ट्रीय कलाकारों में नियाल मूरजानी (ब्रिटेन) लिलियन रोड्रिग्स पांग (ऑस्ट्रेलिया) बातरजाव एदेर्नेत्सोग्ट (मंगोलिया) अलीम कामरा (सिएरा लियोन) सारा रूंडले (ब्रिटेन) सेउंग आह किम (दक्षिण कोरिया) और योसी अल्फी (इजराइल) शामिल हैं।संस्कृति मंत्रालय के मुताबिक समायोजनों शैलियों और संस्कृतियों में असमानता होने के बावजूद सभी कहानियों का उद्देश्य अंतत कुछ सार्वभौमिक प्रदान करना होता है। वे दर्शकों के लिए शैक्षिक और मनोरंजन उद्देश्य दोनों रूप से प्रस्तुति देते हैं। यह स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति के विभिन्न वर्गों की कहानी सुनाने के लिए अपना अलग-अलग धष्टिकोण होता है। कथाकारों द्वारा कठपुतलियों नृत्यों और यहां तक कि संगीत वाद्ययंत्रों का भी उपयोग किया जाता है जिससे उन्हें कहानी सुनाने और उसे ज्यादा प्रभावशाली बनाने में मदद मिल सके। इसलिए कथाकार भारत में मौखिक कहानी की समृद्ध परंपरा का एकमात्र उत्सव है जिसे घुम्मक्कड़ नारायण ट्रैवलिंग लिटरेचर फेस्टिवल के तत्वाधान में 2010 को शुरू किया गया था। अपनी स्थापना के बाद से इस महोत्सव को अब तक प्रमुख हस्तियों ने संबोधित किया है जिनमें पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सद्गुरु जग्गी वासुदेव डॉ. शशि थरूर मनोज बाजपेयी विशाल भारद्वाज पंकज त्रिपाठी शांतनु मोइत्रा इम्तियाज अली मार्गरेट अल्वा सुनील शास्त्री नंदिता दास सुषमा सेठ और अन्य गणमान्य लोग शामिल हैं। कथाकार 2022 - हाईटेक उपकरणों और गैजेट्स से प्रभावित दुनिया में कहानी सुनाने की पारंपरिक शैली को पुनर्जीवित करने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसमें देश और विदेश के पेशेवर और जोशीले कहानीकार शामिल होंगे जो इन तथ्यों को रेखांकित करने के लिए अपनी मंत्रमुग्ध कलाओं का प्रदर्शन करेंगे कि कहानी भाषा और संस्कृति की सभी सीमाओं से परे है।

# वर्दी में पुरुषों को सम्मानित करना महत्वपूर्ण : विवेक ओबेरॉय

## -स्ट्रीमिंग शो धारावी बैंक में विवेक पुलिस की भूमिका



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेता विवेक आनंद ओबेरॉय का मानना है कि एक ऐसा किरदार निभाना महत्वपूर्ण है जो धर्मी पुलिस की भूमिकाओं के प्रति सम्मान की भावना है। अभिनेता ने साझा किया कि कैरिकेचरिश फैशन में भूमिका नहीं निभाना महत्वपूर्ण था। मालूम हो कि हाल ही में रिलीज हुए स्ट्रीमिंग शो धारावी बैंक में विवेक एक पुलिस वाले की भूमिका निभा रहे हैं वर्दी में पुरुषों को उनकी सच्ची भावना से चित्रित करने के प्रति बहुत सचेत हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए अभिनेता ने कहा वर्दी में पुरुषों को सम्मानित करना महत्वपूर्ण है। यह एक महान पेशा है जो कलात्मक समुदाय से सम्मान प्राप्त करता है। लेखकों रचनाकारों और यहां तक कि दर्शकों के रूप में हमें इसे पर्दे पर लाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। मैं भाग में ग्रेविटास लाना चाहता था। मैंने बड़े पैमाने पर शोध किया और अपने उन दोस्तों से बात की जो पुलिस हैं उनके अनुभवों उनकी चुनौतियों के बारे में। वर्दी में पुरुषों के आस-पास रहने और उनके साथ दोस्ती करने के बाद अभिनेता का आग्रह था कि वह इसे यथासंभव प्रामाणिक रूप से निभाए। एक्टर ने कहा-पुलिस की रोजमर्रा की शब्दावली से लेकर हाव-भाव चाल-चलन मानसिकता तक मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी कोशिश की कि मुंबई पुलिस बल का एक पुलिस वाला कैसा है यह चित्रण पिछले और वर्तमान स्क्रीन प्रस्तुतियों से मिलता जुलता नहीं है। विवेक ने कहा अंत में हर फिक्शन सीरीज वास्तव में एक नाटकीय रीटेलिंग है लेकिन यह अभिनेता पर है कि वह यह सुनिश्चित करे कि यह वास्तविकता के जितना करीब हो सके।

# तापसी पन्नू की फिल्म ब्लर का टीजर रिलीज




बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म ब्लर का टीजर रिलीज हो गया है। ब्लर तापसी की पहली होम प्रोडक्शन फिल्म है और इसका निर्माण उनके प्रोडक्शन हाउस आउटसाइडर्स फिल्म्स ने किया है। तापसी पन्नू की फिल्म ब्लर साइकोलॉजीकल थ्रिलर फिल्म है जिसका निर्देशन अजय बहल ने किया है। तापसी पन्नू के साथ गुलशन देवैया इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। ब्लर का टीजर रिलीज हो गया है। तापसी ने इंस्टाग्राम पर टीजर को कैप्शन के साथ शेयर किया खतरे की आहट चार तरफ है लेकिन क्या गायत्री इसे आते हुए देखेगी? उसकी आंखों से उसकी दुनिया देखने के लिए तैयार हो जाइए।

# स्वादिष्ट खाना बनाने वाले प्यारे पति हैं अजय



पर्दे पर अलग-अलग किरदार निभा रहे बालीवुड एक्टर अजय देवगन असल जिंदगी में स्वादिष्ट खाना बनाने वाले प्यारे पति हैं। यह खुलासा किया है बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने। शूटिंग के दौरान काजोल ने अपने पति अजय देवगन के बारे में दिलचस्प खुलासा किया। जब भारती ने काजोल से अजय की कुकिंग स्किल्स और उनकी पसंदीदा डिश के बारे में पूछा जिसे अजय पकाते हैं तो काजोल ने खुलासा किया जितना भी अविश्वसनीय लग सकता है अजय को खाना बनाना बहुत पसंद है। हम अक्सर कहते हैं कि कुछ लोगों के हाथों में स्वाद होता है अजय उन कुक में से एक हैं जिन्हें आप जानते हैं जो कोई भी व्यंजन तैयार करते हैं और वह स्वादिष्ट बन जाता है।खाना पकाने में अजय को बहुत मजा आता है और जब वह खाना बना रहा होता है तो वह रसोई का दरवाजा बंद कर देता है। यहाँ तक कि जब वह खाना बना रहा होता है तब भी वह अपनी रेसिपी या जो बना रहा होता है उसे साझा नहीं करता है। वह अक्सर मेरे लिए अद्भुत खिचड़ी बनाता है और वह उनकी विशेषता है।

# नीतू कपूर ने किया ऋषि और रणबीर का पुराना फोटो शेयर



हाल ही अपने जमाने की मशहूर एक्ट्रेस नीतू कपूर ने अपने सोशल अकाउंट पर जयपुर के एक मंदिर का फोटो शेयर किया है। इस फोटो के साथ उन्होंने ऋषि कपूर और रणबीर कपूर का एक पुराना फोटो शेयर किया है। नीतू 30 साल बाद उसी मंदिर में गई थीं जहां कभी ऋषि पहुंचे थे।नीतू कपूर ने जो फोटो शेयर किया है वह जयपुर के पदमपुरा जैन मंदिर का है। यहां पर फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर राज बंसल के साथ ऋषि 30 साल पहले आए थे। तब उनके साथ रणबीर कपूर भी थे। इस फोटो में ऋषि रेड ब्लू टी शर्ट में नजर आ रहे हैं वहीं रणबीर येलो जैकेट में दिखाई दे रहे हैं। नीतू कपूर ने हाल ही जयपुर विजिट की इस दौरान वे राज बंसल के साथ फिर से जैन मंदिर गईं। यहां पर उन्होंने उसी जगह पर फोटो खिंचवाया। इस बार फोटो में वे ऋषि की जगह खड़ी नजर आईं। राज बंसल के साथ इस बार फोटो में उनका बेटा था। नीतू ने फोटो के साथ लिखा 30 साल बाद फिर से वही मंदिर गई। राजबंसल और उनके बेटे के साथ। नीतू इस दौरान शॉल ओढ़े नजर आईं। ऋषि कपूर के फैंस को यह फोटो काफी पंसद आ रहा है।

# फिल्मों की सफलता का आनंद ले रहे हैं अभिनेता कार्थी

## -कैथी 2 को लेकर काफी उत्साहित है एक्टर



**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ की फिल्मों के एक्टर अभिनेता कार्थी अपनी फिल्मों की बैक-टू-बैक सफलता का आनंद ले रहे हैं और वह यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि दर्शक उसके आगामी सीक्वल पर कैसी प्रतिक्रिया देंगे। वह विशेष रूप से निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ कैथी 2 को लेकर काफी उत्साहित हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार में अभिनेता ने याद किया कि कैसे 2019 के सबसे बड़े ब्लॉकबस्टर में से एक में विकसित होने से पहले यह परियोजना एक छोटे से विचार के रूप में उनके पास आई थी। अपने साक्षात्कार में कार्थी ने कहा कि कैथी निश्चित रूप से मेरे करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। यह मेरे पास एक छोटे से विचार के रूप में आई थी लेकिन जिस क्षण मैंने इसे सुना मुझे पता था कि यह एक बड़ी एक्शन फिल्म है। हमने मुख्य नायक दिल्ली को डिजाइन करने के लिए काफी शोध किया। चूंकि वह पुलिस का रक्षक बन गया था मुझे लगता है कि उसका लुक जितना संभव हो उतना सरल होना चाहिए। हमारे शोध के माध्यम से हम जानते थे कि कैदी ध्यान नहीं देना चाहते हैं इसलिए वे कभी भी व्यक्ति की आंखों में देखकर बात नहीं करते। आकाश प्रकृति के साथ उनका एकमात्र संबंध है क्योंकि वे दीवारों के बीच पैदा हुए हैं। कार्थी ने कैथी से अपने पसंदीदा दृश्यों में से एक पर चर्चा की जो इंटरनेट पर वायरल सनसनी बन गया। मुझे लगता है कि उसने (दिल्ली) 10 साल तक दिन में केवल तीन बार सांबर और चावल ही खाया होगा। और आखिरकार जब उन्होंने बिरयानी खाई तो यह फिल्म के लिए एक प्रतिष्ठित दृश्य बन गया। फिल्म के एक्शन कोरियोग्राफी निर्देशन संगीत और भावनात्मक पहलुओं ने कैथी को एक बहुत ही यादगार फिल्म बना दिया और मुझे खुशी है कि यह इस तरह से बनी। मैं कह सकता हूं कि एक सीक्वल कार्ड पर है और उम्मीद है कि हम अगले साल फिल्म शुरू करेंगे। लोकेश कनगराज वर्तमान में कैथी 2 की पटकथा का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया में हैं। निर्देशक जल्द ही तमिल सुपरस्टार थलापति विजय के साथ अपनी अगली फिल्म शुरू करेंगे जिसके बारे में कहा जाता है कि वह उस सिनेमाई दुनिया का हिस्सा है जिसे वह बना रहे हैं। कई टॉप स्टार्स की फिल्मों को लिंक करने वाली क्राइम फिल्मों का सिलसिला कैथी से शुरू हुआ। उन्होंने फिल्म में वंदियाथेवन की मुख्य भूमिका निभाई जिसे मणिरत्नम ने लिखा और निर्देशित किया है। मैं इसका हिस्सा बनने के लिए बहुत भाग्यशाली हूं। मुझे यकीन है कि हर कोई सीक्वल का इंतजार कर रहा है जो अगली गर्मियों में रिलीज होगी। उन्होंने कमल हासन अभिनीत विक्रम के साथ उस फिल्म को अपने ब्रह्मांड में बदल दिया। 2022 की ब्लॉकबस्टर में उन्होंने ग्रैंड फिनाले के लिए उन्हें एक साथ लाने से पहले उनके साथ स्टैंड-अलोन फिल्में बनाने की क्षमता वाले नए पात्रों को भी पेश किया।कार्थी यह देखने के लिए भी काफी उत्साहित हैं कि पोन्नियन सेल्वन के दूसरे भाग पर लोग कैसी प्रतिक्रिया देंगे।

## सूडोकू नवताल- 6266

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -6265 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## शब्दजाल - 7013

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | य | वा | ज | पे | यी |
| द | गा | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | रा |
| स | स | प | का | को | ह | रा | झे | ल | म | प |
| मि | त | स | व | वे | वा | ज | ध | रा | श | दु |
| श | आ | ल | ग | म | री | ना | तू | वी | झ | प |
| न | ल | ला | ज | दि | म | गो | ती | ना | घ | य |
| क | व | चि | ना | ब | प | दा | ज | ती | व | मु |
| श | एं | वा | ई | द | ब | व | डू | ए | श | ना |
| मी | ड | ल | फू | ल | औ | री | आ | ग | शी | आ |
| र | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | व्या | स | री | द |
| वि | ज | अ | ब्र | म्ह | पु | त्र | त | ब | प | म |

*शब्दजाल में दस नदियों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे व तिरछे भी हो सकते हैं.*

गंगा,यमुना,सतलज,रावी,झेलम,चिनाब, ब्रम्हपुत्र,कावेरी,गोदावरी,व्यास,

### शब्दजाल - 7012 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | क | ल | ड | व | ल | र्प | धी | ऊं | ल | ज |
| र | धा | ल | भैं | स | ति | झ | इं | ट | ट | वा |
| त | स | या | ल | बि | ल्ली | रा | रा | आ | ख | गा |
| ब | ज | ज | सु | पु | र | रा | प | ए | ली | य |
| म | क | दो | ग | ल्ला | लं | स | तू | उ | झ | म |
| स | क | री | प | ख | न | पू | ना | फ | घ | त |
| ते | अ | स | त | र | प | न | श | ज | ला | ट |
| पे | ता | दा | ई | गो | ब | कु | फ | रा | श | न |
| बं | बा | चे | न | श | जी | ई | त्ता | ल | प | रु |
| द | पा | ला | ल | न | क | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| र | रा | जी | घो | ड़ा | धी | रा | इ | फ | ई | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5966

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 4 | 6 | | 5 | |
| | 32 | | 32 | | 30 | 3 |
| 1 | | 5 | | | 7 | 2 |
| | 26 | | 37 | | 37 | |
| | 3 | 2 | | 6 | 1 | |
| 6 | 34 | | 34 | | 28 | 4 |
| 7 | | | 3 | | | 1 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 5965 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 33 | 2 | 34 | 3 | 29 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# फीफा विश्व कप 2022 : बेल्जियम की हार का जश्न मनाने लगे मोरक्को के फैंस, हिंसा भड़की, अब जल रहा पूरा शहर

**ब्रुसेल्स**

**कतर में चल रहे फीफा विश्व कप मैच में रविवार को बेल्जियम पर मोरक्को की जीत के बाद हिंसा भड़क गई। इसके बाद बेल्जियम पुलिस ने एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया और एक को गिरफ्तार किया। वहीं प्रदर्शनकारियों ने ब्रुसेल्स में एक कार और कुछ इलेक्ट्रिक स्कूटरों में आग लगा दी।**

दंगे बेल्जियम की राजधानी ब्रीसेल्स में कई जगहों पर हुए। हिंसा करने वाले फुटबॉल फैंस में कई मोरक्को के झंडे लिए हुए थे। वहीं लोगों पर काबू पाने के लिए पुलिस ने पानी की बौछारें और आंसू गैस के गोले दागे।

बेल्जियम की करारी हार के बाद प्रशंसकों ने भारी तोड़फोड़ की और जमकर हंगामा किया। हंगामे के बाद पुलिस को कई इलाकों में कड़ी नाकाबंदी करनी पड़ी और हिंसा पर उतारू लोगों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारें छोड़नी पड़ीं। मोरक्को के खिलाफ अप्रत्याशित हार से गुस्साए लोगों ने आगजनी की और कारों पर पत्थर फेंके। अभी यह पता नहीं चला कि पुलिस ने कितने लोगों को हिरासत में लिया है। दरअसल मोरक्को मूल के कुछ समर्थक अपनी जीत पर जश्न मनाने लगे थे, जिसके बाद हिंसा भड़क गई।


### मोरक्को 24 साल बाद विश्व कप में जीता

मोरक्को की टीम ने बेल्जियम को हराकर इस विश्व कप का तीसरा बड़ा उलटफेर किया। इससे पहले सऊदी अरब ने अर्जेंटीना और जापान ने जर्मनी को हराया था। मोरक्को ने बेल्जियम को 2-0 से हराकर इस विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। यह विश्व कप इतिहास में मोरक्को की तीसरी जीत है। उसे पिछली जीत 1998 में मिली थी। तब मोरक्को ने स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया था। उसे पहली जीत 1986 में मिली थी। मोरक्को ने पुर्तगाल को 3-1 से हराया था। मोरक्को की टीम छठी बार विश्व कप खेल रही है।

मोरक्को के लिए इस मैच में साबिरी और जकारिया ने गोल किया। 22वें नंबर की टीम मोरक्को की इस विश्व कप में यह पहली जीत है। उसका पिछला मैच क्रोएशिया के खिलाफ बराबरी पर छूटा था।

## न्यूज ब्रीफ

### मुक्केबाजी में एशियाई यूथ चैंपियन रवीना ने जीता स्वर्ण, भारत ने कुल 11 पदक जीते




**नई दिल्ली।** एशियाई यूथ चैंपियन रवीना ने मजबूत प्रदर्शन की बदौलत 63 किग्रा भारवर्ग के फाइनल में स्वर्ण पदक जीता जिससे भारत ने स्पेन के ला नुसिया में युवा पुरुष और महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना अभियान 11 पदकों के साथ खत्म किया। रवीना ने फाइनल में नीदरलैंड की मेगन डेक्लेर के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद अपनी तकनीकी क्षमता और तेज गति का भरपूर उपयोग करके प्रभावशाली वापसी की। मुकाबले की समीक्षा के बाद रवीना ने 4-3 से जीत हासिल की। एक अन्य फाइनल में कीर्ति (81+ किग्रा) को 2022 यूरोपीय यूथ चैंपियन आयरलैंड की क्लियोना एलिजाबेथ डार्सी के हाथों 0-5 से हार मिली। इस हार के कारण भारतीय मुक्केबाज को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस चैंपियनशिप में भारत का दबदबा रहा। 25 सदस्यीय भारतीय दल ने कुल 11 पदक जीते जिसमें चार स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। पुरुष वर्ग में युवा एशियाई चैंपियन वंशज (63.5 किग्रा) और विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीते जबकि आशीष (54 किग्रा) ने रजत पदक हासिल किया। महिलाओं में रवीना (63 किग्रा) और देविका घोरपड़े (52 किग्रा) ने स्वर्ण जीते। कीर्ति (+81 किग्रा), भावना शर्मा (48 किग्रा) को रजत पदक मिले जबकि मुस्कान (75 किग्रा), लशु यादव (70 किग्रा), कुंजारानी देवी थोंगम (60 किग्रा) और तमन्ना (50 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। इस साल की चैंपियनशिप में 73 देशों के करीब 600 मुक्केबाजों ने भाग लिया। कुल मिलाकर 17 भारतीयों ने टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था जो 2022 संस्करण में किसी भी अन्य देश से अधिक है। भारतीय महिला मुक्केबाज कुल आठ पदकों के साथ चैंपियनशिप के इस साल चरण में सबसे आगे रहीं।

### पीटी ऊषा होंगी देश की पहली महिला आईओए अध्यक्ष, निर्विरोध चुना जाना तय, सहदेव होंगे कोषाध्यक्ष



**नई दिल्ली ।** 1986 के सियोल एशियाई खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतने वाली दिग्गज एथलीट पीटी ऊषा का भारतीय ओलंपिक संघ का अध्यक्ष बनना तय हो गया है। ऊषा ने रविवार को अध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल किया, उनके खिलाफ किसी ने भी अपनी उम्मीदवारी नहीं जताई। ऐसे में 10 दिसंबर को निर्धारित आईओए के चुनाव में उनका निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय हो गया है। यही नहीं कोषाध्यक्ष पद पर भारतीय भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष सहदेव यादव और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर अजय पटेल और उपाध्यक्ष पद पर लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता शूटर गगन नारंग का निर्विरोध चुना जाना तय है। इनके खिलाफ भी किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। पीटी ऊषा आईओए की पहली महिला खिलाड़ी अध्यक्ष होंगी। वह भारतीय जनता पार्टी की ओर से समर्थित राज्यसभा की सांसद भी हैं। कार्यकारिणी में विशिष्ट खिलाड़ी के तौर पर शामिल टेनिस खिलाड़ी रोहित राजपाल और तीरंदाज डोला बनर्जी ने भी नामांकन दाखिल किया। दोनों का चुना जाना तय है। संयुक्त सचिव के लिए एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे का चुना तय है। उनके खिलाफ भी नामांकन नहीं आया। नामांकन दाखिल होने के बाद चुनाव महिला उपाध्यक्ष, महिला संयुक्त सचिव के एक-एक पद के अलावा चार कार्यकारिणी सदस्यों के लिए खड़े हुए 12 उम्मीदवारों के बीच बन रहा है। हालांकि अभी नाम वापस लिए जाने की भी संभावना है।

### दूसरे हॉकी टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 7-4 से हराया, गोवर्स की हैट्रिक



**एडिलेड ।** ब्लेक गोवर्स की हैट्रिक के दम पर मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय हॉकी टीम को दूसरे टेस्ट मैच में 7-4 से हराया। पांच मैचों की सीरीज में भारत की यह लगातार दूसरी हार है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मैच के तीसरे मिनट में ही पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर तक भारतीय टीम 3-4 से पिछड़ रही थी। अंतिम क्वार्टर में खराब खेल की वजह से टीम को 4-7 की हार का सामना करना पड़ा।

# फीफा विश्व कप में दिखी सैमसन की दीवानगी संजू के समर्थन में बैनर लेकर स्टेडियम पहुंचे फैंस

**दोहा ।**

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम से विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन को बाहर करने से उनके फैंस खासे नाराज हैं। इनमें से कुछ फैंस सैमसन के समर्थन में बैनर लेकर फीफा विश्व कप 2022 का मैच देखने कतर पहुंच गए। सैमसन लंबे समय से आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन भारतीय टीम में उनको लगातार मौके नहीं मिल पा रहे हैं। इसी वजह से संजू सैमसन के फैंस चनयकर्ताओं और भारतीय टीम मैनेजमेंट से कासे नाराज हैं। पिछले कुछ महीनों में जब भी टीम का एलान होता है या किसी मैच में संजू सैमसन को खेलने का मौका नहीं मिलता तो सोशल मीडिया पर उनके फैंस जमकर नाराजगी जाहिर करते हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज में सैमसन को खेलने का मौका नहीं मिला था, लेकिन वनडे सीरीज के पहले मैच में वह भारतीय टीम का हिस्सा थे। इस मुकाबले में उन्होंने ठीक ठाक प्रदर्शन किया और श्रेयस अय्यर के साथ शतकीय साझेदारी कर भारत को मुश्किल से निकाला। इसके बावजूद दूसरे मैच में उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया, क्योंकि टीम का संतुलन सही नहीं हो रहा था। इसके बाद संजू के फैंस बेहद नाराज हो गए। कुछ फैंस कतर में संजू सैमसन के समर्थन में बैनर लेकर फीफा विश्व कप का मैच देखने पहुंच गए। इस बैनर में लिखा था मैच, टीम और खिलाड़ी से परे हम आपके साथ हैं, संजू सैमसन। इसके साथ ही बैनर में संजू सैमसन की कई तस्वीरें लगी हुई थीं, जिनमें वह राजस्थान रॉयल्स टीम की जर्सी में दिख रहे थे। दूसरे मैच में संजू सैमसन की जगह दीपक हुड्डा को टीम में शामिल करने पर भारतीय कप्तान शिखर धवन ने कहा कि टीम में गेंदबाजी का छठा विकल्प नहीं था। इसी वजह से संजू







सैमसन की जगह दीपक हुड्डा को टाम में शामिल किया गया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा वनडे मैच पूरा नहीं हो सका और बारिश की वजह से इसे रद्द करना पड़ा। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12.5 ओवर में एक विकेट खोकर 89 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश की वजह से आगे का खेल नहीं हो सका।

# मैच से पहले मोरक्को का नियमित गोलकीपर गायब, रिजर्व गोलकीपर ने किया कमाल, नहीं होने दिया कोई गोल



**दोहा ।**

मोरक्को के नियमित गोलकीपर यासिन बोनायू मैच से ठीक पहले रहस्यमय ढंग से गायब हो गए और उनकी जगह रिजर्व गोलकीपर मुनीर अल काजुई को उतारा गया। मुनीर ने अपने शानदार प्रदर्शन से बेल्जियम जैसी मजबूत टीम को एक गोल नहीं करने दिया।

मोरक्को के नंबर एक गोलकीपर यासिन राष्ट्रगान के समय टीम के साथ थे। उसके बाद वह कोच वालिद रेगरागुई के पास आए, जिन्होंने उन्हें गले से लगाया और उसके बाद रिजर्व गोलकीपर मुनीर की ओर मुड़ गए। जो तुरंत दौड़कर मैदान में पहुंच गए।

### चक्कर आने की शिकायत के बाद छोड़ा मैदान

मोरक्को टीम या मैच अधिकारियों की ओर से यासिन की मैच से अनुपस्थिति के बारे में नहीं बताया गया। मोरक्को के एक टीवी चैनल ने जरूर अपने ट्विटर पर कहा है कि यासिन ने कोच से चक्कर आने की शिकायत की थी और खुद ही कोच को रिजर्व गोलकीपर को उतारने की सलाह दी थी। बोनायू पहले मैच में क्रोएशिया के खिलाफ मैदान में उतरे थे।

### मोरक्को 24 साल बाद विश्व कप में जीता

मोरक्को की टीम ने बेल्जियम को हराकर इस विश्व कप का तीसरा बड़ा उलटफेर किया। इससे पहले सऊदी अरब ने अर्जेंटीना और जापान ने जर्मनी को हराया था। मोरक्को ने बेल्जियम को 2-0 से हराकर इस विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। यह विश्व कप इतिहास में मोरक्को की तीसरी जीत है। उसे पिछली जीत 1998 में मिली थी। तब मोरक्को ने स्कॉटलैंड को 3-0 से हराया था। उसे पहली जीत 1986 में मिली थी। मोरक्को ने पुर्तगाल को 3-1 से हराया था। मोरक्को की टीम छठी बार विश्व कप खेल रही है।


मोरक्को के लिए इस मैच में साबिरी और जकारिया ने गोल किया। 22वें नंबर की टीम मोरक्को की इस विश्व कप में यह पहली जीत है। उसका पिछला मैच क्रोएशिया के खिलाफ बराबरी पर छूटा था।

# अमेरिका में क्लब फुटबॉल खेल सकते हैं लियोनल मेसी, डेविड बेकहम की इंटर मियामी से करार की तैयारी

**नई दिल्ली ।**

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी अगले सीजन से अमेरिका में क्लब फुटबॉल खेलते दिखाई दे सकते हैं। मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) की टीम इंटर मियामी के साथ उनका करार हो सकता है। इंटर मियामी के सह-मालिक इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डेविड बेकहम हैं। मेसी फिलहाल फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट जर्मेन की ओर से खेलते हैं। उससे पहले वह स्पेन के क्लब बार्सिलोना के सदस्य थे। रिपोर्ट के मुताबिक, इंटर मियामी लियोनेल मेसी के साथ करार करने के करीब है। एमएलएस क्लब का मानना है कि मौजूदा सत्र के अंत में मेसी अपनी टीम पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़ देंगे। उनका अनुबंध इस सीजन के बाद समाप्त हो जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी अगर इंटर मियामी से जुड़ते हैं तो वह एमएलएस में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे।

इंटर मियामी की टीम मेसी के अलावा उनके पूर्व साथी सेस्क फेब्रेगास और लुईस सुआरेज को भी टीम में लाने की कोशिश कर रही है। मेसी अमेरिका में खेलने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने कहा था, मैं एक दिन अमेरिका में खेलना चाहूंगा। यह हमेशा मेरे सपनों में से एक रहा है। कहा जाता है कि मेसी के पास पहले से ही मियामी में एक घर है। वह वहां छुट्टियां मनाने के



लिए जाते हैं।

लियोनल मेसी फिलहाल अर्जेंटीना की टीम के साथ फुटबॉल विश्व कप में खेल रहे हैं। उनकी टीम अर्जेंटीना को पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में मेसी ने पेनल्टी पर एक गोल किया था। अर्जेंटीना ने इस हार के बाद वापसी की और मैक्सिको के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल की। उसके लिए मैक्सिको के खिलाफ मेसी ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से शानदार गोल किया। फिर एंजो फर्नांडेज ने टीम के लिए दूसरा गोल किया।


# ऋतुराज ने एक ओवर में 7 छक्के जड़े : ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज, विजय हजारे ट्रॉफी में दोहरा शतक

**अहमदाबाद।**

युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड ने सोमवार को इतिहास रच दिया। गायकवाड ने विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उत्तर प्रदेश के खिलाफ मैच में एक ओवर में सात छक्के जमा दिए। वे लिमिटेड ओवर क्रिकेट में यह कारनामा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

गायकवाड ने यह कारनामा महाराष्ट्र की पारी के 49वें ओवर में किया। शिवा सिंह के इस ओवर में एक गेंद नो बॉल थी। इस तरह यह ओवर सात गेंदों का हुआ और गायकवाड ने सभी सात गेंदों पर छक्के जमा दिए। इस ओवर में कुल 43 रन बने। गायकवाड ने इस पारी में 159 गेंदों पर 220 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 10 चौके और 16 छक्के जमाए।

**महाराष्ट्र ने बनाया 330/5 का स्कोर** – गायकवाड की इस पारी की बदौलत महाराष्ट्र ने 50 ओवर में पांच




विकेट खोकर 330 रन बनाए। गायकवाड ने इस पारी में ओपनिंग की थी। उनके अलावा महाराष्ट्र का कोई अन्य बल्लेबाज अर्धशतक भी नहीं जमा सका। अंकित बावने और अजीम काजी ने 37-37 रन की पारी खेली। उत्तर प्रदेश के लिए तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने 66 रन देकर सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

**यूपी टीम में आईपीएल खेल चुके 4 गेंदबाज** – ऐसा नहीं है कि गायकवाड ने किसी हल्की गेंदबाजी टीम के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। इस मैच में उतरी यूपी की टीम में आईपीएल खेल चुके चार गेंदबाज मौजूद थे। इनमें अंकित राजपूत, शिवम मावी, कार्तिक त्यागी और करण शर्मा शामिल हैं।

**लिस्ट ए क्रिकेट में दूसरी बार एक ओवर में 43 रन** – लिस्ट ए क्रिकेट में यह अब तक का दूसरा मौका है जब एक ओवर में 43 रन बने हैं। इससे पहले 2018-19 में न्यूजीलैंड की डोमेस्टिक क्रिकेट में ऐसा हुआ था। तब सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के गेंदबाज विलेम लुडिक ने एक ओवर में 43 रन दिए थे। उस ओवर में लुडिक ने दो नो-बॉल फेंकी थी और नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट के दो बल्लेबाजों जो कार्टर और ब्रेट हैम्पटन ने मिलकर 6 छक्के जमाए थे। उस ओवर में 1 चौका और 1 सिंगल भी बना था।

# फुटबॉल मैच के दौरान भिड़े खिलाड़ी, खूब चले लात-घूंसे, छह को मिला रेड कार्ड

**मास्को ।**

फीफा विश्व कप 2022 में फुटबॉल के बेहतरीन मैच देखने को मिल रहे हैं। इस बीच रूस में एक फुटबॉल मैच के दौरान ऐसा नजारा दिखा, जिसे कोई भी फुटबॉल फैन नहीं देखना चाहेगा। दो टीमों के खिलाड़ी मैच के दौरान आपस में भिड़ गए और एक दूसरे पर जमकर लात-घूंसे चलाए। मैच रेफरी और अन्य अधिकारियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन सारे प्रयास असफल रहे। अंत में छह खिलाड़ियों को रेड कार्ड दिखाया गया और मैदान से बाहर कर दिया गया। जेनित और स्पार्टक के बीच यह मुकाबला पेनाल्टी शूटआउट तक पहुंचा और यहां जेनित की टीम ने 4-2 के अंतर से जीत हासिल की।

रूस कप के इस मुकाबले में दोनों टीमें पूरे मैच में गोल नहीं कर पाई थीं। ऐसे में इंजरी टाइम में दोनों टीमों के खिलाड़ी गोल करने की कोशिश कर रहे थे। इंजरी टाइम के दौरान मैच के 90वें मिनट में स्पार्टक की टीम ने अपने हाफ से फ्री किक ली। इस दौरान क्वैंसी प्रोम्स और विलियम बैरियोस आपस में टकरा गए। दोनों खिलाड़ियों के बीच कुछ बातचीत भी हुई। इसके बाद दोनों खिलाड़ी आपस में भिड़ गए। दोनों के समर्थन में उनके साथी खिलाड़ी और




स्टाफ भी पहुंच गया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

फुटबॉल के मैदान पर ये नजारे बेहद दुखद हैं। इस लड़ाई के दौरान रेफरी एक-एक कर खिलाड़ियों को रेड कार्ड दिखा रहे थे। उन्होंने एक के बाद एक लगातार छह खिलाड़ियों को रेड कार्ड दिखाए। फैंस रेफरी को देखकर सोशल मीडिया पर मजे ले रहे हैं।

इस झगड़े की शुरुआत रोड्रिगाओ प्राडो ने की थी। जेनित के लिए 55 नंबर की जर्सी में खेलने वाले प्राडो सबसे पहले इस झगड़े में शामिल हुए और मारपीट की शुरुआत की, लेकिन रेफरी ने उन्हें रेड कार्ड नहीं दिया। इस दौरान मैच से रेफरी का कंट्रोल पूरी तरह खत्म हो गया। दोनों टीमों के सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी और कोच भी मारपीट का हिस्सा बने। खास बात यह है कि जिन छह खिलाड़ियों को रेड कार्ड मिले वह प्लेइंग 11 का हिस्सा नहीं थे। दोनों टीमों के तीन-तीन खिलाड़ियों को रेड कार्ड दिया गया।

अंत में यह मैच पेनल्टी शूटआउट में खत्म हुआ। जहां जेनित ने 4-2 से जीत हासिल कर अपने समर्थकों को जश्न मनाने का मौका दे दिया।

# क्या आप भी हैं कॉफी के एडिक्ट, तो ऐसे छुड़ाएं ये आदत!



**बहुत से लोगों को कॉफी यानि कैफीन का नशा होता है. कुछ लोग चाहकर भी कैफीन की लत को छोड़ नहीं पाते. आज हम आपको बता रहे हैं कैसे आप आसानी से कुछ टिप्स अपनाकर कैफीन की लत से छुटकारा पा सकते हैं.**

**डीप ब्रीथ प्रैक्टिस-** कैफीन विड्रायल सिम्टम से फाइट करने के लिए डीप ब्रीथ प्रैक्टिस करें. लंबी-लंबी गहरी सांसे लेने से कैफीन की स्ट्रांग क्रेविंग, एंजाइटी और बेचैनी को भी खत्म किया जा सकता है.

**खूब पानी पीएं-** कैफीन के एडिक्शन से बचने का बेहतर तरीका है कि पानी खूब पीएं. इससे आपकी क्रेविंग भी कम होगी. रोजाना पानी की अधिक मात्रा पीने से बॉडी डिटॉक्सीफाई होगी और आपकी बॉडी को ये हाइड्रेट रखेगा.

**बेहतर नींद लें-** अच्छी नींद से भी कैफीन की लत छुड़ाने में मदद मिलती है. लेकिन कम नींद लेने से आपकी कैफीन छुड़ाने की लत पर बुरा असर पड़ता है. हेल्दी स्लिप हैबिट अपनाएंगे तो धीरे-धीरे कैफीन की क्रेविंग कम होने लगेगी.

**ग्रीन टी-** कॉफी के बदले ग्रीन टी लेने की कोशिश करें. इसे पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं तो कि बॉडी से हार्मफुल टॉक्सिंस को बाहर निकालते हैं. ग्रीन टी पीने से ओवरऑल कैफीन इंटेक कम हो जाता है. काफी के बजाय दिनभर में 3 से 4 कप ग्रीन टी पीएं.

**कुछ अन्य टिप्स-**
रोजाना सुबह एक्सरसाइज करें.हेल्दी जूस का सेवन करें.प्रोटीन और मैग्नीशियम से भरपूर सप्लीमेंट्स या फूड का सेवन करें.जिनसेन हर्ब का इस्तेमाल करें ये कैफीन की लत को छुड़ाने में मदद करेगा.

# मेकअप उतारने के कुछ आसान नैचुरल नुस्खे

**ऑफिस, पार्टी, फंक्शन से आने के बाद जितना ज़रूरी कपडे बदलना होता है उतना ही ज़रुरी मेकअप उतारना होता है। इससे आपकी चेहरे की स्किन के रोम छिद्र भी खुल जाते है और पूरे दिन की धूल मिट्टी भी साफ हो जाती है। मेकअप उतारने के लिए आज बाजार में ढेरों प्रोडक्ट मौजूद है। लेकिन इन सब के ना होने के बाद भी आप अपना मेकअप उतार सकती है वो भी सुरक्षित तरीको से। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे ही सरल तरीके जिनकी मदद से आप अपना मेकअप तो उतार ही सकती है साथ ही इससे आपकी त्वचा में निखार और चमक भी बरकरार रहेगी ।**

### दही

दही के फ़ायदे तो हम पहले से ही जानते हैं दही खाने और चेहरे पर लगाने से त्वचा में चमक आती है लेकिन क्या आप जानती हैं कि इसे मेकअप उतारने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। जी हां, दही एक मेकअप रिमूवर भी है 7 इसके लिए सबसे पहले दही को अच्छी तरह से फेंट लें 7 फिर इसमें कॉटन बॉल डुबोकर चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ने के बाद जब मेकअप पूरी तरह निकल जाए तो चेहरा पानी से धो लें।

### बेबी शैम्पू

बेबी शैम्पू से भी मेकअप रिमूव कर सकते है। एक कप पानी में आठ टी-स्पून ऑलिव ऑयल या कोकोनट ऑयल और आधा टीस्पून बेबी शैम्पू मिलाकर एक बोतल में भरकर आप इसे फ्रीज़ कर सकती है और जरुरत के वक्त इसे मेकअप रिमूव के प्रयोग में ला सकती है।

### कच्चा दूध और बादाम तेल

एक टेबलस्पून कच्चे दूध में बादाम के तेल की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मेकअप छुड़ाएं। यह आपकी त्वचा के लिए अच्छा होता है। इससे आपकी त्वचा मुलायम होती है।

### जोजोबा एंड विटामिन ई ऑयल:

विटामिन ई त्वचा को मुलायम बनाता है। यह एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर होता है। जोजोबा ऑयल और एक विटामिन ई कैप्सलू को मिलाकर कांच की बोतल में रख दें । इससे वाटर प्रूफ मस्कारा लिक्विड आई लाइनर भी बिना ज्यादा मेहनत के रिमूव कर सकती है।



### नारियल तेल

आपने कोकोनट ऑयल का प्रयोग मॉइश्चराइज़र, लिप बाम की तरह किया होगा। इसके साथ आप मेकअप रिमूवर के तौर पर इसे इस्तेमाल कर सकती है । थोड़ा-सा नारियल तेल हथेली पर लेकर इसे चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मालिश करे। ये स्किन को सॉफ्ट बनाता है और दाग-धब्बों को दूर करता है।

# आंखों को इस तरह से लाभ पहुंचाता है ये सेब !

सेब के तो आपने बहुत फायदे सुने होंगे लेकिन क्या आप जानते हैं ये आंखों के लिए भी बहुत फायदेमंद है. आज आचार्य बालकृष्ण जी बता रहे हैं सेब के जरिए कैसे आंखों की समस्याओं को दूर रखा जा सकता है.



**आंखों की परेशानी में सेब-** जब आंखों में सूजन हो, लाली हो या फिर कोई इंफेक्शन हो तो कच्चे सेब को आग में भूनकर इसकी पोटली से आंख की सिंकाई करें. इससे एलर्जी और आंख की बाकी समस्याओं से निजात मिलेगी.

**सेब की चाय-** सेब की चाय बनाने के लिए कच्चे सेब के टुकड़े सुखा लें. सूखने के बाद इसमें तुलसी का पत्ता, पुदीना, काली मिर्च और लौंग मिलाकर उबाल लें. ये चाय का बेहतर विकल्प है. सेब की चाय सर्दी और खांसी में आराम देती है.

**बिच्छू डंक में सेब-** सेब की पत्तियां बिच्छू डंक में बहुत ही अच्छा काम करती हैं. सेब की 10 ग्राम पत्तियों को 400 ग्राम पानी में मसलकर डालें. बचा हुए पानी जब 100 ग्राम रह जाए तो उसमें सेंधा नमक डालकर इसका सेवन करें.

सेब के पत्ते के पानी में सेंधा नमक घोलकर 4 से 5 बूंदें बिच्छू के डंक के घाव को भरने के लिए बिच्छू जिस हिस्से में काटा है उसकी दूसरी तरफ कान में डाल दीजिए. आराम मिलेगा.

# सर्दियों में हरी मटर खाने के है ये बेमिसाल फायदे, जानिए

**यूं तो सभी सब्जियों के अपने अलग-अलग फायदे हैं तथा सभी सेहत के लिए लाभदायक होती हैं। लेकिन कुछ सब्जियां ऐसी होती है जो कि मौसम के अनुसार खाने से ही फायदा करती है। सर्दियों का मौसम शुरू हो गया है और इस मौसम में हरी सब्जियां ज्यादा मिलती है।**



मटर सर्दियों की सबसे अहम सब्जियों में से एक होती है। बहुत कम ही लोग होते है जो मटर के गुणों के बारे में जानते हैं। खाने खाने से आप कई तरह की गंभीर बीमारियों से भी बच सकते है। इसका रोजाना सेवन करने से कैंसर, मोटापा से बचाव होता है। जानिए इसको सेवन करने के फायदो के बारें में।

### कैंसर से करें बाचव

मटर के सेवन से कैंसर का खतरा कम होता है। हर रोज इसे खाने से शरीर से कैंसर के घातक एलीमेंट दूर हो जाते है।

### मोटापा से दिलाए निजात

यह फाइबर से भरपूर होती है। यह हमारी बॉडी को एनर्जी देने के साथ-साथ मेटाबॉल्जिम को बढ़ाता है। जिससे कि बॉडी से फैट की मात्रा को भी कम करता है।

### मधुमेह

मटर खाने से मधुमेह नहीं होता है। मटर शरीर में खून के स्तर को नियंत्रित करता है। जिससे की डायबिटीस की समस्या नहीं होती है।

### कोलेस्ट्रॉल को करें कम

मटर हमारी बॉडी में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने नहीं देती है। मटर खाने से बॉडी में ट्राइग्लिसराइड्स का स्तर बढ़ता नहीं है। जिससे कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है।

### उंगलियों की सूजन को करें कम

सर्दियों के दिनों जिन लोगों की उंगलियां सूज जाती है उनके लिए मटर काफी लाभदायक सिद्ध होता है। मटर के काढ़े के अंदर उंगलियां डुबोने से सूजन कम हो जाती है।

### रखें जवां

मटर खाने से आपकी त्वचा लंबे समय के लिए जवान रहती है। इसमें फ्लैवानॉइड्स, फाइटोन्यूटिंस, कैरोटिन जैसे एंटी ऑक्सीडेंट होते हैं।

### याददाश्त बढ़ाएं

मटर का सेवन करने से याददाश्त बढ़ती है और यह फेफड़ों संबंधी बीमारियों को भी दूर करती है।

### हड्डियों को रखें मजबूत

मटर में विटामिन होता है जो की हड्डियों के लिए फायदेमंद होता है। यह ऑस्टियोपोरोसिस के मरीजों के लिए असरदार होती है।


### चेहरे की झाइयों को करें कम



मटर सेहत के लिए तो लाभदायक है ही साथ ही साथ सौंदर्य के लिए भी असरदार साबित होती है। मटर के आटे का उबटन चेहरे पर लगाने से चेहरे की झाइयां कम होती है।

# टॉन्सिल की दिक्कत से जुड़ी हुई हैं ये समस्याएं भी

**टॉन्सिल होने पर गले के दोनों ओर सूजन आ जाती है। शुरुआत में मुंह के अंदर गले के दोनों ओर दर्द महसूस होता है और बार-बार बुखार भी आता है। टॉन्सिल्स सामान्य से ज्यादा लाल हो जाते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि टॉन्सिल के कारण आपको कई अन्य तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। कुछ ऐसी ही समस्याओं पर एक नजर-**



### मुंह से बदबू आना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के अनुसार, दुनिया की आधी आबादी मुंह की सफाई न करने के कारण मुंह की बदबू से ग्रस्त हैं। लेकिन टॉन्सिल की समस्या होने पर भी सांसों से बदबू आने लगती है। टॉन्सिल ग्लैंड दरारों से भरा होता है जहां बैक्टीरिया और डेड सेल्स अटक जाते हैं और इनके कारण मुंह से बदबू आने लगती है।

### खर्राटों की समस्या

गले में बढ़े हुए टॉन्सिल के कारण आपको खर्राटों की समस्या हो सकती है। अमेरिकन अकादमी ऑफ ओटालर्यनॉलजी के अनुसार, बढ़े हुए टॉन्सिल से खर्राटों की समस्या हो सकती है। जब बार-बार होने वाले संक्रमण के कारण टॉन्सिल का आकार बढ़ने लगता है तो गले में हवा के बहाव में रुकावट आने लगती है। जिससे खर्राटे की समस्या होती है।

### साइनस इन्फेक्शन

बढ़े हुए टॉन्सिल से बार-बार साइनस और कान में इन्फेक्शन की समस्या हो सकती है। ऐसा नाक और कान को जोड़ने वाली नली बंद हो जाने से होता है और कान के पर्दे के पीछे पानी जमा हो जाता है। कभी-कभी कान से पस बाहर आने लगता है। इससे सुनने की क्षमता कम होने लगती है।

### सिरदर्द की समस्या

बढ़े हुए टॉन्सिल के कारण सोते समय सांस लेने में भी परेशानी होती है। नींद में इस तरह का खलल आने से ब्रेन तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाती और इसकी कमी से रक्त-वाहिनियों का आकार बढ़ जाता है और सिरदर्द होने लगता है।

# प्लास्टिक के डिब्बों को साफ करने के लिए आजमाएं ये तरीके

**आज के समय में ज्यादातर लोग स्टील और एल्युमिनियम के डिब्बों की जगह प्लास्टिक के डिब्बों का इस्तेमाल करना पसंद करते हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ये डिब्बे काफी हल्के होते हैं और इनके टूटने का डर भी नहीं होता। आजकल बाजार में ऐसे कंटेनर भी आ गए हैं जिन्हें माइक्रोवेव में भी रखा जा सकता है। इनमें खाना फ्रेश बना रहता है और साथ ही यह देखने में काफी आकर्षक भी होते हैं। हालांकि प्लास्टिक के कंटेनर का इस्तेमाल बहुत लंबे समय तक नहीं करना चाहिए साथ ही इनकी सफाई का भी पूरा ख्याल रखना चाहिए, वरना ये नुकसानदेह हो सकते हैं।**

कई बार प्लास्टिक के डिब्बों को अच्छे से साफ न करने पर उनमें से बदबू आने लगती है और चिकनाहट बनी रह जाती है। ऐसे में यह जरूरी है कि आपको इन्हें साफ करने का सही तरीका पता हो-

### 1. बदबू दूर करने के लिए

अगर आपके प्लास्टिक के बॉक्स से बदबू आ रही है तो यह घरेलू उपाय आपके लिए उपयोगी रहेगा। एक बाल्टी गर्म पानी ले लें और उसमें तीन चम्मच बेकिंग सोडा डाल दें। प्लास्टिक के इन बॉक्स को बाल्टी में डाल दें। कुछ देर बाद इन्हें निकालकर साफ करें। आप चाहें तो बाल्टी के इस पानी में नींबू का रस और सिरका भी मिला सकते हैं।

### 2. जिद्दी दाग

अगर आपके प्लास्टिक के डिब्बों पर जिद्दी दाग हैं तो उन्हें साफ करने के लिए क्लोरीन ब्लीच का इस्तेमाल करना सबसे अच्छा रहेगा। दाग लगे डिब्बों को ब्लीच के इस मिश्रण में डालें। कुछ देर बाद इन्हें निकालकर साबुन से धो लें। दाग दूर हो जाएंगे।

### 3. रख-रखाव

अगर आप नहीं चाहते कि प्लास्टिक के डिब्बों से बदबू आए तो एक बात का ख्याल हमेशा रखें कि इनमें लंबे समय तक खाना न रखें। साथ ही हर कंटेनर माइक्रोवेव फ्रेंडली हो, यह जरूरी नहीं। ऐसे में बिना जांचें इन्हें माइक्रोवेव में न रखें।



# सर्दियों में त्वचा को यूं बनाएं खूबसूरत !



**बदलते मौसम के साथ ही स्किन की खास देखभाल करना और भी जरूरी हो जाता है. स्किन में निखार लाने के लिए क्रीम और सीरम लगाने के अलावा कुछ ऐसे इंग्रेडीएंट्स भी हैं जो आपकी त्वचा को चमकदार और खूबसूरत बना सकते हैं. काया लिमिटेड की प्रमुख मेडिकल सर्विसेज एंड आर एंड डी संगीता वेलासकर ने अपनी खूबसूरती को लेकर विशेष रूप से सजग रहने वाली महिलाओं के लिए कुछ सुझाव दिए हैं.**

कोलेजन हमारी कोशिकाओं से निकलने वाले प्रोटीन हैं जो त्वचा को एक साथ जकड़ कर रखने में मददगार होता है. कोलेजन त्वचा में कसाव लाकर जवां लुक देता है. जब हम युवा होते हैं तो हमारी त्वचा मोटी और कोमल होती है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ कोलेजन बनना कम हो जाता है, जिसके चलते झुर्रियां पड़ने लगती है और जो कोलेजन मौजूद होते हैं वह भी सूर्य की हानिकारक किरणों के कारण नष्ट हो जाते हैं, इसलिए कोलेजन युक्त उत्पादों का इस्तेमाल करें. इससे आपकी त्वचा में कसाव और चमक आएगी और झुर्रियां और महीन रेखाएं खत्म हो जाएंगी.एसेटिल हेक्सेपेप्टाइड-8 एक प्रकार से न्यूरोपेप्टाइड होता है, जिसका इस्तेमाल मांसपेशियों को आराम देने के लिए किया जाता है.

यह झुर्रियां और महीन रेखाएं भी दूर करता है, इसलिए एसेटिल हेक्सेपेप्टाइड-8 युक्त सौंदर्य उत्पाद का इस्तेमाल करें.शरीर में कोलेजन बनना कम होने से झुर्रियां पड़ने लगती है, जबकि अत्यधिक कोलेजन से त्वचा ढीली होने लगती है.

ऐसे में हायलारोनिक युक्त उत्पाद का प्रयोग त्वचा में एसिड कोलोजन के स्तर को उचित मात्रा में बनाए रखता है और त्वचा में नमी बरकरार रखता है. इससे आपकी त्वचा जवां नजर आती है.ग्लाइकोलिक एसिड गन्ने के रस से निकलता है. यह अल्फा हायड्रॉक्सी समूह के सबसे छोटे अणुओं में से एक है. यह त्वचा में गहराई से समाकर प्रभावकारी असर दिखाता है, ग्लाइकोलिक एसिड युक्त उत्पाद के इस्तेमाल से काले धब्बे, मुंहासे, डलनेस, ऑयलीनेस दूर होता है और आपकी त्वचा पहले से ज्यादा जवां और निखरी नजर आती है.


# इस छोटी सी ट्रिक से मिलेगा अनचाहे बालों से छुटकारा

**यूं तो महिलाएं बॉडी के अनचाहे बालों से परेशान रहती ही हैं लेकिन सबसे ज्यादा उन्हें परेशानी होती है चेहरे पर आने वाले अनचाहे बालों से. लेकिन अब परेशान होने की जरूरत नहीं. आप आसानी से चेहरे के अनचाहे बालों को हमेशा के लिए अलविदा कह सकती हैं. लेकिन इसके लिए अपनानी होगी ये ट्रिक.**

सबसे पहले आप 1 टेबल स्पून ओटमील पेस्ट लें. 2 टेबल स्पून शहद लें और 2 टेबल स्पून नींबू का रस लें.

इन सभी को मिलाकर पेस्ट बना लें. इस पेस्ट को चेहरे के उन हिस्सों पर लगाएं जहां आप अनचाहे बालों को हटाना चाहते हैं.

इस पेस्ट को चेहरे पर 15 मिनट तक लगा रहने दें.15 मिनट बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरा धो लें.उसके बाद चेहरे पर मॉश्चराइजर लगाएं.इस नुस्खे को सप्ताह में दो से तीन बार अपनाएं. एक महीने बाद आप खुद देखेंगे अनचाहे बाल आने बंद हो गए हैं.



मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**